

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 124 | मंगलवार, 16 जून 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण प्रतिपदा विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया


## संक्षिप्त समाचार

### शक के चलते प्रेमी ने युवती का गला रेता

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में सिक्किम की रहने वाली एक युवती की उसके प्रेमी ने रविवार सुबह हत्या कर दी। मृतक युवती की पहचान अति हंगमा सुब्बा के तौर पर हुई है, जो एक सैलून में काम करती थी। आरोपी दार्जिलिंग का रहने वाला पूर्वा लेपचा है, जो एक होटल में वेटर का काम करता था। यह करीब एक महीने पहले बेंगलुरु आया था। वे डोड्डाकन्नाहल्ली में साथ रह रहे थे। आरोपी को शक था कि युवती का किसी और व्यक्ति के साथ संबंध है।

### भारत में घुसपैठ कर रहे 21 लोगों को रोका गया

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि राज्य पुलिस और सीमा सुरक्षा बल ने भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे 21 अवैध प्रवासियों को रोक दिया। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "असम पुलिस और बीएसएफ के उत्कृष्ट संयुक्त प्रयास से 21 घुसपैठियों की शीघ्र पहचान कर उन्हें भारत में प्रवेश करने से रोक दिया गया।"

### पांच दिन मप्र में रहेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**भोपाल।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 18 जून से 22 जून तक मध्यप्रदेश के प्रवास पर रहेंगी। इन पांच दिनों में वे बैतूल, खंडवा, जबलपुर और श्योपुर का प्रवास करेंगी और स्थानीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होकर स्थानीय लोगों से भेंट भी करेंगी। राष्ट्रपति के प्रस्तावित प्रवास को लेकर चारों जिलों में प्रशासनिक तैयारियां शुरू हो गई हैं। सभी कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और राज्यपाल मंगुभाई पटेल भी राष्ट्रपति के साथ शामिल होंगे।

### दाना-पानी के लिए भी मोहताज बनेगा पाकिस्तान : राजनाथ

**आगरा।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह रविवार को आगरा के प्रवास पर थे। यहां उन्होंने शमशाबाद कस्बा में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया और महाराणा प्रताप को हिंदुस्तान का अद्वितीय संघर्ष का प्रतीक बताया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि महारणा प्रताप के जीवन से शिक्षा मिलती है कि आजादी की कोई कीमत नहीं हुआ करती, देश और देश के लोगों के आत्मसम्मान से बढ़कर कुछ नहीं हो सकता। उसी सोच के साथ भाजपा ने पिछले 12 वर्षों में भारत के गौरव को बढ़ाने के लिए कार्य किया है। उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि वह अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आया, तो उसे भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

# जयपुर में प्रदर्शन के दौरान कॉकरोच जनता पार्टी संस्थापक अभिजीत डिपके को जड़ा थप्पड़

## बेरोजगारी, पेपर लीक और परीक्षा अनियमितताओं के खिलाफ जुटी थी भीड़

» युवाओं के विरोध प्रदर्शन में हंगामा

» पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया

■ जयपुर

राजस्थान की राजधानी जयपुर में सोमवार को उस समय माहौल अचानक तनावपूर्ण हो गया जब कॉकरोच जनता पार्टी (उखढ) के संस्थापक अभिजीत डिपके को एक विरोध प्रदर्शन के दौरान कुछ युवकों ने कथित तौर पर थप्पड़ मार दिया। घटना उस समय हुई जब डिपके अपने समर्थकों के कंधों पर सवार होकर प्रदर्शन स्थल पर पहुंच रहे थे। घटना के बाद उनके समर्थकों और आरोपित युवकों के बीच हाथापाई हो गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए स्थिति को नियंत्रित किया और दो युवकों को हिरासत में ले लिया। यह प्रदर्शन युवाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों, विशेष रूप से कथित परीक्षा पेपर लीक, भर्ती प्रक्रियाओं में अनियमितताओं और बढ़ती बेरोजगारी के विरोध में आयोजित किया गया था। बड़ी संख्या में युवा इस आंदोलन में शामिल हुए और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसी दौरान कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत डिपके कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। उनके समर्थक उन्हें कंधों पर बैठाकर भीड़ के बीच से मंच की ओर ले जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही वे भीड़ के बीच पहुंचे, कुछ युवकों ने अचानक उन पर हाथ उठा दिया और कथित तौर पर थप्पड़ मार दिया। घटना इतनी तेजी से हुई कि कुछ क्षणों के लिए वहां मौजूद लोग समझ ही नहीं पाए कि आखिर हुआ क्या है। इसके बाद डिपके के समर्थक आक्रोशित हो गए और आरोपित युवकों को पकड़ लिया। स्थिति को बिगड़ता देख मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने हस्तक्षेप किया। पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग किया और भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास किया। अधिकारियों के अनुसार, यदि समय रहते पुलिस कार्रवाई नहीं करती तो स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती थी। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो युवकों को हिरासत में लिया। अधिकारियों का कहना है कि दोनों से पूछताछ की जा रही है और घटना के पीछे के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि यह घटना पूर्व नियोजित थी या फिर अचानक हुई प्रतिक्रिया का परिणाम थी। प्रदर्शन स्थल पर मौजूद लोगों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं तथा उपलब्ध वीडियो फुटेज की जांच की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि मामले में आगे की कार्रवाई जांच के निष्कर्षों के आधार पर की जाएगी। प्रदर्शन में शामिल युवाओं का कहना था कि सरकार को परीक्षा प्रणाली को अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।



### युवाओं के मुद्दों को लेकर आयोजित था प्रदर्शन

कॉकरोच जनता पार्टी द्वारा आयोजित यह प्रदर्शन युवाओं की समस्याओं को लेकर केंद्रित था। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि देशभर में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे मेहनती छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। युवाओं ने आरोप लगाया कि भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता की कमी है और कई परीक्षाओं के परिणाम लंबे समय तक लंबित रहते हैं। इससे लाखों अभ्यर्थियों के सामने रोजगार और करियर का संकट खड़ा हो जाता है।

### समर्थकों और युवकों में हुई हाथापाई

थप्पड़ मारने की घटना के तुरंत बाद डिपके के समर्थकों और आरोपित युवकों के बीच तीखी झड़प शुरू हो गई। दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की और मारपीट की स्थिति बन गई। प्रदर्शन स्थल पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और कुछ देर के लिए कार्यक्रम बाधित हो गया।

### प्रदर्शन के बीच हुई घटना

जानकारी के अनुसार, जयपुर के शहीद स्मारक पर आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में सुबह से ही बड़ी संख्या में युवा जुटने लगे थे। प्रदर्शनकारियों के हाथों में भ्रष्टाचार, पेपर लीक और बेरोजगारी के खिलाफ लिखे हुए पोस्टर और बैनर थे। माहौल पूरी तरह आंदोलनकारी था और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मंच से अपनी बातें रख रहे थे।

### एलएनजी टैंकर 'दिशा' ने होर्मुज किया पार

# देश में ईंधन का पर्याप्त भंडार मौजूद, न घबराएं: पेट्रोलियम मंत्रालय

### 62,370 मीट्रिक टन एलएनजी लेकर होर्मुज पार हुआ पोत

वहीं, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के निदेशक ओपेश कुमार शर्मा ने बताया कि एलएनजी वाहक पोत दिशा 62,370 मीट्रिक टन एलएनजी कार्गो लेकर होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित रूप से पार कर चुका है। यह पोत 18 जून को गुजरात के दहेज पहुंचने की उम्मीद है। पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय विदेश मंत्रालय, विदेशों में भारतीय मिशनों, शिपिंग कंपनियों तथा अन्य संबंधित हितधारकों के साथ निरंतर समन्वय बनाए हुए है।

■ नई दिल्ली

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी (रसोई गैस) की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य और स्थिर बनी हुई है। सरकार ने लोगों से किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न देने और जरूरत से ज्यादा ईंधन खरीदने से बचने की अपील की है। मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि देश की सभी रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार भी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की सप्लाई में किसी तरह की कमी नहीं है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।



### पेट्रोल पंपों पर ईंधन की बिक्री बढ़ने की क्या है वजह?

सुजाता शर्मा ने बताया कि हाल के दिनों में कुछ पेट्रोल पंपों पर ईंधन की बिक्री सामान्य से ज्यादा देखी गई है। हालांकि इसका कारण किसी तरह की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि कई औद्योगिक, संस्थागत, वाणिज्यिक और प्रत्यक्ष उपभोक्ता अब अपनी ईंधन जरूरतों के लिए सीधे सप्लाई चैनल की बजाय खुदरा पेट्रोल पंपों से खरीदारी कर रहे हैं। इसी वजह से कुछ रिटेल आउटलेट्स पर बिक्री के आंकड़े बढ़े हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश में ईंधन की उपलब्धता पर्याप्त है और आम लोगों को पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कमी को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है। सरकार और तेल कंपनियां आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए लगातार काम कर रही हैं।

# टीएमसी में बड़ी टूट : 20 बागी सांसदों ने बनाई नई पार्टी, राजग को दिया समर्थन



■ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के 20 बागी सांसदों ने अलग होकर नई राजनीतिक पार्टी नेशनलिस्ट सिटिजन पार्टी के गठन की घोषणा की है। बागी सांसदों की ओर से सांसद काकोली घोष दस्तिदार ने कहा कि सभी 20 सांसद लोकसभा अध्यक्ष से मिलकर अपने संसदीय समूह के विलय और मान्यता संबंधी प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं।

काकोली घोष ने दावा किया कि स्पीकर उनके प्रस्तावित विलय को स्वीकार कर रहे हैं और संसदीय नियमों के अनुरूप आवश्यक प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। उन्होंने कहा कि नई पार्टी का नाम नेशनलिस्ट सिटिजन पार्टी रखा गया है और यह समूह आगे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के साथ मिलकर काम करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी राजनीतिक लड़ाई किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि संगठन के भीतर लोकतांत्रिक संवाद और कार्यप्रणाली को लेकर है। बागी सांसदों का आरोप है कि पार्टी में लंबे समय से आंतरिक असंतोष की अनदेखी की जा रही थी, जिसके कारण उन्हें अलग रास्ता अपनाने का निर्णय लेना पड़ा।

### बंगाल की राजनीति पर असर

यदि 20 सांसदों का यह दावा संसदीय प्रक्रिया में औपचारिक रूप से मान्य हो जाता है, तो यह टीएमसी के लिए बड़ा झटका माना जाएगा। लोकसभा में पार्टी की संख्या और विपक्षी राजनीति में उसकी भूमिका पर इसका सीधा प्रभाव पड़ सकता है। साथ ही, अगले विधानसभा चुनावों से पहले यह घटनाक्रम पश्चिम बंगाल की राजनीति में नए समीकरण पैदा कर सकता है। एनडीए के साथ जाने की घोषणा से नई पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक आधार मिल सकता है, जबकि टीएमसी नेतृत्व के सामने संगठनात्मक एकता बनाए रखने की चुनौती और बढ़ेगी। अब सभी की नजर लोकसभा अध्यक्ष के फैसले और संसदीय प्रक्रिया पर टिकी है। यदि सांसदों की संख्या दल-बदल कानून के तहत आवश्यक मानदंडों को पूरा करती है और विलय को मान्यता मिलती है, तो संसद में एक नए राजनीतिक दल का औपचारिक उदय हो सकता है। हालांकि, इस घटनाक्रम पर अभी तक ममता बनर्जी या टीएमसी नेतृत्व की ओर से कोई विस्तृत आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### विधायकों के फर्जी हस्ताक्षर का मामला

# सीआईडी के सामने पेश हुए अभिषेक बनर्जी

■ कोलकाता

फर्जी हस्ताक्षर मामले में लोकसभा सांसद और तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी रविवार को पूछताछ के लिए एक बार फिर पश्चिम बंगाल पुलिस के सीआईडी मुख्यालय पहुंचे। सीआईडी ने अभिषेक बनर्जी को दोपहर 12 बजे तक उपस्थित होने को कहा था। हालांकि, तृणमूल सांसद निर्धारित समय से पहले ही सीआईडी कार्यालय पहुंच गए।



कलकत्ता उच्च न्यायालय ने इस मामले में राज्य पुलिस की खुफिया शाखा की जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया था। अदालत ने यह भी कहा था कि अगले दो सप्ताह तक सीआईडी उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगी। इससे पहले अभिषेक बनर्जी 11 जून को भी हस्ताक्षर जालसाजी मामले में पूछताछ के लिए सीआईडी कार्यालय पहुंचे थे। उस दिन उनसे करीब साढ़े पांच घंटे तक पूछताछ की गई थी। पूछताछ के बाद वह रात में कालीघाट स्थित ममता बनर्जी के आवास गए थे।

### झारखंड में बिजली गिरने से आठ लोगों की मौत

**रांची।** झारखंड में कुदरत का खौफनाक रूप देखने को मिला है। यहां पिछले 24 घंटों के भीतर सूबे के अलग-अलग जिलों में आकाशीय बिजली गिरने से कम से कम आठ लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। मृतक आठ लोगों में तीन महिलाएं और दो मासूम बच्चे भी शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार आकाशीय बिजली गिरने की सबसे ज्यादा मार रांची और गढ़वा जिलों पर पड़ी है, जहां दो-दो लोगों की जान गई है।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से शुरू हुई उड़ानें

» लखनऊ के लिए रवाना हुई पहली फ्लाइट

» जेवर एयरपोर्ट ने भरी विकास की उड़ान

» भूमि देने वाले 170 किसानों ने किया ऐतिहासिक प्रथम सफर

» पश्चिमी उत्तर प्रदेश को मिलेगा नया हवाई द्वार

जेवर (गौतमबुद्धनगर)

उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के लिए सोमवार का दिन ऐतिहासिक साबित हुआ, जब नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर एयरपोर्ट) से व्यावसायिक उड़ान सेवाओं का औपचारिक शुभारंभ हुआ। लखनऊ से इंडिगो की पहली निर्धारित उड़ान सुबह 7:58 बजे जेवर एयरपोर्ट पर उतरी, जिसके साथ ही देश के सबसे महत्वाकांक्षी ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा परियोजनाओं में से एक का संचालन शुरू हो गया। इसके कुछ ही मिनट बाद लखनऊ के लिए पहली उड़ान रवाना हुई, जिसमें भूमि अधिग्रहण के लिए अपनी जमीन देने वाले किसानों और उनके परिजनों को विशेष रूप से शामिल किया गया। पहली उड़ान सुबह लगभग 8:19 बजे लखनऊ के लिए रवाना हुई। इस विशेष उड़ान में करीब 170 किसान, जिनमें 20 महिलाएं भी शामिल थीं, सवार हुए। ये वे किसान हैं जिनकी पुश्तैनी भूमि एयरपोर्ट निर्माण के लिए अधिग्रहित की गई थी।




### लखनऊ से पहुंची पहली उड़ान

एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार इंडिगो की फ्लाइट 6ए-2278 सुबह 7:12 बजे लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से रवाना हुई और 7:58 बजे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतरी। यह विमान आगे बेंगलुरु के लिए रवाना हुआ। पहली उड़ान के आगमन के साथ ही एयरपोर्ट परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। यह उड़ान केवल एक विमान की लैंडिंग नहीं थी, बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आर्थिक और आधारभूत संरचना के विकास की नई शुरूआत का प्रतीक बनी।

### बड़ा खुलासा : वैश्विक स्तर पर हथियारों और सैन्य सुरक्षा पर नजर रखने वाली संस्था 'सिपरी' की रिपोर्ट

# भारत ने पाक की परमाणु ब्लैकमेलिंग की नीति को ध्वस्त किया

■ ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय हमलों में पाकिस्तान को हुआ बड़ा नुकसान

■ नई दिल्ली

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) यानी सिपरी की जून 2026 में जारी नई रिपोर्ट ने दक्षिण एशिया की रणनीतिक सुरक्षा में एक ऐतिहासिक बदलाव को उजागर किया है। मई 2025 में हुए भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के उस परमाणु सुरक्षा कवच के भ्रम को तोड़ दिया है जिसके पीछे वह दशकों से छिपता आया था। इस सैन्य अभियान के दौरान भारतीय वायु सेना और सेना ने सीधे पाकिस्तान के उन चुनिंदा एयरबेस और मिसाइल ठिकानों को निशाना बनाया, जो उसके परमाणु हथियारों के बुनियादी ढांचे से जुड़े माने जाते हैं। वैश्विक स्तर पर हथियारों और सैन्य सुरक्षा पर नजर रखने वाली संस्था सिपरी की इस आधिकारिक पुष्टि ने यह साफ कर दिया है कि भारत ने पाकिस्तान की परमाणु ब्लैकमेलिंग की नीति को हमेशा के लिए ध्वस्त कर दिया है।

मई 2025 में पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में शुरू किए गए भारत के ऑपरेशन सिंदूर को दशकों का सबसे बड़ा सैन्य टकराव माना गया है। सिपरी की 'इयरबुक 2026' में यह बात रिकॉर्ड पर लाई गई है कि भारत ने इस ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान के उन एयर और मिसाइल बेसों पर सटीक हमले किए, जिनके पास परमाणु अभियान चलाने की जिम्मेदारी थी। इसमें पाकिस्तान के कुख्यात किराना पहाड़ी क्षेत्र को भी निशाना बनाया गया, जिसके बारे में माना जाता है कि वहां पाकिस्तान के गुप्त परमाणु हथियार और मिसाइल सुविधाएं मौजूद हैं। भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के रणनीतिक नूर खान एयरबेस को भी निशाना बनाया, जो पाकिस्तान का मुख्य परमाणु कमांड और कंट्रोल सेंटर माना जाता है। पाकिस्तान हमेशा से यह दावा करता रहा है कि भारत की किसी भी बड़ी सैन्य कार्रवाई के जवाब में वह परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है।



### परमाणु हथियारों की होड़ में भारत आगे

सिपरी की रिपोर्ट में केवल सैन्य टकराव ही नहीं, बल्कि दोनों देशों के परमाणु हथियारों की संख्या के ताजा आंकड़े भी जारी किए गए हैं। जनवरी 2026 तक के आंकड़ों के अनुसार, भारत का परमाणु हथियारों का भंडार अब बढ़कर 190 वॉरहेड्स तक पहुंच गया है, जबकि इसके मुकाबले पाकिस्तान के पास 170 परमाणु हथियार हैं। भारत ने अपने परमाणु आधुनिकीकरण कार्यक्रम को चीन और पाकिस्तान दोनों की सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए तेज किया है, जिसके कारण पिछले एक साल में भारत के बेड़े में 10 नए परमाणु हथियार शामिल हुए हैं। हथियारों की संख्या में बढ़त ने भारत की रणनीतिक स्थिति को क्षेत्र में और अधिक मजबूत बना दिया है।

### राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बंद किया 'इमरजेंसी अलर्ट सिस्टम'

# अब अचानक वाइब्रेट नहीं होगा आपका फोन

■ आपदा के वक्त जब सामान्य संचार माध्यम ठप हो जाते हैं तब सबसे ज्यादा कारगर होता है यह सिस्टम

■ नई दिल्ली

देशभर में मोबाइल फोन पर इमरजेंसी अलर्ट भेजने वाली सेल ब्रॉडकास्ट सेवा को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण यानी

(एनडीएमए) की राज्यों को भेजी एडवाइजरी में यह फैसला सामने आया है। केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सूत्रों ने बताया है कि उन्हें एनडीएमए की तरफ से पत्र में अलर्ट के इस्तेमाल को रोकने को कहा गया है।




सेवा बंद करने की वजह अभी तक आधिकारिक तौर पर नहीं बताई गई है, हालांकि संकेत दिए गए हैं कि संबंधित एजेंसियों के साथ मिलकर तकनीकी और परिचालन समीक्षा चल रही है। जब समीक्षा पूरी होगी और एनडीएमए की तरफ से नए निर्देश मिलेंगे तभी सेवा बहाल होगी।


### क्या है सेल ब्रॉडकास्ट सिस्टम?

सेल ब्रॉडकास्ट सिस्टम एक पब्लिक वार्निंग प्लेटफॉर्म है जो किसी खास भौगोलिक क्षेत्र में मौजूद सभी मोबाइल यूजर्स को एक साथ इमरजेंसी अलर्ट भेजता है। इस सिस्टम की खासियत यह है कि इसे इंटरनेट की जरूरत नहीं होती और नेटवर्क पर ज्यादा लोड होने पर भी यह काम करता रहता है। आपदा के वक्त जब सामान्य संचार माध्यम ठप हो जाते हैं तब यह सिस्टम सबसे ज्यादा कारगर होता है। अलर्ट मोबाइल स्क्रीन पर तेज आवाज के साथ पॉप-अप नोटिफिकेशन के रूप में आता है। कुछ डिवाइस पर यह अलर्ट जोर से पढ़कर भी सुनाया जाता है।


# अस्पताल के अंदर स्टाफ की स्कूटी चार्ज, बाहर बनी क्रिकेट पिच, चोरी और मच्छरों से मरीज परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय









**बरेली।** शहर का 300 बेड अस्पताल इन दिनों मरीजों के इलाज से पहले खुद गंभीर अव्यवस्थाओं से जूझता नजर आ रहा है। अचानक अस्पताल पहुंचने पर देखा गया कि अस्पताल परिसर के अंदर ही स्टाफ की स्कूटी चार्ज की जा रही थी। जब इस लापरवाही की कवरेज की गई तो मौके पर मौजूद मोहम्मद आसिफ नाराज हो गए और फोटोग्राफी से मना करने लगे। पूछने पर उन्होंने खुद को सब कुछ बताते हुए कहा कि बिना अनुमति फोटो नहीं ली जा सकती। सीएमएस से बात कराने की बात कही गई तो उन्होंने यह कहकर इंकार कर दिया कि उनके पास नंबर नहीं है।

अस्पताल से बाहर निकलने पर हालात और भी चिंताजनक नजर आए। अस्पताल परिसर को लोगों ने क्रिकेट की पिच में तब्दील कर रखा था, जहां खुलेआम बल्ला-गेंद से खेल चल रहा था। इस गंभीर लापरवाही की जानकारी देने व वर्जन लेने के लिए सीएमओ विश्राम सिंह को कई बार फोन किया गया, लेकिन न तो उन्होंने कॉल रिसीव की और न ही कोई जवाब दिया। शायद व अपने नाम की तरह विश्राम में व्यस्त थे इसी तरह एसीएमओ अमित कुमार से संपर्क करने का प्रयास भी बेनतीजा रहा। प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के भी निर्देश है कि हर अधिकारी कॉल रिसीव जरूर करें जिससे कि जनता के बीच तालमेल बना रहे और कमीओं को दूर किया जा सके परन्तु मिडिया कर्मिओ का फोन नहीं उठना और कोई रिप्लाय नहीं आना दुर्भाग्यपूर्ण है।

इतना ही नहीं कहीं अधिकारी तो ऐसे हैं जिन्होंने व्हाट्सएप पर भी प्राइवेसी लगा रखी है अगर कोई मैसेज भेजो तो डबल टिक तो होता है परंतु रीड का नीला मार्ग नहीं बन कर आता जिससे कि मैसेज भेजने वाला दूसरा व्यक्ति कश्मक्श में की अभी मैसेज रिड ही नहीं हुआ। अस्पताल में मौजूद एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि तीन माह पहले विक्की नामक सफाई कर्मचारी की स्प्लेंडर बाइक चोरी हो चुकी है। इसके अलावा पिछले रविवार को बाथरूम के ताले तोड़कर पानी की टंकियां तक चोरी कर ली गईं। कुछ समय पहले चोरी करते हुए दो लोगों को पकड़ा गया था, लेकिन वे मेंटल अस्पताल के एक कर्मचारी के परिजन निकले, जिस कारण उन्हें छोड़ दिया गया।

कर्मचारी ने यह भी बताया कि पीछे की खिड़कियां तोड़कर और आगे की खिड़कियां धक्का देकर आसानी से खोल ली जाती हैं, जिससे लगातार चोरी हो रही है। अस्पताल परिसर में झाड़ियां जंगल का रूप ले चुकी हैं, मच्छरों की भरमार है। हालत यह है कि इलाज कराने आने वाला मरीज डेंगू और मलेरिया के खतरे के बीच अस्पताल से लौटने को मजबूर है। ऐसे में 300 बेड अस्पताल को मरीजों से पहले खुद सख्त निगरानी और तत्काल सुधार की जरूरत है।

## सार संक्षेप

### पेड़ से लटका मिला पत्नी से कहासुनी के बाद घर से निकले युवक का शव



**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र में रविवार रात उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक युवक का शव गांव से कुछ दूरी पर जंगल में पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान 28 वर्षीय रंजीत वाल्मीकि के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में पुलिस इसे आत्महत्या का मामला मान रही है, हालांकि सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। रंजीत वाल्मीकि चनहेटा गांव का रहने वाला था और बरेली क्लब में संविदा कर्मचारी के रूप में कार्यरत था। उसने वर्ष 2020 में दीपा से प्रेम विवाह किया था। दंपती के दो छोटे बेटे हैं—छह वर्षीय लड्डू और चार वर्षीय मटरू। अचानक हुई इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और दोनों मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि शनिवार रात करीब नौ बजे रंजीत और उसकी पत्नी दीपा के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। आरोप-प्रत्यारोप के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि दीपा दोनों बच्चों को लेकर मायके चली गई। इसके बाद रंजीत भी गुस्से में घर से निकल गया था। रविवार रात पचपेड़ा लाइन के पास जंगल में ग्रामीणों ने एक युवक का शव पेड़ से लटका देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची कैंट थाना पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल से मृतक का मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है। कैंट थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और मोबाइल की जांच के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है और मामले की हर पहलू से जांच जारी है।

### ग्राम रोजगार सेवकों की 10 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन, नियमितीकरण की उठी जोरदार मांग




**बरेली।** उत्तर प्रदेश में मनरेगा योजना के अंतर्गत कार्यरत ग्राम रोजगार सेवकों ने अपनी लंबित समस्याओं और 10 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 2006 से ग्राम रोजगार सेवक प्रदेश की ग्राम पंचायतों में निरंतर संविदा पर कार्य कर रहे हैं, लेकिन आज तक उन्हें राज्य कर्मचारी का दर्जा नहीं मिल सका है। ग्राम रोजगार सेवकों ने कहा कि मनरेगा के साथ-साथ वे ग्राम पंचायत स्तर पर सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाते हैं, फिर भी जॉब चार्ट में केवल मनरेगा कार्य शामिल होने से उनके योगदान की अनदेखी हो रही है। उन्होंने जॉब चार्ट में अन्य विभागीय कार्य जोड़ने और सहायक सचिव/ग्राम विकास सहायक का पद सृजित कर समायोजन की मांग की। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि वर्तमान में 10,000 प्रतिमाह मानदेय अत्यंत कम है, जबकि अन्य राज्यों में समान कार्य के लिए बेहतर वेतन दिया जा रहा है। ग्राम रोजगार सेवकों ने न्यूनतम 24,000 मानदेय, समय से भुगतान, ईपीएफ, चिकित्सा सुविधा, अवकाश और स्थानांतरण नीति लागू करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो 1 जुलाई 2026 को लखनऊ में आंदोलन किया जाएगा।

# चाइनीज मांझे की चपेट में आकर गन्ना मंत्री के भतीजे की गर्दन कटी, गंभीर

## श्यामतगंज पुल पर स्कूटी से जाते वक़्त हुआ हादसा, आईसीयू में भर्ती

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** उत्तर प्रदेश सरकार के गन्ना मंत्री के भतीजे के साथ बड़ा हादसा हो गया। चाइनीज मांझे की चपेट में आने से उनकी गर्दन पर गंभीर चोट आई है। हालत नाजुक होने पर उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की टीम लगातार उपचार में जुटी हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही गन्ना मंत्री और परिवार के अन्य सदस्य अस्पताल पहुंचे।

बताया गया कि गन्ना मंत्री का भतीजा इलेक्ट्रिक स्कूटी से स्पोर्ट्स स्टेडियम की ओर जा रहा था। जैसे ही वह श्यामतगंज पुल पर पहुंचा, अचानक सड़क पर लटक रहे चाइनीज मांझे में उलझ गया। तेज धार वाले मांझे से गर्दन पर गहरी चोट लग गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस और परिजनों को सूचना दी और घायल को अस्पताल भिजवाया। घटना की सूचना मिलते ही गन्ना मंत्री स्वयं अस्पताल पहुंचे और चिकित्सकों से उपचार की स्थिति की जानकारी ली। डॉक्टरों के अनुसार चोट गंभीर है, इसलिए युवक को ICU में रखा गया है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में इलाज जारी है और हालत पर लगातार नजर रखी जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि श्यामतगंज पुल और स्टेडियम मार्ग पर चाइनीज मांझे से हादसों की घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी हैं। प्रतिबंध के बावजूद बाजार में इसकी अवैध बिक्री जारी है, जिससे राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों की जान जोखिम में पड़ रही है।

घटना की जानकारी पर बारादरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। आसपास के दुकानदारों से पूछताछ की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। हादसे के बाद एक बार फिर इस जानलेवा मांझे पर पूरी तरह रोक लगाने की मांग तेज हो गई है।

# बिजली चोरी पर कड़ा प्रहार, 52 पर एफआईआर, 91 लाख की वसूली

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** जिले में बिजली चोरी और बढ़ते लाइनलॉस पर लगाम लगाने के लिए बिजली विभाग ने सघन मॉर्निंग रेड और कांबिंग अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान 52 बिजली चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई, 367 बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए और मौके पर ही करीब 91 लाख रुपये की वसूली की गई। अभियान से शहर से लेकर गांव तक हड़कंप मच गया।

मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश के निर्देश पर सुबह तड़के शुरू हुई कार्रवाई में शहरी व ग्रामीण इलाकों को कवर किया गया। टीमों ने कटिया डालकर बिजली चोरी करने वालों को पकड़ा और कई स्थानों पर साक्ष्य के तौर पर वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई गई, जिसके आधार पर कानूनी प्रक्रिया शुरू हुई। लाइनलॉस कम करने और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शहरी क्षेत्रों में कॉमर्शियल व विजिलेंस टीमों ने संयुक्त कार्रवाई की, जबकि ग्रामीण इलाकों में एसडीओ और एक्सईएन के नेतृत्व में टीमें तैनात रहीं। कुल आठ टीमों ने एक साथ मोर्चा संभाला। किला उपकेंद्र के अंतर्गत बाकरगंज क्षेत्र में सबसे अधिक बिजली चोरी सामने आई, जहां छह घरों में सीधे कटिया डालकर चोरी पकड़ी गई। आंवला और बहेड़ी में भी 23 मामलों का खुलासा हुआ। विभाग ने चेतावनी दी कि अभियान आगे भी जारी रहेगा और बिजली चोरी करने वालों पर सख्ती और बढ़ेगी।

> **मॉर्निंग रेड में 367 बकायेदारों के कटे कनेक्शन, आठ टीमों ने संभाला मोर्चा**

### तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल को मारी टक्कर, युवक समेत तीन की मौत

बरेली। बरेली के हाफिजगंज थाना क्षेत्र में सेंथल-जादोपुर मार्ग पर सोमवार सुबह भीषण सड़क हादसे में युवक समेत तीन की मौत हो गई। तेज रफ्तार बाइक और साइकिल की टक्कर के बाद यह दुर्घटना हुई। मृतकों में बाइक सवार पुष्पेंद्र (22) और दो किशोर शामिल हैं। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के अनुसार, यह हादसा सेंथल पट्टी गांव में ब्रह्मदेव स्थल के पास हुआ। तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि बाइक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। बाइक सवार पुष्पेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। पुष्पेंद्र थाना भोजीपुरा क्षेत्र के टांडा इनायतुल्ला गांव का निवासी था। उसकी बहन पुष्पा ने बताया कि वह सोमवार सुबह अपनी दूसरी बहन कांती देवी के गांव परेवा करमियांन जा रहा था। रास्ते में हादसा हो गया।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जागरण मोर्चा

बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊर्जावान पत्रकार!

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊर्जावान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।

संपर्क सूत्र: 7579849555, 9627739857

मिलने का समय: दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक

कार्यालय का पता: सी-86, चन्दपुरी, प्रेम नगर (बी-बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।







# संदिग्ध परिस्थितियों में फास्ट फूड विक्रेता की मौत

## शव पोस्टमार्टम को भेजा, मौत के कारणों का खुलासा नहीं

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** थाना प्रेमनगर क्षेत्र के राजेंद्र नगर निवासी 32 वर्षीय रुपेश साहू पुत्र उमेश साहू की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल आत्मघाती कदम उठाने के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं।

परिजनों के अनुसार, रुपेश सुबह अपनी बुआ के गांव भूड़ा बिल्वा के पास वार्षिक शरबत वितरण कार्यक्रम में गया था। दोपहर करीब एक बजे घर लौटकर उसने भोजन किया और पत्नी से बच्चों को खाना खिलाने को कहा। इसके बाद वह बाहर के कमरे में आराम करने की बात कहकर चला गया। कुछ समय बाद परिजनों को अनहोनी का पता चला, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। बताया गया कि रुपेश फास्टफूड का व्यवसाय करता था। उसके परिवार में पत्नी सपना, एक पांच वर्षीय पुत्र और दूसरा डेढ़ वर्षीय पुत्र है।

परिजनों ने यह भी बताया कि छोटे बेटे को हाल ही में आवारा कुत्तों के काटने की घटना हुई थी, जिसकी शिकायत नगर निगम में पार्षद के माध्यम से की गई थी। इस घटना से परिवार पहले से ही मानसिक तनाव में था। रुपेश की मौत की सूचना मिलते ही पत्नी सपना का रो-रोकर बुरा हाल हो गया और वह कई बार बेहोश भी हुई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। मामले की जांच की जा रही है।

# बेसहारा महिला ने दबंग पड़ोसियों से जान का खतरा बताया, एसएसपी से लगाई गुहार

जागरण मोर्चा कार्यालय



> **मारपीट, गाली-गलौज और बच्चों को जान से मारने की धमकी का आरोप, थाने में शिकायत के बाद भी कार्रवाई न होने की पीड़ा**

**बरेली।** थाना सीबीगंज क्षेत्र के ग्राम पस्तौर निवासी एक बेसहारा महिला ने पड़ोसियों से जान का खतरा बताते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़िता सरिता पाठक पत्नी स्व. चन्द्र प्रकाश पाठक ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि वह निजी फैक्ट्री में मजदूरी कर अपने और अपने बच्चों का पालन-पोषण कर रही है, लेकिन पड़ोस में रहने वाली महिला मीना और उसका पुत्र प्रदीप आए दिन उससे झगड़ा करते रहते हैं। पीड़िता के अनुसार 11 जून की सुबह करीब आठ बजे उसके बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे, तभी पड़ोसी महिला मीना ने बच्चों को गंदी-गंदी गालियां देनी शुरू कर दीं। विरोध करने पर मीना ने पीड़िता के साथ भी अभद्रता की और मारपीट पर आमादा हो गई। शाम को मीना के पुत्र प्रदीप ने, जो कथित तौर पर आपराधिक प्रवृत्ति का है, नशे की हालत में घर आकर गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि उसने तमंचा मंगाने की बात भी कही।

डर के कारण पीड़िता ने पुलिस को सूचना दी, लेकिन आरोपी पुलिस के आने से पहले फरार हो गया और बाद में दोबारा धमकाने पहुंचा। पीड़िता का कहना है कि 13 जून को थाना सीबीगंज में शिकायत देने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। साथ ही आरोप लगाया कि दबाव बनाने के लिए आरोपियों ने थाने में झूठी शिकायत भी दी है। पीड़िता ने अपने और बच्चों की सुरक्षा की मांग करते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

**व्यवस्था** दो इंस्पेक्टर समेत कई उपनिरीक्षक और चौकी प्रभारी बदले, कानून-व्यवस्था मजबूत करने की कवायद

# एसएसपी ने किया बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 46 पुलिसकर्मियों के तबादले

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने व्यापक स्तर पर प्रशासनिक बदलाव किया है। इस क्रम में 2 निरीक्षकों सहित कुल 46 पुलिसकर्मियों के तबादले किए गए हैं। जारी आदेश के तहत कई उपनिरीक्षकों, चौकी प्रभारियों और पुलिसकर्मियों को नई तैनाती दी गई है। माना जा रहा है कि इस फेरबदल से थानों और चौकियों की कार्यप्रणाली में नई ऊर्जा आएगी।

आदेश के अनुसार निरीक्षक अजीत सिंह को रिजर्व पुलिस लाइंस से थाना शीशगढ़ में इंस्पेक्टर क्राइम नियुक्त किया गया है। वहीं निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह को रिजर्व पुलिस लाइंस से प्रेमनगर थाने में इंस्पेक्टर क्राइम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उपनिरीक्षक श्रीनिवास को मीरगंज से स्थानांतरित कर कैंट थाना भेजा गया है। जिले की कई अहम चौकियों के प्रभारियों को इधर-उधर किया गया है। पुनीत कुमार को भुता से हटाकर ढकिया डाम चौकी का प्रभारी बनाया गया है, जबकि रविराज पावड़िया को ढकिया डाम से चौकी चौराहा कोतवाली भेजा गया है। राजेंद्र सिंह को जिला अस्पताल चौकी की कमान सौंपी गई है। सुदीप बघेल को शाहबाद चौकी और आशीष कुमार को सीबीगंज थाना भेजा गया है। फेरबदल के तहत अजय शर्मा को सद्भावना चौकी, लोकेश तोमर को देवरनियां चौकी, गौरव कुमार अत्री को टीपी नगर चौकी और हरेंद्र प्रताप सिंह को बभिया चौकी का प्रभारी बनाया गया है। बारादरी क्षेत्र की मॉडल टाउन चौकी का प्रभार सौरभ डेढ़ा को सौंपा गया है, जबकि जितेंद्र कुमार को मढ़ीनाथ और रविंद्र सिंह को करगैना चौकी भेजा गया है। महिला सुरक्षा और शिकायतों के त्वरित निस्तारण को ध्यान में रखते हुए अंजलि सिसौदिया को महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी का प्रभारी बनाया गया है। इसके साथ ही दयानंद को केंद्रीय कारागार चौकी, ऋषि मित्र को बेवल बसंतपुर चौकी और अखिल प्रताप सिंह को आंवला थाना स्थानांतरित किया गया है। गोविंद सिंह, सुरेंद्र सिंह समेत कई पुलिसकर्मियों को रिजर्व पुलिस लाइंस से विभिन्न थानों और शाखाओं में नई तैनाती दी गई है। शुभम कुमार को प्रेमनगर से आंवला तथा विजय सिंह तेवतिया को देवरनियां से क्योलड़िया थाना भेजा गया है। पुलिस विभाग में हुए इस बड़े बदलाव को अपराध नियंत्रण और जनसेवा को मजबूत करने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। एसएसपी अनुराग आर्य का कहना है कि इन नई तैनातियों से पुलिसिंग में सुधार होगा, अपराध पर अंकुश लगेगा और आम जनता को तेज व प्रभावी पुलिस सेवाएं मिल सकेंगी। आने वाले समय में इस प्रशासनिक फैसले का असर जिले की कानून-व्यवस्था पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा।

## सेटेलाइट तिराहे पर बनेगा वाई शेप फ्लाईओवर

**बरेली।** बरेली में सेटेलाइट तिराहे पर जाम की समस्या से जूझ रहे राहगीरों को राहत देने के लिए बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) वाई शेप फ्लाईओवर का निर्माण कराने की तैयारी में है। इसके लिए बीडीए ने उत्तर प्रदेश सेतु निगम से डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करवाकर शासन को भेज दी है। बरेली दौरे पर आ रहे मुख्यमंत्री की ओर से इसकी घोषणा होने की संभावना है। इस नए फ्लाईओवर पर करीब 70 करोड़ रुपये की लागत आएगी। बीडीए की ओर से चार अप्रैल 2026 को फ्लाईओवर की डीपीआर तैयार करने के लिए सेतु निगम को पत्र लिखा गया था। सेतु निगम ने ईसाइयों की पुलिया से शाहजहांपुर रोड पर उतरने वाले पुल की कुल लंबाई 801 मीटर प्रस्तावित की है। इसमें श्यामगंज की तरफ 348.90 मीटर जबकि शाहजहांपुर की ओर 168 मीटर हिस्सा रहेगा। एप्रोच रोड की बात करें तो इसकी कुल लंबाई 285.45 मीटर होगी। इसमें श्यामगंज की तरफ 144 मीटर जबकि शाहजहांपुर की तरफ 141.45 मीटर हिस्से का निर्माण होगा। सेटेलाइट तिराहे से पीलीभीत रोड पर उतारे जाने वाले पुल की लंबाई 337 मीटर होगी।

**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर- 7906815587, 9758444242


# अजीमनगर में खेत में मिला युवक का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

## फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैदनगर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र के खंडिया चौराहे के पास एक खेत में युवक का शव मिलने से सोमवार सुबह इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची तथा जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



मौके पर लोगों से पूछताछ करती पुलिस व इनसेट में मृतक का फाइल फोटो।

जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे खंडिया चौराहे से लगभग 200 मीटर दूर बीएल इंटर कॉलेज के निकट स्थित एक खेत में ग्रामीणों ने एक युवक का शव पड़ा देखा। शव मिलने की सूचना क्षेत्र में तेजी से फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर थाना अजीम नगर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस जांच में मृतक की पहचान मनोज पुत्र धर्म सिंह (35 वर्ष) निवासी ग्राम दयानाथपुर, थाना छजलैट, जनपद मुरादाबाद के रूप में हुई। पहचान होने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए और विभिन्न पहलुओं से जांच की। घटना की सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी टांडा कीर्ति निधि आनंद भी मौके पर पहुंचे।घटनास्थल का निरीक्षण कर पुलिस अधिकारियों से जानकारी ली। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।युवक की मौत के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है सूत्रों के हवाले से बड़ी खबरः इस खूनी वारदात के पीछे प्रेम प्रसंग का मामला खुलकर सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि मृतक मनोज सिंह का खड़िया गांव की ही एक 45 वर्षीय महिला के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था।

हैरान करने वाली बात यह है कि इस मामले को लेकर महज चार दिन पहले भी विवाद हुआ था, जिसके बाद अजीमनगर थाना पुलिस खड़िया निवासी उक्त महिला ने थाने से भी निकाल कर लाई थी।

ग्रामीणों के अनुसार, इसी विवाद और अवैध संबंधों की रंजिश के चलते मनोज को मौत के घाट उतारा गया है।फिलहाल युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# 25 हजार का इनामी हिस्ट्रीशीटर बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

- आरोपी ने पुलिस से बचने के लिए चलाई गोलियां, जवाबी कार्रवाई में पैर में लगी गोली

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** रविवार रात पुलिस ने शाहबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत खजीपुरा गांव के पास मुठभेड़ के दौरान 25 हजार के इनामी हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे आरोपी शरीफ पुत्र सूखा निवासी ग्राम ओसी थाना शाहबाद ने पुलिस से बचने के लिए फायरिंग शुरूकर दी, पुलिस की तरफ से जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से वह घायल होकर गिर गया। पुलिस ने उसके पास से 315 बोर का तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए है।

थाना पुलिस के द्वारा सुभान, परवेज, नन्हे, महफूज और शरीफ के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की गई थी, नन्हे और महफूज जिला कारागार में बंद है जबकि परवेज को बीती एक जून को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। शरीफ और सुभान गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे थे। पुलिस अधीक्षक के द्वारा दोनों की गिरफ्तारी के लिए 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। बीती रात पुलिस फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए की जा रही चेकिंग के दौरान बाइक पर एक व्यक्ति आता दिखाई दिया। पुलिस के द्वारा खुद को रोकता देख उसने बाइक को भगाने की कोशिश की, बाइक मोड़ने के दौरान गिर गई। व्यक्ति ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दीं। पुलिस के द्वारा जवाबी कार्रवाई में आरोपी के बाएं पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। घायल की शिनाख्त शरीफ पुत्र सूखा निवासी ग्राम ओसी थाना शाहबाद के रूप में हुई।पुलिस ने घायल आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओजी टीम रामपुर, एसआई कपिल कुमार, एसआई अतिशय जैन, हेड कांस्टेबल धीरज कुमार आदि रहे।



मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार आरोपी शरीफ।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए किसान कॉल सेंटर की सुविधा उपलब्ध

**रामपुर।** उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से संबंधित सभी जानकारी उपलब्ध कराने तथा किसानों की समस्याओं एवं जिज्ञासाओं के समाधान के लिए प्रदेश स्तर पर किसान कॉल सेंटर स्थापित किया गया है।

इसका टोल फ्री नम्बर 0522-2317003 है।उन्होंने जनपद के सभी किसानों से अपील की है कि वे फसल बीमा योजना से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने, समस्याओं के समाधान एवं अपनी जिज्ञासाओं के निवारण के लिए टोल फ्री नम्बर पर संपर्क कर सकते हैं।

## एक नजर

### पेट्रोल पंप कर्मियों से मारपीट के दो आरोपी तमंचों समेत गिरफ्तार

**स्वार।** पेट्रोल पंप कर्मियों के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में फरार चल रहें दो आरोपियों को कोतवाल पुलिस ने दो अवैध तमंचों और कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया है।उत्तराखंड के थाना काशीपुर के गांव खड़कपुर देवीपुरा निवासी गुरमुख सिंह की तहरीर पर 30 मई को रिपोर्ट दर्ज की थी. आरोप था कि धर्मपाल, गोविंद, सुमित, बब्लू तथा अन्य लोगों ने एक राय होकर उनके पेट्रोल पंप के कर्मचारियों के साथ गाली गलौज कर लाठी डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी थी। मामले में पुलिस ने विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी थी। सोमवार को कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी भागने की फिराक में गांव मिलक नौखरीद गांव धर्मपाल उर्फ धर्मसिंह और के पास पुल पर सवारी के इंतजार में खड़े है। पुलिस मौके पर पहुंच गई और घेराबंदी कर आरोपी धर्मपाल उर्फ धर्मसिंह व गोविंद पुत्र कैलाश निवासी गांव धमौरा थाना आईटीआई काशीपुर को मिलक नौखरीद को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान दोनों आरोपियों कब्जे से दो अवैध 315 बोर तमंचा और चार कारतूस बरामद कर कोतवाली ले आई।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

# पटवाई के नाले में उतराता मिला शव, मचा हड़कंप

- पुलिस शव की शिनाख्त में जुटी, पोस्टमार्टम को भेजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पटवाई।** सोमवार को पटवाई थाना क्षेत्र के गांव रहटगंज क्षेत्र में उस वक्त हड़कंप मच गया। जब गौशाला के पास बहते गंदे नाले की पुलिया के नीचे बंद कट्टे में पैर बाहर निकला हुआ एक पुरुष का शव पानी में उतराता हुआ दिखाई दिया।

मामला सोमवार की सुबह का है ग्रामीण रहटगंज गांव के पास बह रहे नाले के पास से कुछ लोग गुजरे तो उनकी नजर कट्टे से बाहर निकले शव के पैरों पर पड़ी, शव को पानी में उतराता देख ग्रामीणों के होश उड़ गए।उन्होंने तुरंत पटवाई पुलिस को फोन कर मामले की सूचना दी सूचना पर पहुंची पटवाई पुलिस ने पुलिया के नीचे से कट्टे को बाहर निकाला।शव को अपने कब्जे में लेकर शिनाख्त में जुट गई फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और उसने घटनास्थल पर सुराग तलाशने शुरू किए। सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी शाहाबाद देवकीनंदन ही पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजकर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी।



पटवाई के नाले के पानी में उतराता शव।

# सपा नगर अध्यक्ष, पूर्व पालिकाध्यक्ष की हुई पेशी

**एनआरसी प्रकरण**

- 27 किसानों की जमीन दबाने की अपील पर टली सुनवाई

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** एनआरसी प्रकरण में सपा नगराध्यक्ष आसिम राजा, पूर्व पालिकाध्यक्ष की सोमवार को न्यायालय में पेश हुई।इस मामले में न्यायालय ने अगली सुनवाई के लिए 2 जुलाई नियत की है। जबकि 27 किसानों की जमीन कब्जाने और आप प्रवक्ता फैसल खां लाला की अपील पर सुनवाई नहीं हो सकी।

मालूम हो कि वर्ष 2019 में एनआरसी, सीए को लेकर हाथीखाना चौराहे पर हुई तोड़फोड़, आगजनी और पथराव की घटना के बाद थाना कोतवाली और गंज थाने में अलग-अलग तीन मुकदमे दर्ज किए थे। दो मामलों में सपा नगराध्यक्ष आसिम राजा, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां के समेत कई सपा कार्यकर्ताओं और सभासदों के अलावा 200 नामजद, 1500 अज्ञात के खिलाफ कई धाराओं में मुकदमें दर्ज किए थे। सभी आरोपी जमानत पर बाहर हैं। सोमवार को इस मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-7 न्यायालय में सुनवाई हुई। अधिवक्ता काशिफ खां सरवत ने बताया कि सपा नगराध्यक्ष, पूर्व पालिकाध्यक्ष न्यायालय में पेश हुए। न्यायालय में डिस्चार्ज प्रार्थना पत्र में सुनवाई विचाराधीन है। अब इस मामले अगली सुनवाई 2 जुलाई को होगी।

# पेपर देने जा रही स्कूटी सवार युवती को कार ने रौंदा, मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** भमौरा-शाहबाद-बिलारी स्टेट हाइवे पर सोमवार दोपहर स्कूटी सवार एक युवती को कार ने टक्कर मार दी, हादसे में युवती बुरी तरफ जख्मी हो गई, जिसको शाहबाद सीएचसी लाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। युवती की मौत से परिजनों में कोहराम छा गया। परिजन बिना पोस्टमार्टम के युवती का शव घर ले गए।

शाहबाद नगर के मोहल्ला अफगानान निवासी फरीद खां की 30 वर्षीय पुत्री शोएबा अपनी स्कूटी पर सवार होकर एमए का पेपर देने सैफनी स्थित परीक्षा केंद्र जा रही थी।, रास्ते में चौधराना मंदिर के पास तेज रफ्तार कार ने शोएबा की स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी सवार शोएबा को संभलने का मौका तक नहीं मिला और उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।कार चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। युवती की मौत से परिजनों में कोहराम छा गया। परिजनों में पोस्टमार्टम की कार्यवाही से इंकार कर दिया। उधर पुलिस कार चालक की तलाश में जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार शोएबा शाहबाद के शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज की शिक्षिका भी थी।



# पांचवीं बार प्रेमी के घर पहुंची प्रेमिका, पंचायत ने थाने में ही कराए फेरे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैदनगर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र के सींगनखेड़ा गांव में प्यार और जिद का एक अनोखा मामला सामने आया है, जहां एक प्रेमिका अपने प्रेमी से शादी करने की जिद पर अड़ गई। वह एक-दो बार नहीं, बल्कि पांचवीं बार प्रेमी के घर जा पहुंची। आखिरकार दोनों पक्षों और पंचायत की सहमति के बाद पुलिस चौकी में ही दोनों के सात फेरे करा दिए गए। मिली जानकारी के अनुसार सींगनखेड़ा निवासी युवक और युवती के बीच लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती कई बार शादी का दबाव बनाने प्रेमी के घर गई, लेकिन हर बार बात टल जाती थी। सोमवार सुबह जब युवती पांचवीं बार प्रेमी के दरवाजे पर बैठी, तो हंगामा बढ़ गया। मामले को सुलझाने के लिए युवती ने खुद पुलिस को फोन कर बुला लिया।मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को खौद पुलिस चौकी ले आई। इसके बाद दोनों परिवारों और स्थानीय संभ्रांत लोगों की मौजूदगी में एक पंचायत बुलाई गई। पंचायत ने दोनों के प्यार और युवती की जिद को देखते हुए शादी कराने का फैसला सुनाया। दोनों परिवार भी इस फैसले के लिए राजी हो गए, जिसके बाद तुरंत रीति-रिवाज के साथ दोनों के फेरे कराकर उन्हें हमेशा के लिए एक दूजे का कर दिया गया। क्षेत्र में यह अनोखी शादी चर्चा का विषय बनी हुई है।



**कार्रवाई** प्रमुख सचिव की बैठक में उठ चुका है कार्य का मुद्दा

# जिला अस्पताल में पानी की पाइपलाइन कार्य जल्दा पूरा करने को नोटिस

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल में पानी की पाइपलाइन के कार्य को जल्द ही पूरा कराए जाने के लिए कार्यदायी संस्था को अस्पताल प्रशासन ने नोटिस जारी किया है नोटिस में साफ तौर पर कहा है कि कार्य को सही और गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उधर नोटिस जारी होने पर कार्यदायी संस्था के अधिकारियों में खलबली मची हुई है।

दरअसल जिला अस्पताल में पानी की पाइप लाइन डाले जाने का ठेका लखनऊ के गोमती नगर के एक कंपनी को हुआ है। यह पाइपलाइन पहली मंजिल से तीसरी मंजिल पर बने सभी वार्डों में डाली जा रही है। लेकिन जिस प्रकार कंपनी ने पाइप लाइन के पाइप डाले है उसमें अस्पताल प्रशासन को कमी नजर आई। अस्पताल प्रशासन के अनुसार पाइपलाइन के कार्य को आधा-अधूरा और अनदेखी की जा रही है साथ ही आधे-अधूरा कार्य को पूरा करने में पाइपों पर लाल रंग करा दिया गया है। इस बात का मुद्दा स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव की बैठक में उठ चुका है। जब यह मामला अस्पताल प्रशासन की पकड़ में आया तो कार्य को पूरा सही और जल्द ही पूरा करने के लिए कार्यदायी संस्था को नोटिस जारी किया है।



जिला अस्पताल में डाली गई पाइपलाइन। -जागरण मोर्चा

> जिला अस्पताल में पानी की पाइपलाइन बिछाने का ठेका लखनऊ के गोमती नगर की कंपनी को शासनस्तर से हुआ है। लेकिन कंपनी द्वारा कार्य को सही नहीं किए जाने पर नोटिस देकर चेतावनी दी है कि कार्य को जल्द ही पूरा कराया जाए। **-डॉ .बीसी सक्सेना, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला अस्पताल।**

## सार संक्षेप

### खेत में काम कर रहे पिता - पुत्र पर हमला

**शाहबाद।** कोतवाली क्षेत्र के भगवतीपुर गांव में खेत पर काम करने के दौरान पिता पुत्र से गाली गलौज करते हुए मारपीट करना कई लोगों को भारी पड़ गया। पुत्र की तरफ से दी गई तहरीर पर पुलिस ने 8 लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है।नसरत खां की दी गई तहरीर के अनुसार बीती 14 जून की सुबह 8 बजे वह अपने पिता हसरत खां के साथ खेत की मेड़ की सफाई कर रहा था। आरोप है कि इसी दौरान गांव के कई लोग लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी लेकर वहां पहुंच गए तथा खेत में जाने से रोकने लगे। विरोध करने पर गाली-गलौज शुरू कर दी गई।पीड़ित का आरोप है कि गाली देने से मना करने पर आरोपियों ने हमला कर दिया और उसे तथा उसके पिता को लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से घायल कर दिया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे उसके चचेरे भाई के साथ भी मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई।घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली शाहबाद पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए भगवतीपुर गांव के निवासी फारुख, आरिफ, आसिफ, अताउल्लाह, सनाउल्लाह, सोनू, मुजाहिद और इलयास खां के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

### जुलाई में बजेगी सामूहिक विवाह की शहनाई

**रामपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत की शहनाई जुलाई के पहले सप्ताह में बजेगी। एक पंडाल के नीचे गरीब लड़कियों के फेरे व निकाह कराए जाएंगे। समाज कल्याण विभाग के पोर्टल पर अब तक 1500 आवेदन आ चुके हैं। जिनका सत्यापन ब्लॉकों, नगर निकाय द्वारा शुरू कर दिया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा इस योजना के तहत प्रति जोड़े पर 1,00,000 का खर्च निर्धारित है। इसमें से 60,000 रुपये सीधे वधू के बैंक के खाते में भेजे जाते हैं। जबकि 25,000 रुपये वैवाहिक उपहार सामग्री, 15,000 रुपये आयोजन व्यवस्था पर खर्च होते हैं। इस उपहार सामग्री में कपड़े, डिनर सेट, प्रेशर कुकर, ट्राली बैग के साथ-साथ चांदी का पायल बिछिया देना अनिवार्य है। लेकिन इस बार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में चांदी का पायल बिछिया नहीं मिलेगी। क्योंकि ऐसे में चांदी के आभूषणों के अधिक दाम है इसलिए वधू के खाते में 4,000 रुपये की नकद धनराशि डिजिटल माध्यम से ट्रांसफर की जाएगी। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम जुलाई के पहले सप्ताह में होगा। अब तक 1500 आवेदन आ चुके हैं जिनका सत्यापन ब्लॉकों, नगर निकाय द्वारा किया जा रहा है।

### पौधों के क्रय एवं रोपण को बढ़ावा देने के दिए निर्देश

**रामपुर।** प्रदेश में बागवानी एवं हरित आवरण को बढ़ावा देने तथा फल उत्पादन में वृद्धि के उद्देश्य से उद्यान विभाग की राजकीय पौधशालाओं में उपलब्ध उच्च गुणवत्ता वाले फलदार कलमी एवं बीजू पौधों के अधिकाधिक उपयोग पर बल दिया गया है। इस संबंध में शासन स्तर से सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं मुख्य विकास अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। शासन द्वारा जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों में संचालित उद्यान विभाग की राजकीय पौधशालाओं में आम,अमरूद, आंवला, नींबू, लीची, करौंदा सहित विभिन्न प्रजातियों के उच्च गुणवत्ता वाले फलदार कलमी एवं बीजू पौधे पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। इन पौधों का विक्रय निर्धारित दरों पर किया जा रहा है। शासन ने अपेक्षा व्यक्त की है कि विभिन्न विभागों द्वारा वृक्षारोपण, हरितीकरण एवं उद्यान विकास से संबंधित कार्यक्रमों में राजकीय पौधशालाओं से उपलब्ध फलदार पौधों को प्राथमिकता दी जाए। इससे एक ओर पौधों के उत्पादन एवं विक्रय को बढ़ावा मिलेगा, वहीं दूसरी ओर प्रदेश में फलदार वृक्षों के क्षेत्रफल, उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि तय होगी। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आवश्यकता के अनुसार उद्यान विभाग की राजकीय पौधशालाओं से फलदार पौधों का क्रय कर रोपण कार्य को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि फलदार पौधों का रोपण पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ पोषण सुरक्षा एवं किसानों की आय वृद्धि में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।जिला उद्यान अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि इच्छुक विभाग, संस्थाएं एवं व्यक्ति राजकीय पौधशाला मिलक, राजकीय पौधशाला सैफनी, बिसौरवाला रामपुर, बेग़म वाली रामपुर , मिलक सैनिया, केमरी तथा राजकीय पौधशाला स्वार से संपर्क कर उपलब्ध पौधों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पौधों का क्रय कर सकते हैं।



अधिकारी को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। -जागरण मोर्चा

### ऑनलाइन फ्रैंचाइजी मॉडल योजना के विरोध में मिलक बार एसोसिएशन का ज्ञापन

**मिलक।** सरकार द्वारा लागू की जा रही ऑनलाइन फ्रैंचाइजी मॉडल योजना के विरोध में बार एसोसिएशन मिलक ने उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह को ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं का कहना है कि यह योजना लागू होने से अधिवक्तागण, बैनामा लेखक और स्टाम्प वेंडरों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। बार एसोसिएशन मिलक के सभागार में आयोजित आवश्यक बैठक में सभी बार सदस्यों एवं बैनामा लेखकों, स्टाम्प वेंडरों की उपस्थिति में इस मुद्दे पर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही ऑनलाइन फ्रैंचाइजी मॉडल योजना लागू होने से आम जनता को भी भारी नुकसान होगा।ज्ञापन में कहा गया है कि इस योजना से समाज में बेरोजगारी की भयावह स्थिति उत्पन्न होगी।इसलिए सभी ने मांग की कि सरकार इस योजना को तत्काल वापस ले।बार एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि जब तक सरकार इस योजना को वापस नहीं लेती, तब तक अधिवक्तागण, बैनामा लेखक और स्टाम्प वेंडर विरोध स्वरूप का संघर्ष जारी रखेंगे। ज्ञापन अध्यक्ष सतीश चन्द्र गंगवार एडवोकेट और महासचिव रमेश चन्द्र एडवोकेट ने सौंपा । इस अवसर पर देवेंद्र कुमार गंगवार, रहीश अहमद, नवनीत यदुवंशी, नीरज शर्मा, रमेश चंद्र मिश्रा, राकेश गंगवार, प्रदीप सक्सेना, सुभाष चंद्र आर्य, हरिराम गंगवार, श्री राम राठौर आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### जर्जर पोल और खुली लाइनों पर कार्रवाई की मांग

**स्वार।** स्वार टांडा विधानसभा क्षेत्र में जर्जर विद्युत पोलों और खुले विद्युत तारों से बढ़ते हादसों की आशंका को देखते हुए विधायक शफीक अहमद अंसारी ने विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता को पत्र भेजकर तत्काल नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त पोलों को बदलने तथा मुख्य मार्गों और बाजारों से गुजर रही 11 केवी की खुली लाइनों के नीचे सुरक्षा गार्डिंग लगाने की आवश्यकता जताई है। विधायक ने अपने पत्र में कहा है कि स्वार टांडा क्षेत्र के रामपुर टांडा मार्ग, बिलासपुर रोड, नवीन मंडी स्थल, ग्राम खेमपुर, रसूल नगर, समोदिया, भोट बक्काल नगर, शिवपुरा तथा अन्य आबादी वाले क्षेत्रों में कई विद्युत पोल जर्जर अवस्था में हैं। वहीं अनेक स्थानों पर गुजर रही हाईटेंशन और 11 केवी विद्युत लाइनों के नीचे पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं है, जिससे आमजन के लिए दुर्घटना का खतरा बना रहता है।उन्होंने कहा कि बाजारों, विद्यालयों, धार्मिक स्थलों और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में बिजली के तारों और पोलों की स्थिति चिंता का विषय है। बरसात और तेज हवाओं के दौरान हादसों की आशंका और अधिक बढ़ जाती है। ऐसे में समय रहते सुरक्षा उपाय किए जाना आवश्यक है। विधायक ने विद्युत विभाग से मांग की है कि जर्जर पोलों को प्राथमिकता के आधार पर बदलकर उनकी जगह नए आरसीसी अथवा इंसुलेटेड पोल लगाए जाएं। साथ ही मुख्य मार्गों और संवेदनशील स्थानों से गुजर रही 11 केवी तथा अन्य खुली विद्युत लाइनों के नीचे मानकों के अनुरूप सुरक्षा गार्डिंग की व्यवस्था कराई जाए।

# सेवा, समर्पण और सुशासन का सशक्त माध्यम हैं जन कल्याण शिविर: आकाश

## सैदनगर विकास खंड में आयोजित जन कल्याण शिविर में बोले शहर विधायक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि जन कल्याण शिविर के माध्यम से हम सब एक ऐसे प्रयास का हिस्सा बने हैं, जिसका उद्देश्य है कि सरकार की योजनाओं को सीधे जनता तक पहुंचाना और हर जरूरतमंद को उसका अधिकार दिलाना। यह शिविर केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और सुशासन का सशक्त माध्यम है।

सैदनगर विकास खंड में आयोजित जन कल्याण शिविर का शुभारंभ शहर विधायक आकाश सक्सेना ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचे। चाहे वह प्रधानमंत्री आवास योजना हो, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, वृद्धावस्था पेंशन, किसान सम्मान निधि या स्वरोजगार योजनाएं, हर योजना का लाभ बिना किसी भेदभाव के पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे, यही हमारी प्राथमिकता है। इस जन कल्याण शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित हैं, जो आपकी समस्याओं को सुनने और उनका त्वरित समाधान करने के लिए तत्पर हैं। आप सभी से मेरा आग्रह है कि आगे आएं, अपनी समस्याएं रखें और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। यह शिविर आपकी सुविधा के लिए ही आयोजित किया गया है।समय में पारदर्शिता और जवाबदेही बेहद आवश्यक है। हमारी सरकार ने भ्रष्टाचार पर लगाम लगाते हुए व्यवस्था को सरल और जनहितकारी बनाया है। डिजिटल माध्यमों के जरिए योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंच रहा है।शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में हम तेजी से कार्य कर रहे हैं और आने वाले समय में और भी बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे। इसके बाद उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। बच्चों का अन्नप्राशन कराया। गर्भवती महिलाओं को फलों की टोकरी और पोषण सामग्री वितरित की। कार्यक्रम में सैदनगर ब्लॉक प्रमुख मोहित सैनी, वीरपाल सहित समस्त क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



स्टॉल का निरीक्षण करते विधायक आकाश सक्सेना। -जागरण मोर्चा

## कार्यालय उद्घाटन में नगर के लोकल लोगों का न पहुंचना बना चर्चा का विषय

- लोगों में विधानसभा अध्यक्ष को लेकर भारी आक्रोश, गांवों में बैठक कर जताया विरोध

**शाहबाद।** नगर में समाजवादी पार्टी के कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम में लोकल के लोगों का न पहुंचना नेताओं के चेहरे पर चिंता की लकीर खींच गया। बाहरी नेताओं की भीड़ में कार्यक्रम में पहुंचकर लाज बचाई, उसके बावजूद भी पीछे की कुर्सियां खाली दिखाई दी। कार्यालय के उद्घाटन के बाद से ही कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों में आपसी खींचतान शुरू हो गई है, विधानसभा अध्यक्ष का विरोध अब गावों में बढ़ता जा रहा है, कार्यकर्ता बैठक कर अपने गुस्से का इजहार कर रहे है। हिम्मतपुर के एक निजी स्कूल में कार्यकर्ताओं ने बैठक में पूर्व विधायक और विधानसभा अध्यक्ष का खुलकर विरोध हुआ। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी देखी गई और उन्होंने कहा कि अगर पार्टी पुराने उम्मीदवार को टिकट देती है तो यह सीट समाजवादी पार्टी हार की हैट्रिक लगा देगी। कार्यकर्ताओं की खींचतान व बयान बाजी से साफ जाहिर होता है कि समाजवादी पार्टी में आपसी मतभेद बना हुआ है जिसको लेकर कार्यकर्ताओं में भी काफी नाराजगी देखने को मिल रही है। इससे पहले कई अन्य कार्यकर्ताओं के वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेज़ी से वायरल हो रहे है। हालांकि देर शाम को एक नया वीडियो ओर वायरल हुआ जिसमें वीडियो में विरोध कर रहा ग्रामीण अपनी बात पर खेद प्रकट कर रहा है।

## सार संक्षेप



योग करती दीक्षा गंगवार एंव अन्य। -जागरण मोर्चा

### 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में योग सप्ताह का हुआ शुभारंभ

**मिलक।** 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग सप्ताह का शुभारंभ राजकीय आयुर्वैदिक चिकित्सालय मिलक नवदिया में हुआ। कार्यक्रम का आयोजन आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद मिलक की अध्यक्ष दीक्षा गंगवार रहीं। उनके साथ समाजसेवी कुंवर नरेंद्र सिंह गंगवार, योगाचार्य कमलेश गंगवार, महिला पतंजलि योग समिति मिलक तहसील प्रभारी, चिकित्साधिकारी डॉ. मोहन कुमार तथा डॉ. अवधेश कुमार ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर योग सप्ताह का शुभारंभ किया।इसके बाद योग के महान प्रवर्तक महर्षि पतंजलि की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पमालाएं अर्पित की गईं। उनके योगदान को स्मरण करते हुए योग के महत्व पर प्रकाश डाला गया। 21 जून को आयोजित होने वाले विश्व योग दिवस की तैयारियों के क्रम में योग सत्र में आयुष मंत्रालय के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगाभ्यास कराए गए। प्रतिभागियों को बैठकर किए जाने वाले आसनों के साथ-साथ ताड़ासन, त्रिकोणासन, वृक्षासन, प्राणायाम एवं सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास कराया गया। योगाचार्यों ने नियमित योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।योग सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती दीक्षा गंगवार, कुंवर नरेंद्र सिंह गंगवार, योगाचार्य कमलेश गंगवार, महिला पतंजलि योग समिति मिलक तहसील प्रभारी मिथिलेश चौधरी, डॉ. सुलेखा, डॉ. पूनम, फार्मासिस्ट वेद प्रकाश, सेवानिवृत्त शिक्षक नरेंद्र सिंह, कुबेर सिंह, योग प्रशिक्षक ज्योति पांडे, सृष्टि पांडे, सहायक अंशु सक्सेना, गिरीश कुमार, आकाश तथा अन्य सहयोगी स्टाफ में सतीश सक्सेना, नरेश कुमार एवं शिवम कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### समस्याओं को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**रामपुर।** सोमवार को उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के बैनर तले जिलाधिकारी को 9 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। जोकि जिलाध्यक्ष अनिल राज के नेतृत्व में सौंपा गया। जिसमें कहा गया कि वेतन विसंगति : 2018 से पथ प्रकाश ठेका कर्मचारियों को 7225/- माह, जबकि अन्य ठेका कर्मियों को 412/- प्रतिदिन। सभी को 412 प्रतिदिन + 2018 से 2026 तक एरियर देने की मांग उठाई। कार्यालय : संघ को एक ऑफिस उपलब्ध कराया जाए। डबल किए गए कर्मियों को पुन : उनके मूल स्थान पर भेजा जाए। हाजिरी में धांधली हो रही है। 1 वार्ड में 16 कर्मी, पर काम सिर्फ 5-6 से। रोजाना जांच होसंघ ने चेतावनी दी कि सफाई कर्मचारी गरीब व कम वेतन वाले हैं। यदि मांगे पूरी न हुईं तो संघ बाध्य होकर उचित कार्यवाही करेगा। इस अवसर पर, प्रेम नरेश वाल्मीकि प्रदेश सचिव, अनिल राज, जिलाध्यक्ष अमर आदिवासी, नवीन कुमार "सोनू", जिला महासचिव , परवेश वाल्मीकि जिला उपाध्यक्ष, कुलदीप वाल्मीकि नगर अध्यक्ष बिलासपुर, सईद खान जिला सचिव, मनोज कुमार जिला सचिव,सज्जाद नगर अध्यक्ष पथ प्रकाश, राहुल नरेश वाल्मीकि, एडवोकेट कृष्णा श्रीवास्तव सहित उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



मृतक बच्चे के पिता मो हसन से मुलाकात करते जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन।

### 'बालक की मौत में पीड़ित परिवार को मुआवजा दिया जाए'

**रामपुर।** विकासखंड सैदनगर की ग्राम पंचायत सूरतसिंहपुर ऊर्फ नयागांव में 12 जून सुबह प्राथमिक विद्यालय के ऊपर से जा रही जर्जर बिजली की हाई बोल्टेज लाइन से टकरा कर शाकिब पुत्र मो हसन ( आयु 13 वर्ष) बुरी तरीके से झुलस गया और उसकी मौत हो गई। जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलवाए जाने की मांग की है।जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा है कि सूरतसिंहपुर ऊर्फ नयागांव में प्राथमिक विद्यालय के ऊपर से बिजली की हाईटेंशन लाइन जा रही है। लाइन कई वर्ष से जर्जर हालत में होने के कारण कई बार हादसे हो चुके हैं। 12 जून को भी प्रात : 11 :30 बजे गांव निवासी मो हसन का 13 वर्षीय पुत्र शाकिब स्कूल के पड़ोस में बने घर की छत पर गया तो हाई बोल्टेज लाईन ने उसको पकड़ लिया और शाकिब बुरी तरीके से झुलस गया। और उसकी मौत हो गई। यदि समय रहते विद्युत विभाग ने स्कूल के ऊपर से लाइन हटवा दी होती या जर्जर लाइन को बदलवा दिया होता, तो यह हादसा नहीं होता। जिला पंचायत मुस्तफा ने कहा कि परिवार की स्थिति बहुत ज्यादा दयनीय है। मृतक बच्चे के पिता मो हसन का हार्ट का ऑपरेशन हो चुका है। इलाज चल रहा है। परिवार के आय का कोई स्रोत नहीं है। इसलिए पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलवाया जाए और विद्युत विभाग के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही होनी चाहिए।

### किसानों के मान-सम्मान को पहुंची है ठेस

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारी ज़िला कार्यकाल पर एकत्रित हुए। जिसके बाद सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन कर स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह गंगवार ने कहा कि जिला अस्पताल में गार्ड ओमवीर सिंह द्वारा हमला किसानों पर हमला नहीं किसानों के सम्मान पर हमला हुआ है। इसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा 15 जून की रात्रि समय 1 :30 बजे तहसील शाहबाद के कुछ कार्यकर्ता जो ज़िला अस्पताल में एडमिट थे। उनका हाल चल जानने को पदाधिकारी पहुंचे। उनका हाल चाल पूछने के बाद जब किसान वापस जा रहे थे तो एक वार्ड में कुत्ते घुसे जिनको बाहर निकाला और वीडियो बनाई जिसमें गार्ड की लापरवाही सामने आई। जब पदाधिकारी नीचे आए तो उनके मिलने वाले और मरीज़ मिले जिनके साथ वीडियो बनाई जा रही थी तो सामने से गार्ड आया और किसानों से मोबाइल छीनने की कोशिश की गई। मोबाइल गार्ड से छीनने को मना किया। कहा कि मोबाइल छीन रहे है वार्ड में जाकर देखिए कुत्ते मरीजों का सामान नोंच कर ले जा रहे है।इसका किसानों ने विरोध किया और जिसमें एक किसान का मोबाइल टूट गया। ज़िलाध्यक्ष ने कहा कि गार्ड पर कार्यवाही नहीं हुई तो आने वाली 22 जून को कलेक्ट्रेट में जिले भर के किसान एकत्र होंगे। स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर सुनील मौर्य, रामपाल पटेल, फरीद खां, बाबर खां, रामनाथ मौर्य, पप्पू मलिक, लीलाधर दिवाकर, रामपाल गंगवार, विजयपाल कयशप, मुशीब अली खां आदि मौजूद रहे।



सीएमओ कार्यालय में एनएचएम के नोडल को ज्ञापन सौंपते किसान।

## जिले के 1500 से अधिक लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित योग सप्ताह का शुभारम्भ सोमवार को जनपद में उत्साह एवं उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उद्यान पार्क (किला मैदान) में किया गया, जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि चेयरमैन, जिला सहकारी बैंक श्री मोहन लाल सैनी द्वारा फीता काटकर किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी श्री गुलाब चन्द्र की उपस्थिति में सामूहिक योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन जिला सहकारी बैंक मोहन लाल सैनी एवं मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र ने जनपदवासियों से 21 जून, 2026 को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने तथा योग को अपनाकर स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली विकसित करने की अपील की।योग सत्र में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. मनोज कुमार आर्य, हार्डफुनेस से डॉ. कुलदीप सिंह चौहान एवं डॉ. मुनीश चन्द्र शर्मा, पतंजलि योग संस्थान से श्री तुषार शर्मा एवं श्री मनोज सिंह, क्रीड़ा भारती से डॉ. अनूप सिंह तथा योग संघ से सुश्री अन्तरा यादव सहित विभिन्न योग प्रशिक्षकों एवं गणमान्य व्यक्तियों की सहभागिता रही। मुख्य कार्यक्रम में लगभग 300 प्रतिभागियों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।जनपद की विभिन्न तहसीलों एवं क्षेत्रों में भी योग सप्ताह के अंतर्गत विशेष योग शिविर आयोजित किए गए। तहसील बिलासपुर में डॉ. शिखा सरीन, चिकित्साधिकारी के निर्देशन में मुख्य अतिथि बलदेव सिंह औलख की उपस्थिति में योग प्रशिक्षक सोनू एवं निशा गंगवार द्वारा 125 प्रतिभागियों को योगाभ्यास कराया गया।तहसील शाहबाद में डॉ. रिजवान मंसूर खां, चिकित्साधिकारी द्वारा एसडीएम आशुतोष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक रामू मौर्या ने 90 योगाभ्यर्थियों को योगाभ्यास कराया। वहीं मानसरोवर पटवाई में डॉ. वफाउर्रहमान, चिकित्साधिकारी के निर्देशन में ग्राम प्रधान श्री जुनैद एवं योग प्रशिक्षक उमाशंकर के सहयोग से 155 प्रतिभागियों ने योगाभ्यास किया।

तहसील स्वार में डॉ. अरुण कुमार एवं डॉ. नसीमुल अहसन द्वारा एडीओ वेदप्रकाश शर्मा की उपस्थिति में 175 प्रतिभागियों को योगाभ्यास कराया गया। इसी प्रकार तहसील मिलक में डॉ. अवधेश कुमार, डॉ. पूनम एवं डॉ. मोहन कुमार के निर्देशन में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती दीक्षा गंगवार की मौजूदगी में 65 योगाभ्यासियों ने योग सत्र में भाग लिया।योग सप्ताह के प्रथम दिवस जनपद के विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में कुल लगभग 1500 लोगों ने भाग लेकर सामूहिक योगाभ्यास किया तथा योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।




कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यअतिथि। -जागरण मोर्चा

## मीट फैक्ट्री में पशुओं के कटान को रोका जाए

रामपुर। पहाड़ी गांव स्थित मीट फैक्ट्री में पशुओं के कटान पर रोक लगाए जाने को लेकर राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना के पदाधिकारियों ने नगर मजिस्ट्रेट से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उनका कहना है कि थाना गंज पुलिस की मिलीभगत से दूध देती भैंसों और छोटे छोटे बच्चों को कटान किया जा रहा है।



इस मामले में पूर्व में कई बार प्रदर्शन कर ज्ञापन दिए जा चुके है लेकिन अभी तक फैक्टरी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे सरकार कर छवि खराब हो रही है साथ ही हिन्दुवादी संगठनों में रोष उत्पन्न हो रहा है।

## सपन अग्रवाल के सर सजा अध्यक्ष का ताज

- टैक्स एडवोकेट्स बार एसोसिएशन कार्यकारिणी का गठन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** टैक्स एडवोकेट्स बार एसोसिएशन की चुनावी सभा आयोजित की गई। चुनाव अधिकारी एहसान खान द्वारा सर्वप्रथम बार के सचिव द्वारा पूर्व सभा में मुख्य बिंदुओं पर चर्चा के लिए आमंत्रित किया। वर्ष 2026-28 के लिए अध्यक्ष पद के लिए सपन अग्रवाल एडवोकेट उपाध्यक्ष पद के लिए याकूब अली एडवोकेट, करन दीप सिंह एडवोकेट कोषाध्यक्ष पद के लिए रचित रस्तोगी एडवोकेट उप सचिव के लिए हिमांशु अग्रवाल एडवोकेट, फैजान खान एडवोकेट उपसचिव पत्राचार गौरवदीप सिंह एडवोकेट, कार्यकारणी सदस्य के लिए पुनीत शर्मा, मोहम्मद रेहान, फैज़ान, आदिल गौस, समकित जैन एडवोकेट का नामांकन प्राप्त हुआ।



सपन अग्रवाल को अध्यक्ष चुने जाने पर स्वागत करते एसोसिएशन के पदाधिकारी।

अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध सपन अग्रवाल एडवोकेट, उपाध्यक्ष पद करन दीप सिंह, उपसचिव हिमांशु अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रचित रस्तोगी, उपसचिव पत्राचार गौरव दीप सिंह को निर्विरोध चुना गया। अध्यक्ष द्वारा राजेश गंगवार एडवोकेट को वर्ष 2026-28 के लिए सचिव पद के जिम्मेदारी सौंपी गई। पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल द्वारा सभी नए पदाधिकारियों को बधाई दी गई। चुनाव अधिकारी एहसान खान एडवोकेट द्वारा सभी नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। अंत में नए पदाधिकारियों को उनके कार्यकालिका जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर मोहम्मद आमिर, विशाल पाण्डेय, प्रदीप अग्रवाल, मोहम्मद इमरान, भवानी शंकर, शिखर अग्रवाल, फैसल ओर भूपिंदर सिंह एडवोकेट उपस्थित रहे।

## जुलूस मार्गों का समय से निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं तय की जाएं:डीएम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** आगामी मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत कानून व्यवस्था, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा की उपस्थिति में विकास भवन सभागार में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी, धर्मगुरु, ताजियादार एवं विभिन्न समुदायों के संभ्रांत जन उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने कहा कि मोहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे, अनुशासन एवं श्रद्धा का प्रतीक है। उन्होंने सभी से पर्व को परंपरागत एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाने तथा प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। जिलाधिकारी ने कहा कि मोहर्रम का त्यौहार निर्धारित गाइडलाइन का पालन करते हुए ही मनाया जाए और 12 फीट से अधिक ऊंचाई की ताजिया न रखें। उन्होंने यह भी कहा कि त्योहार परंपरागत तरीके से ही मनाया जाएगा। कोई नयी परंपरा लागू नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारी, क्षेत्र अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि लगातार मॉनि टरिंग करते रहें और जुलूस मार्गों का समय से निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं तय की जाएं।विद्युत, पेयजल, साफ-सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी न रहे।बैठक में उपस्थित ताजियादारों एवं संभ्रांत जनों ने अपने सुझाव एवं समस्याएं रखीं। जिनके समाधान के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।उन्होंने बिजली के तार को लेकर ताजिया निकलने के दौरान होने वाली समस्या को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों को समय से पूर्व सभी क्षेत्र का भ्रमण करते हुए तारों की स्थिति को ठीक कराने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने मोहर्रम के दिन ट्रैफिक की समस्या से कोई दुर्घटना न हो, इसके लिए आरटीओ को सभी रूट का भ्रमण करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना अथवा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. नितिन मदान, नगर मजिस्ट्रेट श्री सालिक राम , उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, नगर निकायों के प्रतिनिधि, धर्मगुरु एवं विभिन्न समुदायों के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।




बैठक में बोलते डीएम और एसपी। -जागरण मोर्चा

कार्यक्रम

सौलत पब्लिक लाइब्रेरी में हुआ एक काव्य गोष्ठी का आयोजन

## वो जिससे दिल दुखे इंसानियत का, उन्हीं लफजों को बोला जा रहा...

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश साहित्य सभा इकाई द्वारा काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कवियों और शायरों ने प्रेम, देशभक्ति, सामाजिक सरोकारों, मानवीय मूल्यों और सांस्कृतिक विरासत जैसे विविध विषयों पर रचनाएं प्रस्तुत की।

रविवार शाम उत्तर प्रदेश साहित्य सभा की इकाई द्वारा सौलत पब्लिक लाइब्रेरी में एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया।कार्यक्रम में शहर के प्रसिद्ध कवियों एवं शायरों ने अपनी उत्कृष्ट रचनाओं, गीतों और ग़ज़लों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया।देर तक जारी रही काव्य गोष्ठी में साहित्यकारों , कवियों और शायरों ने प्रेम, देशभक्ति, सामाजिक सरोकारों, मानवीय मूल्यों और सांस्कृतिक विरासत जैसे विविध विषयों पर अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। उपस्थित श्रोताओं ने कवियों और शायरों की प्रभावशाली प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देना तथा नई पीढ़ी को हिंदी एवं उर्दू साहित्य से जोड़ना रहा। इस अवसर पर सौलत पब्लिक लाइब्रेरी के अध्यक्ष डॉ. महमूद अली ख़ान एवं गोष्ठी संयोजक एवं उत्तर प्रदेश साहित्य सभा की रामपुर इकाई के संरक्षक उस्ताद शायर नईम नजमी द्वारा कवियों और शायरों को स्मृति चिन्ह भेट किए गए। गोष्ठी का समापन सभी प्रतिभागियों एवं उपस्थित साहित्य प्रेमियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया। फैसल मुमताज़ ने कहा कि वो जिससे दिल दुखे इंसानियत का, उन्हीं लफ़्ज़ों को बोला जा रहा है।सहारा लेकर सोशल मीडिया का,फ़ज़ा में ज़हर घोला जा रहा है। सुरेन्द्र अश्क ने कहा कि आंधियों का दम निकाला जाएगा,अब दिये में खून डाला जाएगा।कब सियासत को समझ पाएंगे हम, कब इन आंखों से ये जाला जायेगा। (राजवीर सिंह राज ने कहा कि दर्द में भी मुस्कुराकर देखना,ज़ब्त अपना आज़माकर देखना,जान लेंगे हम भी तेरे दिल की बात,

गीत कोई गुनगुनाकर देखना। नईम नजमी ने कहा कि मेरी उड़ान पे कोई असर हुआ ही नहीं,मुनाफिकों ने परों को कतर के देख लिया,सिवाए मेरे कोई आंख नम हुई ही नहीं,ऐ जिन्दगी तुझे सौ बार मर के देख लिया। डॉ प्रीति अग्रवाल ने कहा कि वृक्ष हमारा हर तरह, रखते हरपल ध्यान,बिन इनके पाता नहीं, ऑक्सीजन इंसान,सुधाकर सिंह परिहार ने कहा कि अपनी कमजोरी निर्बलता का रोना इंसान कब तक रोयेगा।ये बेबसी और लाचारी कब तक ढोयेगा। वो पकड़े तो सहे खींचे तो सही ईश्वर के पास सबकी डोर है। बस एक बार वो सोचे क्या वो पशु पक्षी से भी कमजोर है।इस अवसर पर नईम नजमी,राजवीर सिंह राज़ ,ओंकार सिंह विवेक, इफ्तिखार साहिल, जीशान मुराद ,सुमित सिंह मीत ,फैसल मुमताज़ ,गौरव नायक,सुधाकर सिंह परिहार,अशफ़ाक़ ज़ैदी,शिव कुमार चंदन, डॉक्टर प्रीति अग्रवाल,रश्मि चौधरी,जसप्रीत जस्सी,सुरेन्द्र अश्क,सचिन सार्थक,नवीन पांडेय जावेद रहीम आदि मौजूद रहे।




पुरस्कार के साथ मौजूद कवि। -जागरण मोर्चा

# जनपद में योग सप्ताह का भव्य शुभारंभ, 250 से अधिक लोगों ने किया योगाभ्यास

- भगवंतपुर देवी पार्क बहजोई में आयुष विभाग के तत्वावधान में शुरू हुआ योग सप्ताह
- कार्यक्रम, 21 जून तक होंगे विभिन्न आयोजन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**संभल/बहजोई।** जिलाधिकारी के निर्देश एवं मुख्य विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में रविवार को जनपद संभल में योग सप्ताह का शुभारंभ भगवंतपुर देवी पार्क, बड़ा मैदान बहजोई में किया गया। यह योग सप्ताह 15 जून से 21 जून 2026 तक आयोजित किया जाएगा। जिसके अंतर्गत विभिन्न योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संचालित होंगे।

योग सप्ताह के प्रथम दिन लगभग 250 लोगों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर योगाभ्यास किया तथा स्वस्थ जीवन एवं रोगों से बचाव के लिए योग के महत्व को समझा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 6 बजे किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बहजोई नगर पालिका अध्यक्ष राजेश शंकर राजू उपस्थित रहे।

आयुर्वेद विभाग के नोडल अधिकारी डा. अभिषेक सिंह ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे देश में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है तथा जनपद संभल में इसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि योग शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है और प्रत्येक व्यक्ति को इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।

कार्यक्रम में होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डा. अमरीश कुमार शर्मा अपने समस्त स्टाफ के साथ उपस्थित रहे। इसके अलावा आयुर्वेद विभाग की ओर से डा. अभय शर्मा, डा. प्रदीप त्यागी, डा. अनुज सिंह, आयुष डीपीएम मोहित कुमार, आयुष डीईओ मोहम्मद इल्यास सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।


भगवंतपुर देवी पार्क में योगाभ्यास करते लोग। –जागरण मोर्चा

# भाई ने प्रेम प्रसंग से नाराज होकर बहन की गोली मारकर की हत्या

## 48 घंटे में पुलिस ने आरोपी को दबोचा, तमंचा व कारतूस बरामद

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**गुन्नौर।** थाना गुन्नौर पुलिस ने बहन की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी भाई को घटना के 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त अवैध तमंचा, दो जिंदा कारतूस तथा एक खोखा कारतूस बरामद किया गया।


घटना का खुलासे करते एसपी व पुलिस गिरफ्त में आया हत्यारोपी। –जागरण मोर्चा

पुलिस के अनुसार 12 जून 2026 को थाना क्षेत्र के ग्राम सैजना मुस्लिम निवासी परवीन पत्नी शफी मोहम्मद ने तहरीर देकर बताया था कि उसके पुत्र शनी मोहम्मद ने उसकी पुत्री मलुकान 20 के सिर में गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस संबंध में थाना गुन्नौर में मुकदमा दर्ज किया गया था।

जांच में सामने आया कि मृतका मलुकान का अपने मौसी के बेटे हसमत से प्रेम प्रसंग था और वह उससे निकाह करना चाहती थी। आरोपी भाई शनी मोहम्मद इस रिश्ते का विरोध करता था, जिसको लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। घटना से एक दिन पहले भी दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। पुलिस के मुताबिक घटना वाले दिन आरोपी ने योजनाबद्ध तरीके से घर में रखे तमंचे से सो रही बहन के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी और हथियार छिपाकर फरार हो गया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गठित चार टीमों ने तकनीकी एवं मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी शनी मोहम्मद निवासी ग्राम सैजना मुस्लिम को 14 जून की रात गुन्नौर-बदायूं मार्ग से गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी के कब्जे से एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस तथा एक खोखा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आर्म्स एक्ट की धाराएं बढ़ाते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया।

# मेला परिषद व डीएम व एसपी को सौंपा आमंत्रम पत्र

- मेला आयोजन को लेकर हुई चर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** श्री गणेश मेला परिषद के पदाधिकारियों द्वारा आगामी श्री गणेश चौथ महोत्सव के आयोजन को लेकर जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई को आमंत्रण पत्र भेंट कर मेले में पधारने का निवेदन किया। इस अवसर पर परिषद पदाधिकारियों ने महोत्सव की रूपरेखा, धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जानकारी साझा करते हुए आयोजन की गरिमा व परंपरा से अवगत कराया। परिषद की ओर से विश्वास व्यक्त किया। परिषद ने भगवान श्री गणेश से प्रार्थना की उनका आर्शीवाद जनमानस पर बना रहे। गणेश चतुर्थी मेला 12 सितंबर से 2 अक्टबर तक तथा मुख्य आकर्षण भगवान गजानन की रथयात्रा 14 सितंबर को निकाली जाएगी। इस दौरान मेला समिति के मुख्य सचिव हरिगोपाल वार्ष्णेय, ललित किशोर गुप्ता, रविंद्र कुमार रूपी, मनोज गुप्ता, प्रजीत कुमार, शुभम अग्रवाल मौजूद रहे।


डीएम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते मेला कमेटी के लोग। –जागरण मोर्चा

## सार संक्षेप

### श्रीकृष्ण ने बाल्यकाल से ही धर्म की रक्षा का दिया संदेश

**चन्दौसी।** श्रीमद भागवत कथा का आयोजन अनुष्क उत्सव हाल में किया जा रहा है। सोमवार को कथा के पांचवें दिन कथा वाचक शिवानंद महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य बाल लीलाओं एवं गोवर्धन लीला का वर्णन किया। उन्होंने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान ने बाल्यकाल से ही धर्म की रक्षा और भक्तों के कल्याण का संदेश दिया। कथा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा जयकारे लगाए गए। कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के अहंकार का नाश करने तथा ब्रजवासियों की रक्षा के लिए अपनी कनिष्ठा अंगुली पर गोवर्धन पर्वत धारण किया। इस प्रसंग के माध्यम से श्रद्धालुओं को अहंकार त्यागकर ईश्वर में अटूट श्रद्धा एवं विश्वास रखने का संदेश दिया गया। कथा के अंत में भजन-कीर्तन के साथ आरती संपन्न कराई गई और प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर हरीश कुमार शर्मा, शरद शर्मा, वनवारी लाल पाठक, संजय मिश्रा, अजय जैन, सुशील शर्मा, जतिन शर्मा, निपुण शर्मा, अमित पाठक, गौरव गुड्डू, अभिषेक गुप्ता, कुमोदिनी शर्मा, उमा श्रीवास्तव, नीता पाठक, दुर्गा टंडन, सीमा शर्मा, पूनम तिवारी आदि मौजूद रहे।


कथा वाचन करते कथावाचक शिवानंद महाराज।


महायज्ञ से पहले पीले वस्त्र धारण किए श्रद्धालु। –जागरण मोर्चा

### श्रद्धालु परिवार की खुशहाली को महायज्ञ में दे रहे आहुतियां

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सैजनी में सिद्ध बाबा आश्रम में पांच कुंडली महालक्ष्मी नारायम महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आसपास क्षेत्र के ग्रामीण व श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। आश्रम के महाराज नारायण दास बाबा ने बताया कि 9 जून को गांव में पीले वस्त्रों धारण कर महिला व पुलिस कलश यात्रा में शामिल हुए थे। कलश यात्रा ने गांव के प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया था। इसके पश्चात 10 जून को अमरदीप भारद्वाज, आचार्य अर्पित, आचार्य मोहित, आचार्य मोहन, आचार्य सचिन, मित्र मंडली द्वारा महायज्ञ का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने अपने व परिवार की खुशी के लिए महायज्ञ में बैठकर आहुतियां दी। मंगलवार को महायज्ञ संपन्न किया जाएगा। इसके पश्चात भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आसपास क्षेत्र के ग्रामीण व श्रद्धालु भंडारे में पहुंच प्रसाद ग्रहण करेंगे। इस अवसर पर पप्पू लाल, भूरे कुमार, सूरज पाल, मनवीर कश्यप, आनंद पाल सैनी, मेहंदी, विपिन कुमार, अमन दास आदि मौजूद रहे।


शिविर में योगाभ्यास करतीं महिलाएं। –जागरण मोर्चा

### महिलाओं योगाभ्यास कर दे रही अपने स्वास्थ्य पर ध्यान

**चन्दौसी।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ वीमेन पावर, वूमेन प्राइड एवं वूमेन एरा द्वारा योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिससे महिलाएं घर के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य पर भी ध्यान दे रही है। सोमवार को पांचवें दिन प्रशिक्षिका अनुपम ने विभिन्न योगाभ्यास कराए। बतायाकि इन प्वाइंट्स को दबाने से शरीर के विभिन्न रोगों को दूर किया जा सकता है। इशके साथ-साथ प्राणायाम व अनुलोम-विलोम सिखाते हुए बताया कि जब सांसे विचलित होती है, तो मन अस्थिर हो जाता है, जब सांसे नियंत्रित होती है तो मन स्थिर हो जाता हैं। सांसों को योग प्राणायाम से नियंत्रित किया जा सकता है। इसके साथ-साथ उन्होंने ताड़ासन व पादहस्तासन करवाया गया। इस अवसर पर डा. सुधा चौधरी, क्षमा अग्रवाल अनु रस्तोगी, शुभा अग्रवाल, अलका मंगलम, नीतू अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, अंजली चौधरी, अदिति, कल्पना, मीनाक्षी, मनीषा, तान्या, निधि, हिना, सानिया, सारिका, शिप्रा, रिशु, मधु, ज्योति, शिल्पी आदि मौजूद रहे।

### राहगीरों को वितरित की नींबू शिकंजी

**चन्दौसी।** किरन सोशल वेलपेयर सोसाइटी की ओर से पुरुषोत्तम मास की सोमवती अमावस्या पर पुरानी पैठ में नींबू शिकंजी का वितरण किया गया। भीषण गर्मी में ठंडी नींबू शिकंजी पीकर राहगीरों व नागरिकों ने राहत महसूस की। समिति अध्यक्ष डा. नीलम वार्ष्णेय ने बताया कि हमारी समिति द्वारा इस तरह के कार्य समय-समय पर किए जाते हैं। जिससे चिलचिलाती धूप में ग्रुप की सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर इंदु अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, रूबी मीणा, डोली शर्मा, गीता वार्ष्णेय, पूजा वार्ष्णेय, दुर्गेश दिवाकर, मालती वार्ष्णेय, आशा गोस्वामी, नीलम गुप्ता, मीना गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

# बाबा नीम करौली महाराज के स्थापना दिवस पर बहजोई में उमड़ा श्रद्धा का जनसैलाब

- विशाल भंडारे में हजारों भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद, सेवा और सद्भाव का दिया संदेश

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**बहजोई।** विश्व प्रसिद्ध संत बाबा नीम करौली महाराज के पावन कैंची धाम मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर बहजोई नगर श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव से सराबोर नजर आया। इस अवसर पर आयोजित विशाल भंडारे में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे और बाबा के चरणों में श्रद्धा-सुमन अर्पित कर प्रसाद ग्रहण किया।


बाबा नील करौली महाराज के मंदिर का स्थापना दिवस मनाते अनुयायी। –जागरण मोर्चा

पूरे आयोजन स्थल पर दिनभर बाबा नीम करौली महाराज के जयकारों की गूंज सुनाई देती रही। श्रद्धालुओं ने बाबा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर परिवार, समाज और राष्ट्र की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे भक्तिमय वातावरण और भी मनोहारी बन गया।

भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए भोजन एवं प्रसाद की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई थी। बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने अनुशासित ढंग से प्रसाद ग्रहण किया और बाबा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। आयोजन को सफल बनाने में नगर के अनेक समाजसेवियों और श्रद्धालुओं ने तन-मन से सहयोग दिया। इस अवसर पर मुकेश, प्रमोद कुमार, राजेश शंकर, राजू कृष्ण मुरारी शंखधार, उमंग, अमित मोदी, अंजनी, हरी बाबू साईं, कमलेश गोयल, वीरेंद्र लाला, गौरव राधे, तन्नु बजाज तथा दिनेश कुमार सहित अन्य श्रद्धालु व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने में पूरे समय जुटे रहे।

आयोजकों ने बताया कि बाबा नीम करौली महाराज की शिक्षाएं प्रेम, सेवा, करुणा और मानवता का संदेश देती हैं। इन्हीं आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्थापना दिवस पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने समाज में भाईचारे, सद्भाव और सेवा की भावना को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। भंडारे के सफल आयोजन पर नगरवासियों ने आयोजकों की सराहना करते हुए इसे सामाजिक समरसता, धार्मिक आस्था और जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

# अवैध टैक्सी और ओवरलोड वाहनों पर चला परिवहन विभाग का शिकंजा

- विशेष चेकिंग अभियान में 6 वाहन सीज, 2 कारों के चालान

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**संभल।** जनपद में सोमवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) अमिताभ चतुर्वेदी एवं यात्री एवं मालकर अधिकारी योगेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में अवैध टैक्सी संचालन और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 16 सवारी वाहनों की जांच की गई, जिनमें वैध प्रपत्र प्रस्तुत न करने पर 2 कारों का चालान किया गया।

चेकिंग के दौरान ओवरलोड माल परिवहन करने वाले वाहनों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की गई। मिट्टी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को थाना हजरतनगर गढ़ी तथा ईंट से भरी दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को थाना बनियाठेर में बंद कराया गया। इसके अलावा तीन ओवरलोड पिकअप वाहनों को भी थाना हजरतनगर गढ़ी में निरुद्ध किया गया।

इस प्रकार कुल 6 वाहनों के विरुद्ध ओवरलोडिंग की कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान परिवहन विभाग की टीम ने ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए यातायात नियमों के पालन की अपील भी की।


ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्राली को देखती यातायात पुलिस।

अधिकारियों ने लोगों से हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने का आग्रह किया। सड़क सुरक्षा प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत हेलमेट का प्रयोग न करने वाले 62 दोपहिया वाहन चालकों, ओवरस्पीडिंग करते पाए गए 12 वाहन चालकों तथा सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वाले 12 चारपहिया वाहन चालकों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) अमिताभ चतुर्वेदी ने बताया कि सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# युवक की सिर में रॉड माकर हत्या, मचा कोहराम


युवक की हत्या के बाद विलाप करते परिजन व मृतक राजेश का फाइल फोटो।


परिजनों से जानकारी करते सीओ। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के बदायूं रोड पर पेट्रोल पंप के पास युवक की सिर में रॉड मारकर हत्या कर दी। हत्यारा घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी की और शव पोस्टमार्टम को भेजा है। घटना की सूचना पर सीओ ने घटनास्थल पर पहुंच जानकारी की। मृतक के छोटे भाई की ओर से तहरीर दी जा रही है।

बदायूं चुंगी निवासी राजेश 35 वर्ष पुत्र मंगलसेन की चुंगी के पास स्थित शराब की दुकान के पास दुकान है। सोमवार की शाम वह घर पर था और उनके मोबाइल पर फोन आया तो वह घर से बाइक लेकर बदायूं रोड की ओर चला गया। सोमवार की शाम 6.15 बजे वह आईटीआई के पास स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तो किसी ने युवक के सिर में रॉड से हमलाकर दिया। जिससे राजेश गंभीर रूप से घायल होकर नीचे गिर गया और कुछ देर ही उसकी मौत हो गई।

हत्यारा घटना को अंजाम देकर बस्ती की ओर चला गया। किसी ने उसे पकड़ने का प्रयास नहीं किया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घटना की जानकारी की। कुछ देर सीओ विवेक जामला मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। इसके बाद पुलिस शव को कब्जे लेकर सीएचसी पहुंची। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी फूलवती व तीन बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ था। मृतक के छोटे भाई सुरेश की ओर से तहरीर देने की तैयारी की जा रही थी। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटैज खंघाले जा रहे थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

अभियान — मिलावट की आशंका पर तीन प्रतिष्ठानों पर छापेमारी, पैकेजिंग व लेबलिंग नियमों के उल्लंघन पर नोटिस जारी

# संभल में खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई, अचार, सॉस और सरसों तेल के नमूने जांच को भेजे

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**संभल।** ग्रीष्म एवं वर्षा ऋतु के मद्देनजर खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने सोमवार को जनपद में विशेष अभियान चलाया। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश तथा जिलाधिकारी के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान मिलावट की आशंका होने पर तीन प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। स्टेशन रोड, बहजोई स्थित बुजवाला सेल्स कॉर्पोरेशन से मिक्स पिकल एवं 9 एएम ब्रांड कॉन्टिनेंटल सॉस, मैन रोड रजौली स्थित छोटे अचार भंडार से मैंगो अचार (अर्जुन ब्रांड) तथा चन्दौसी के कैथल गेट स्थित महक अचार से मिक्स पिकल एवं सरसों के तेल के नमूने लिए गए। कार्रवाई के दौरान महक अचार प्रतिष्ठान पर खाद्य पदार्थों की पैकेजिंग एवं लेबलिंग नियमों का उल्लंघन भी पाया गया। इस पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 की धारा 32 के अंतर्गत सुधार नोटिस जारी किया गया है। विभाग ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समय में अनुपालन न करने पर संबंधित कारोबारी के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभाग की इस कार्रवाई से खाद्य कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।


अचार के प्रतिष्ठान पर जांच करतीं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम।

# टीएमयू में साइबर एक्सपर्ट बोले, डिजिटल दुनिया में अवेयरनेस ही सबसे बड़ी सुरक्षा

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**मुरादाबाद।** एनआईआईटी फाउंडेशन के एग्जिक्यूटिव ट्रेनर श्री अनुज कुमार सिंह ने कहा, डिजिटल दुनिया में जागरूकता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। उन्होंने साइबर हमलों, फिशिंग, डेटा चोरी और सोशल इंजीनियरिंग सरीखी चुनौतियों से बचाव के व्यावहारिक उपायों को उदाहरण सहित समझाया। श्री सिंह तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के सेंटर फॉर टीचिंग, लर्निंग एंड डवलपमेंट- सीटीएलडी एवम् एनआईआईटी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में साइबर अवेयरनेस एआई बेसिक एवम् एआई एसेंशियल्स फॉर द डिजिटल एज पर आयोजित एफडीपी-फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम में बतौर एक्सपर्ट बोल रहे थे। सीनियर मास्टर ट्रेनर श्री राघवेन्द्र पाण्डेय ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बदलते परिदृश्य, शिक्षा में उसके अनुप्रयोग तथा जिम्मेदार एआई उपयोग पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए। वैलेडिक्टरी सत्र में प्रतिभागियों के फीडबैक पर सफल होने वाले प्रतिभागियों को एनआईआईटी फाउंडेशन की ओर से प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

एफडीपी में दीगर वक्ताओं ने साइबर सुरक्षा, डिजिटल जोखिम, ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव, डेटा सुरक्षा, साइबर हाइजीन, एआई टूल्स के प्रभावी उपयोग और डिजिटल युग में सुरक्षित कार्यप्रणाली के विभिन्न आयामों पर गहनता से समझाया। सीटीएलडी निदेशक प्रो. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल दक्षता और साइबर सुरक्षा जागरूकता प्रत्येक शिक्षक की व्यावसायिक आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपने शिक्षकों को भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप तैयार करने हेतु सतत क्षमता संवर्धन कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। कार्यक्रम में सीसीएसआईटी के वाइस प्रिंसिपल डॉ. प्रभात की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। एफडीपी में वरिष्ठ प्रशिक्षक- श्री प्रदीप पंवार, डॉ. दिलीप दत्त वार्ष्णेय के संग-संग विभिन्न संकायों के करीब 40 से अधिक फैकल्टीज मौजूद रही।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व स्तर पर निर्णायक भूमिका निभा रहा भारत: नकवी

## पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी एवं शिव बहादुर सक्सेना ने किया राम रहीम सेतु का लोकार्पण

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रामपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बन रहा है, बल्कि विश्व स्तर पर एक निर्णायक भूमिका निभा रहा है। आज दुनिया भारत की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। कहा कि यह सभी कार्य दृढ़ संकल्प, सकारात्मक और देश को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता की वजह से ही पूरा हो पा रहा है।

सोमवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी रामपुर पहुंचे। यहां उन्होंने राम रहीम सेतु का लोकार्पण किया। राम रहीम सेतु बनने के बाद से उसकी मरम्मत नहीं हो सकी थी, जिस कारण पुल की हालत खस्ता हो गई थी। अब करीब दो करोड़ रूपये की लागत से पुल के सुदृढ़ीकरण का कार्य पूर्ण हुआ है। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं रहा है, बल्कि हम सभी देश को विकसित राष्ट्र बनाना चाहते हैं। 2047 तक हम इस लक्ष्य को प्राप्त भी कर लेंगे। लेकिन, इसके लिए हमें समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना होगा। हमें युवाओं को अवसर देना होगा, किसानों को सशक्त बनाना होगा और गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाना होगा। इन सभी कार्यों के साथ भारतीय जनता पार्टी आने वाले समय में भी देश की जनता के विश्वास पर खरी उतरेगी।

कहा कि आज हम ऐसे समय में खड़े हैं, जब भारत की राजनीति एक महत्वपूर्ण परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। देश की जनता अब केवल वादों से नहीं, बल्कि ठोस कार्य और परिणामों से नेतृत्व का मूल्यांकन कर रही है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वह हम सभी के लिए गर्व का विषय हैं। आज की राजनीतिक परिस्थितियों को देखें तो स्पष्ट रूप से दो विचारधाराएं सामने आती हैं। एक ओर वे लोग हैं जो देश को आगे बढ़ाने, आत्मनिर्भर बनाने और वैश्विक मंच पर सशक्त पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी सोच के साथ हमने समाज के हर वर्ग तक विकास की योजनाएं पहुंचाने का कार्य किया है। चाहे गरीबों के लिए आवास हो, किसानों के लिए सम्मान निधि, महिलाओं के लिए सशक्तिकरण योजनाएं या युवाओं के लिए रोजगार के अवसर, हर क्षेत्र में व्यापक कार्य हुआ है।

उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान समय में विपक्ष बिखरा हुआ है और उसके पास न तो कोई स्पष्ट नीति है और न ही कोई ठोस नेतृत्व। वे केवल नकारात्मक राजनीति कर रहे हैं, जबकि देश की जनता सकारात्मक सोच और विकास की राजनीति को प्राथमिकता दे रही है। जनता यह समझ चुकी है कि देश को स्थिर, मजबूत और निर्णायक नेतृत्व की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत का भविष्य उज्ज्वल है और यह उज्ज्वल भविष्य मजबूत नेतृत्व, स्पष्ट नीतियों और जनता के विश्वास से ही संभव है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, जिला महामंत्री रविंद्र रवि व अर्जुन रस्तोगी, अवधेश शर्मा, कुंवर बहादुर राजपूत, देवेंद्र सैनी उपस्थित रहे।

### 1999 में मुख्तार अब्बास नकवी जी ने ही किया था पुल का शिलान्यास: आकाश

रामपुर। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि वर्ष 1999 से पहले ज्वालानगर में रेलवे फाटक बंद होने की वजह से काफी लंबा जाम लग जाता था। तब पुल की बहुत अधिक आवश्यकता थी। उस वक्त भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री शिवबहादुर सक्सेना ने मुख्तार अब्बास नकवी को पुल की समस्या से अवगत कराया था, जिसके बाद मुख्तार अब्बास नकवी ने 1999 में पुल निर्माण को मंजूरी दिलाई थी। लेकिन, तब भी रामपुर के विकास विरोधी लोगों ने पुल का निर्माण कई सालों तक रोके रखा। यहां तक कि कभी भी पुल की मरम्मत नहीं कराई गई। अब भाजपा की सरकार में ही दो करोड़ रूपये से पुल की मरम्मत हुई है और पुल फिर से नया हो गया है। उन्होंने कहा कि यह पुल सिर्फ आने जाने का रास्ता नहीं, बल्कि लाखों लोगों की जीवन रेखा है। उन्होंने बताया कि पुल को फोरलेन कराने का भी प्रयास किया जाएगा।

# सड़क हादसे में घायल फैक्ट्री कर्मचारी की उपचार के दौरान मौत

**गजरौला।** सड़क हादसे में घायल एक फैक्ट्री कर्मचारी की मेरठ में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के पुत्र ने हादसे के जिम्मेदार कार चालक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानठेर निवासी जयपाल सिंह हाइवे स्थित एक फैक्ट्री में ठेकेदार के अंतर्गत में काम करते थे। वे 10 जून को डयूटी करके शाम के समय अपनी बाइक से घर वापस लौट रहे थे, तभी ख्यालीपुर गांव के सामने पीछे से आ रही तेज गति की कार ने उन्हें टक्कर मार दी थी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पहले उनका उपचार मुरादाबाद के सरकारी अस्पताल में चला, वहां से परिजनों ने उन्हें पाकबड़ा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया, यहां पर भी उनकी हालत नहीं सुधरी तो वे उन्हें मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। यहां पर भी उनका उपचार चला मगर 14 जून को उनकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मृतक के पुत्र अनित की तहरीर पर पुलिस ने कार चालक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जटपुरा पीपल गांव में दो पक्षों में फायरिंग , चार घायल

**भोट।** थाना क्षेत्र के जटपुरा पीपलगांव पुरानी रंजिश में दो पक्ष आपस में भिड़ गए। इस दौरान एक पक्ष ने अवैध असलहों से फायरिंग कर दी। मारपीट के बाद शुरू हुई फायरिंग में चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने मामले में 18 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करजांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के पीपलगांव का मजरा जटपुरा निवासी मोहम्मद आरिफ ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि वह ड्यूटी करने जा रहा था ।इसी दौरान गांव निवासी खालिद,बब्बू ,अमीर हुसैन,रिहान, फिरासत अली,इशरत अली व चार पांच अन्य व्यक्तियों ने उसे रास्ते में घेर लिया और गाली गलौज करने लगे। विरोध पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। सिर में चोट लगने के बाद आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। वहीं गांव निवासी खालिद ने रिपोर्ट दर्ज करायी है।

# तहसील बार एसोसिएशन ने किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय



रजिस्ट्री कार्यालय पर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर** । तहसील बार एसोसिएशन के आह्वान पर सोमवार को उप निबंधन कार्यालय, पर अधिवक्ताओं ने धरना-प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं की मांगों के समर्थन में उप निबंधन कार्यालय में कोई रजिस्ट्री कार्य नहीं किया गया और न ही कोई मुआयना सम्पन्न हुआ ।बार पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होंगी, आंदोलन इसी प्रकार जारी रहेगा।

धरने में प्रमुख रूप से अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह एडवोकेट, महासचिव बृजकिशोर एडवोकेट, जय प्रकाश सैन एडवोकेट, जय कुमार राणा एडवोकेट, रामनाथ सिंह एडवोकेट, कुलदीप कुमार एडवोकेट, अनिल कुमार एडवोकेट, विशाल शर्मा एडवोकेट, विनीत एडवोकेट, केशव राव प्रजापति एडवोकेट, मुजाहिद चौधरी एडवोकेट, महिपाल सिंह एडवोकेट, रवि शंकर शर्मा एडवोकेट, अमित राणा एडवोकेट, राजेश कुमार एडवोकेट, शेर सिंह भडाना एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

# गंगा एक्सप्रेसवे टोल टैक्स पर लगा जाम

जागरण मोर्चा कार्यालय



गंगा एक्सप्रेसवे टोल टैक्स पर लगा जाम। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर** ।सोमवती अमावस्या के अवसर पर गंगा धाम ब्रजघाट में गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई और नेशनल हाईवे-9 पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जिसके चलते प्रशासन द्वारा वाहनों का रुख गंगा एक्सप्रेसवे की तरफ मोड़ दिया जिससे गंगा एक्सप्रेस के टोल प्लाजा पर वाहनों की लंबी लाइन लग गई ।इसके चलते लोग घंटों तक जाम में फंसे रहे।

सबसे अधिक परेशानी महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को उठानी पड़ी। भारी संख्या में वाहनों का रुख गंगा एक्सप्रेसवे की तरफ मोड़ने के कारण गांव मंगरौला में अलीगढ़ मार्ग पर वाहनों की लंबी लाइन लग गई जिससे यातायात पूरी तरीके से प्रभावित हो गया जाम लगने की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और वाहनों को व्यवस्थित कराकर जाम खुलवाया।

कार्यक्रम

पीएम मोदी के नेतृत्व में देश ने वैश्विक स्तर पर बनाई साख : विधायक राजीव तरारा

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

जागरण मोर्चा, कार्यालय




**गजरौला।** केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर के खंड विकास कार्यालय में सोमवार को स्वास्थय शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सरकार द्वारा सभी संचालित योजनाओं से सम्बन्धित स्टाल लगाये गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी ने की जबकि विधायक राजीव तरारा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने वैश्विक स्तर पर साख बनाई है तो वहीं हमारा देश आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संचालित केन्द्र सरकार ने विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इस मौके पर सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्रा, भाजपा से पर्यवेक्षक के रूप में चन्द्रभान भाटी, चौ-विरेन्द्र सिंह समेत, बीडीओ लोकचंद आनंद, एडीओ पंचायत सतेन्द्र सिंह, पंकज कुमार समेत ग्राम पंचायत अधिकारी आदि समेत कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

# युवक के साथ मारपीट कर मोबाइल एवं रुपए छिने, पुलिस को दी तहरीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर** ।नगर में एक युवक को तीन दबंगों द्वारा मारपीट कर घायल कर दिया गया और उसकी जेब में रखे मोबाइल एवं रुपए छीन कर ले गए। घायल युवक कोतवाली पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की मांग की,पुलिस ने तहरीर लेकर घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया।

नगर के संभल बस स्टैंड निवासी सरवर पुत्र अब्दुल खालिद मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है, सोमवार की दोपहर वह मजदूरी करके घर को जा रहा था तभी उसको तीन युवक मिले और तीनों ने मिलकर शराब पी इसके बाद दोनों युवक सरवर को चामुंडा रोड पर ले गए और उसके साथ मारपीट कर उसकी जेब में रखा मोबाइल एवं 800 रूपय छीन कर ले गए। मारपीट के दौरान दबंगों द्वारा सरवर के सिर पर लाठी मार कर उसे घायल कर दिया। इसके बाद घायल सरवर कोतवाली पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायल से तहरीर लेकर उसे उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी द्वारा बताया की मामला मारपीट का है तहरीर प्राप्त हुई है घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया गया है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## सार संक्षेप

### अनुशासनहीनता पर बड़ी कार्रवाई बसपा के पूर्व मंडल जोन प्रभारी अजब सिंह पार्टी से निष्कासित

**हसनपुर** ।बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई ने पार्टी विरोधी गतिविधियों और अनुशासनहीनता के आरोप में पूर्व मंडल जोन प्रभारी अजब सिंह को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। यह कार्रवाई बसपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर जिला कार्यालय द्वारा की गई है ।बसपा जिलाध्यक्ष सोमपाल सिंह द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पूर्व मंडल जोन प्रभारी अजब सिंह लगातार पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त थे। संगठन में अनुशासनहीनता अपनाने को लेकर उन्हें कई बार चेतावनी भी दी गई थी। इसके बावजूद उनकी कार्यशैली और गतिविधियों में कोई सुधार नहीं आया। पार्टी और बहुजन मूवमेंट के हित को ध्यान में रखते हुए जिला इकाई ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निष्कासित करने का निर्णय लिया है। जब इस बारे में अजब सिंह से जानकारी की तो उन्होंने कहा कि यह करवाई विरोधियों की चाल है, मैं बसपा का सच्चा सेवक हूं और आगे भी रहूंगा।

### एक महिला व युवती को सांप ने डसा, एक की हालत गंभीर ,जिला अस्पताल रेफर

हसनपुर ।कोतवाली क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में युवती एवं महिला को सांप ने डसा लिया, दोनों के परिजन उपचार के लिए नगर के सीएचसी लेकर आए जहां एक महिला की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव मछरई निवासी महेंद्री पत्नी बबलू सोमवार को जंगल में पशुओं के लिए चारा काटने गई थी, चारा काटते समय अचानक महेंद्री के पैर में सांप ने डस लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई परिजन उसे लेकर सीएससी पहुंचे जहां उपचार के दौरान महेंद्री की हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों के द्वारा उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वही गांव महमदपुर बंगर निवासी मानसी पुत्री गजेंद्र प्रात: घर में सफाई कर रही थी। इसी दौरान मानसी को हाथ में सांप ने डस लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई परिजनों द्वारा मानसी को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। सीएचसी प्रभारी डॉक्टर धुर्वेद्र सिंह ने बताया कि सांप के काटने से दो की हालत बिगड़ गई थी एक की उपचार के बाद सही हालत होने पर उसे घर भेज दिया गया तथा एक को जिला अस्पताल उपचार के लिए रेफर कर दिया गया।



रंगो भरे कागज दिखाते बच्चे। -जागरण मोर्चा

### विजेता बच्चों उपहार देकर किया सम्मानित

**चन्दौसी।** सबरंग ज्योति आर्ट अकादमी की ओर से रघुनाथ आश्रम में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। समर कैंप में 72 बच्चों प्रतिभाग कर रहे हैं। सोमवार जूनियर व सीनियर बच्चों बीच रंग भरो प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। जूनियर बच्चों ने आराध्या वार्ष्णेय ने प्रथम, उदय ने द्वितीय, अवनी भारद्वाज ने तृतीय, सीनियर वर्ग में पूर्णिमा शर्मा ने प्रथम, चैतन्य ने द्वितीय, कुणाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान डा. राजीव लोचन शर्मा ने कहा कि जल भगवान के द्वारा हम इंसानों को दिया गया एक बहुत ही बहुमूल्य उपहार है। इसलिए इसका संरक्षण करना बहुत जरूरी है। जल को बचाना हर नागरिक का कर्तव्य है। जिस प्रकार से आज जल प्रदूषण का खतरा बढ़ता जा रहा है, तो आने वाले समय में धरती पर पानी का नामो निशान खत्म हो जाएगा। विजेता बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अन्नी सबरंग, मनोज कुमार, विनेश शर्मा, हीरा लाल, ज्ञान प्रकाश, पारुल, वैष्णवी शर्मा, बीना गुप्ता, योगेंद्र कुमार, कृष्णगोपाल वार्ष्णेय, इंद्रपाल वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।



राहगीरों को शरबत पिलाती ग्रुप पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

### भीषण गर्मी में राहगीरों को पिलाया ठंडा शरबत

**चन्दौसी।** जायन्ट्स ग्रुप महिला शक्ति की ओर सो पुरुषोत्तम मास पर अमावस्या के दिन सोमवार को राहगीरों को भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए ठंडा शरबत का वितरण किया गया। राहगीरों ने स्टाल पर ठंडे शरबत पीकर भीषण गर्मी से राहत महसूस की। ग्रुप अध्यक्ष इंदु अग्रवाल ने बताया कि पुरुषोत्तम मास में अमावस्या के दिन राहगीरों व नागरिकों को ठंडा शरबत पिलाने से बहुत पुण्य प्राप्त होता है। क्योंकि भीषण गर्मी में बार-बार गला सूखने से प्यास अधिक लगती है और प्यासे को पानी व शरबत पिलाना पुण्य का कार्य होता है। इसके अलावा जरुरतमंद बच्चों को वस्त्र व चप्पलों भेंट किए गए। स अवसर पर क्षमा अग्रवाल, मीना वार्ष्णेय, रेखा रस्तोगी, रानी अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, आशा रस्तोगी, प्रतिभा अग्रवाल, सोनम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### बस की चपेट में आने से महिला की मौत

**टांडा।** सड़क दुर्घटना में बाइक सवार महिला की मौत हो गयी ।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने निजी यात्री बस ने बाइक सवार दंपति को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में 32 वर्षीय रजनी पत्नी राम प्रकाश की इलाज के दौरान मौत हो गई। रजनी अपने पति राम प्रकाश के साथ मंगलवार को पूर्वाह्न लगभग 11 :30 बजे बाइक से मायके बेजना जा रही थीं।




अचानक सामने से आ रही निजी बस ने उनकी बाइक में तेज टक्कर मार दी। रजनी बाइक से गिर पड़ीं और बस के पहिए के नीचे आ गईं। गंभीर रूप से घायल रजनी को आसपास के लोगों की मदद से तुरंत पास ही स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां उनकी हालत नाजुक देखते हुए उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतका रजनी के पीछे दो छोटे बच्चे असहाय छूट गए हैं। पति राम प्रकाश हाट बाजार में पकौड़ी का ठेला लगाकर परिवार का गुजारा चलाते हैं। पत्नी की इस दर्दनाक मौत से पूरा परिवार सदमे में है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और लापरवाह बस चालकों के मुद्दे को तीखा कर दिया है।

# नेपाल में गूंजा 'वाटर वुमन' का वैश्विक संदेश: शिक्षा, संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण पर दिया प्रेरणादायक संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** नेपाल में बौद्ध धर्म की पवित्र भूमि लुंबिनी बौद्ध विश्वविद्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा और संस्कृति के समन्वय पर एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक आयोजन देखने को मिला। इस मंच पर मुख्य वक्ता के रूप में पर्यावरण कार्यकर्ता और "वाटर वुमन" के नाम से प्रसिद्ध शिप्रा पाठक ने अपने प्रभावशाली विचारों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में म्यांमार, श्रीलंका, चीन, जापान, भूटान सहित अनेक देशों के विद्वानों, शोधकर्ताओं और छात्रों ने भाग लिया, जिससे कार्यक्रम का स्वरूप वैश्विक और बहुआयामी बन गया। अपने संबोधन में शिप्रा पाठक ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसे प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और नैतिक जिम्मेदारी से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यदि शिक्षा प्रणाली में पर्यावरणीय चेतना को शामिल किया जाए तो आने वाली पीढ़ियां प्रकृति के संरक्षण के लिए अधिक जागरूक बनेंगी। साहित्य और संस्कृति पर अपने विचार रखते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय और नेपाली साहित्य में प्रकृति को सदैव जीवन का आधार



माना गया है। वेदों से लेकर बौद्ध ग्रंथों तक नदियों, पर्वत और वन मानव जीवन के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक प्रेरणा स्रोत रहे हैं।

अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने बताया कि उन्होंने अब तक 13 हजार किलोमीटर की पदयात्रा और 58 लाख पौधारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया है। उन्होंने यह भी बताया कि वे भारत में गंगा, गंडक सहित सात प्रमुख नदियों के संरक्षण अभियान से जुड़ी हुई हैं तथा लंदन की संसद सहित जापान, हांगकांग, इंडोनेशिया, थाईलैंड और श्रीलंका जैसे देशों में भी पर्यावरण विषय पर संवाद कर चुकी हैं। लुंबिनी की पवित्रता का उल्लेख करते हुए, उन्होंने कहा कि इस भूमि की हरियाली, यहाँ की वायु और बौद्ध दर्शन का शांत वातावरण मानव और प्रकृति के गहरे संबंध को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह स्थान केवल धार्मिक केंद्र नहीं, बल्कि पर्यावरणीय चेतना का भी प्रतीक है। भारत और नेपाल के संबंधों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि दोनों देशों की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत एक ही स्रोत से जुड़ी हुई है, जिसे किसी भी सीमा से अलग नहीं किया जा सकता।

पर्यावरणीय संकट पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने हिमालय के तेजी से पिघलने, गंगा, कोसी और गंडक जैसी नदियों के प्रदूषण तथा वनों के लगातार घटते क्षेत्र को गंभीर चेतावनी बताया। उन्होंने इसे मानव सभ्यता के लिए सबसे बड़ा खतरा करार दिया। अपने संबोधन के अंत में उन्होंने एक सकारात्मक और प्रेरणादायक दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हुए कहा कि भविष्य का लुंबिनी एक ऐसा स्थान होना चाहिए जहाँ हरियाली, स्वच्छ जल और समृद्ध वन जीवन का प्रतीक हों तथा शिक्षा, समाज और संस्कृति मिलकर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लें। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों, विद्वानों और छात्रों ने उनके विचारों की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण, शिक्षा और संस्कृति के समन्वय का अत्यंत प्रेरणादायक उदाहरण बताया। आपको बता दे वाटर वूमेन शिप्रा पाठक ने सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश के जनपद बदायूँ के उप नगर दातागंज की मूल निवासी हैं।

## सार संक्षेप



### सोमवती अमावस्या पर मुजरिया चौराहे पर श्रद्धालुओं को पिलाया गया शरबत

**मुजरिया।** सोमवती अमावस्या के अवसर पर कछला गंगा स्नान के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की सेवा में समाजसेवियों ने सराहनीय पहल की। मुजरिया चौराहे पर रूट डायवर्जन के चलते एक ओर जहां गंगा स्नानार्थियों की भारी भीड़ उमड़ी, वहीं दूसरी ओर जगह–जगह शरबत वितरण की व्यवस्था की गई। भीषण गर्मी के बीच ठंडा शरबत पीकर श्रद्धालुओं ने राहत महसूस की और सेवा कार्य की सराहना की। मुजरिया चौराहे पर समाजसेवी एवं शिक्षक राजन यादव के नेतृत्व में शरबत वितरण किया गया। इस दौरान ट्रैक्टर–ट्रॉली से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए गुजरते रहे। भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भारी वाहनों का आवागमन अस्थायी रूप से रोक दिया था, जिससे व्यवस्था सुचारू बनी रही। शरबत वितरण में तरुण चौधरी, अहिवरन सिंह, दुर्वेश कुमार और हरेंद्र सिंह का विशेष सहयोग रहा।

### नलकूप योजना से बदली किसानों की तस्वीर, बढ़ी आय और आत्मनिर्भरता



**बदायूं।** मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के तहत जिले के किसानों की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है। उथले और गहरे नलकूपों पर मिलने वाले अनुदान ने किसानों को सिंचाई के लिए आत्मनिर्भर बनाया है, जिससे उनकी खेती अधिक उत्पादक और लाभकारी हो गई है। दातागंज तहसील के रम्पुरा खुर्द गांव के किसान राजपाल, माखन और नन्हे राम को उथले नलकूप की सुविधा मिली है, जबकि पापड़ हमजापुर के धीरपाल और घिलौर के मोहन लाल ने गहरे नलकूप योजना का लाभ उठाया है। किसानों के अनुसार, पहले उन्हें सिंचाई के लिए बारिश या किराये के संसाधनों पर निर्भर रहना पड़ता था, जिससे फसल उत्पादन प्रभावित होता था। वर्तमान में उथले नलकूप पर 22 हजार रुपये की लागत में 15,400 रुपये का अनुदान दिया गया, जबकि गहरे नलकूप पर 5 .30 लाख रुपये की लागत में 3 .47 लाख रुपये की सहायता मिली। इससे किसानों को अपने खेतों के लिए स्थायी सिंचाई व्यवस्था मिल गई है। अब किसान समय पर सिंचाई कर विभिन्न फसलों की खेती कर रहे हैं। गेहूं, धान, गन्ना, मटर और सरसों जैसी फसलों का उत्पादन बढ़ा है, जिससे आय में भी निरंतर वृद्धि हो रही है। साथ ही, कुछ किसान अन्य खेतों को पानी देकर अतिरिक्त आमदनी भी कमा रहे हैं। किसानों का कहना है कि मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना ने उनकी खेती को नई पहचान दी है और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है। यह योजना ग्रामीण विकास और कृषि क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बन रही है।

# नवादा चौकी इंचार्ज के खिलाफ किसानों का घेराव, भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

## दलाली, अवैध वसूली और एकतरफा कार्रवाई का आरोप, जांच न होने पर आंदोलन की चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** भारतीय किसान यूनियन (असली) के बैनर तले नवादा पुलिस चौकी के खिलाफ किसानों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए चौकी का घेराव किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी भागमल यादव ने की, जबकि संचालन युवा जिला अध्यक्ष जसवीर यादव ने किया।



धरने को संबोधित करते भाकियू के पदाधिकारी।



सीओ को ज्ञापन देते भाकियू के लोग। –जागरण मोर्चा

प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष केपीएस राठौर ने नवादा पुलिस चौकी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि चौकी दलालों का अड्डा बन चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि चौकी प्रभारी फरियादियों और दोनों पक्षों को बुलाकर डराते-धमकाते हैं और जबरन पैसे की वसूली करते हैं। पैसा न देने पर झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी जाती है। साथ ही पीड़ितों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग कर उन्हें भगा दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बढ़ता जा रहा है, जिससे चोरी और छिनैती की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। डग्गामार वाहनों से अवैध वसूली की जा रही है तथा डबल डेकर बसों को अन्य राज्यों में आर्थिक साठगांठ के चलते संचालित कराया जा रहा है। इसके अलावा खनन माफियाओं से मिलीभगत कर अवैध खनन कराया जा रहा है और लकड़ी माफियाओं के साथ मिलकर रात के अंधेरे में हरे-भरे पेड़ों का कटान किया जा रहा है।

नगर अध्यक्ष अरुण शर्मा ने ग्राम पंचायत कुंवरगांव, हरहरपुर, मोहनपुर, नंदगांव गंज (ब्लॉक सलारपुर) में प्रधान और सचिव की मिलीभगत से सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया और जांच की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्रवाई न होने पर ब्लॉक सलारपुर पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

जिला उपाध्यक्ष हरीश पटेल ने पीडब्ल्यूडी भूमि पर अवैध कब्जों का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि सलारपुर बिजलीघर और चंद्रिका देवी इंटर कॉलेज बहेड़ी के पास अवैध दुकानों का निर्माण अधिकारियों की मिलीभगत से कराया गया है।

अंत में केपीएस राठौर ने कहा कि यदि शिकायतों का शीघ्र निस्तारण नहीं हुआ तो अगली बार भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन विभाग की कार्रवाई कराई जाएगी। प्रदर्शन में कमला देवी, गंगा सिंह चौधरी, भगवान यादव, विपिन कुमार, राजपाल सिंह, महेश, जसवीर यादव, कलेक्टर सिंह यादव, अखिलेश गुप्ता, विकास पटेल, सूरजपाल सिंह, पप्पू गुरपुरी, अवनीश शर्मा, हरबंस पटेल, अनुप मिस्त्री, द्वारकेश सिंह, मोईन भाई, परमेश्वरी सिंह, ऋषिपाल, वसीम, अशोक पटेल, एसके गौतम, प्रताप सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

# चोरी की घटना का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना उझानी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चोरी की एक घटना का सफल अनावरण करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी किए गए 4000 रुपये बरामद किए हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना उझानी पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए कादरचौक रोड से नखासा जाने वाले मार्ग पर स्थित एक खरंजे के पास ट्यूबवेल की ओर से तीन संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान दीपू पुत्र अशोक निवासी महमूपुर थाना कायमगंज जिला फर्रुखाबाद, रवि पुत्र रामप्रकाश निवासी लाल दरवाजा थाना कादरी गेट जिला फर्रुखाबाद तथा अजीत पुत्र गुड्डू निवासी ग्राम मामापुर थाना कायमगंज जिला फर्रुखाबाद के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई धनराशि में से 4000 रुपये बरामद किए गए हैं। इस संबंध में थाना उझानी में मुकदमा संख्या 218/2026 धारा 303(2), 317(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार अभियुक्तों में से रवि और अजीत का आपराधिक इतिहास रहा है। रवि के खिलाफ विभिन्न थानों में चोरी एवं आबकारी अधिनियम के तहत कई मुकदमे दर्ज हैं, जबकि अजीत पर भी चोरी, आर्म्स एक्ट एवं आबकारी अधिनियम के तहत कई मामले पंजीकृत हैं। वहीं, दीपू के खिलाफ इस मामले के अलावा कोई अन्य आपराधिक इतिहास नहीं पाया गया है।

थाना उझानी पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक कैलाश चंद्र एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने टीम की सराहना करते हुए अपराध नियंत्रण के लिए इसी प्रकार की सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मच गया है।

# सोमवती अमावस्या पर डीएम-एसएसपी ने कछला घाट का किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** सोमवती अमावस्या पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने कछला गंगा घाट पहुंचकर व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पार्किंग सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने नाव में बैठकर गंगा नदी के जल क्षेत्र का भी निरीक्षण किया तथा सुरक्षा एवं बचाव व्यवस्थाओं की स्थिति परखीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्व के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही पुलिस बल, गोताखोरों एवं आपदा प्रबंधन टीमों को पूर्ण सतर्कता के साथ तैनात रखने के निर्देश दिए।

डीएम एवं एसएसपी ने भीड़ प्रबंधन को प्राथमिकता देने, सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने तथा सभी आवश्यक सुविधाएं समय से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न विभागों के बीच समन्वय बनाकर कार्य करने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर मोहित कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# एकतरफा जांच का आरोप, अभिभावक ने प्रशासन से की निष्पक्ष कार्रवाई की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** आंवला के मदर्स प्राइड स्कूल आंवला में बच्चों के साथ कथित मारपीट और मानसिक उत्पीड़न के मामले में जांच को लेकर नया विवाद सामने आया है। शिकायतकर्ता विपिन गुप्ता ने खंड विकास अधिकारी रामनगर की जांच प्रक्रिया पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि उन्होंने अपने बच्चों के साथ हुई मारपीट और मानसिक प्रताड़ना की शिकायत संबंधित अधिकारियों से की थी, जिसके बाद मामले की जांच खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर, राजेश को सौंपी गई।

प्रार्थी के अनुसार, जांच के दौरान निष्पक्षता नहीं बरती गई। उन्होंने आरोप लगाया कि जांच अधिकारी ने फोन पर उन्हें धमकाते हुए मामला समाप्त करने का दबाव बनाया। विपिन गुप्ता का कहना है कि इस प्रकार की कार्यप्रणाली से उन्हें न्याय मिलने की उम्मीद कम हो गई है और मामले की गंभीरता को नजरअंदाज किया जा रहा है।

इस घटनाक्रम से आहत होकर प्रार्थी ने जिला शिक्षा अधिकारी बरेली और जिलाधिकारी बरेली को पत्र भेजकर निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया है कि मामले की दोबारा जांच किसी अन्य अधिकारी से कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो।

इस पूरे प्रकरण को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है और अभिभावकों में भी चिंता देखी जा रही है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या रुख अपनाता है और पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

# ब्लूमिंगडेल स्कूल दातागंज के छात्र अभय शर्मा ने जीता राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** ब्लूमिंग डेल स्कूल दातागंज में कक्षा 12 के छात्र अभय शर्मा ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित टायक्वोंडो प्रतियोगिता में राज्य स्तर से प्रतिभाग करते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक हासिल किया। इससे अभय के परिवार एवं स्कूल के साथ-साथ जनपद का नाम रोशन हुआ है।

सोमवार को जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य अनुपम प्रकाश वैश्य ने बताया कि लखनऊ के चौक स्टेडियम में उत्तर प्रदेश टायक्वोंडो एसोसिएशन द्वारा 13 व 14 जून को आयोजित नेशनल टायक्वोंडो चैंपियनशिप 2026 प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें राज्य स्तर से चयनित होने के बाद छात्र अभय शर्मा ने पारस्परिक प्रतिस्पर्धा के बीच




शानदार प्रदर्शन करके राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त कर जिले का गौरव बढाया है, स्कूल परिवार में खुशी की लहर दौड़ गयी। लखनऊ में आयोजन समिति की ओर से दिए गए प्रमाण पत्र और स्वर्ण पदक को देखकर विद्यालय निदेशक ज्योति मेहंदीरत्ता, अध्यक्षा पम्मी मेहंदीरत्ता, मुख्य व्यस्थापक ईशान मेहंदीरत्ता तथा श्वेता मेहंदीरत्ता ने छात्र अभय शर्मा की प्रतिभा को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। बधाई देने वालों में परीक्षा प्रमुख दुर्गेश झा, विभाग प्रमुख कीर्ति शर्मा, मीनाक्षी यादव व अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं प्रमुख रूप से रहे।

# मायके गई पत्नी से फोन पर की बात फिर युवक ने फंदा लगाकर दे दी जान

**बदायूं।** इस्लामनगर इलाके में दजरामपुर गांव निवासी सोन सिंह (26 वर्ष) ने आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह उसका शव कमरे में फंदे से लटका मिला। परिजन ने बताया कि पत्नी से फोन पर बात करने के बाद युवक ने आत्मघाती कदम उठाया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की। परिजन के मुताबिक सोन सिंह सोमवार सुबह घर पर था। उसकी पत्नी गुंजन अलीगढ़ जिले के हिन्नोत गांव की निवासी है और वह मायके गई हुई थी। घटना से कुछ समय पहले ही सोन सिंह की पत्नी से फोन पर बातचीत हुई थी। इसके बाद उसने कमरे के अंदर फंदा लगाकर जान दे दी। घटना का पता चलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पत्नी भी मायके से वापस आ गई। सोन सिंह पांच भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसकी असमय मौत से परिवार गहरे सदमे में है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बीमारियों का सटीक उपचार हमारी दायित्व
सुदामा हॉस्पिटल
जनरल फिजिशियन (मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पीटल)
समय - प्रत्येक दिन
दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक
DR. K. VERMA
MBBS (MD)
वरिष्ठ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, आगरा
Sr. Resident (Medicine) SGPGI, Saifai
क्या आप इन लक्षणों/बीमारियों से परेशान हैं?
- सीने में दर्द आना, बार-बार दर्द सपने आना
- चेहरे पर कील, मुंहासे, पिंप्पल होने या पेट की तो गैस
- जोड़ों का, सिर का, पैरों का दर्द व जलन होना
- बारबार बुखार आना व न उतरना
- कमजोरी का लगना व भूख न लगना
- बारबार सर्दी आना/जुकाम होने आना
- भूख कम करना, कब्ज (पिताबट) खुमार, पुराना टायफाइड (हरपिट)
- पेट में दर्द, पेट फूलना, गैस बनना या जलन
- एलर्जी, खांसी, सांस सम्बन्धी तकलीफ का पुराना रोग
- छुटनों में दर्द, पीठ दर्द, सर्वाइकल, अस्थमा
- शुरिक एशिक (बाल), गाउट रोग व अन्य
- हाई या लो बी. पी.
- हाई या लो शुगर की बीमारी, थायरॉइड, उल्टी
- दस्त, पेट दर्द, भूख न लगना
- खून की कमी व विटामिन की कमी
- जोड़ों में दर्द व गठिया, गिल्टीया बुखार
- जॉब व खाने सम्बन्धी समस्याएँ
- जेंद न आना, बेचैनी, तनाव रहना
- बिडबिड़ापन, काम करने की समस्या
- दिमाग में खुजली आना या बार-बार, बार बार
- पेशाब आना मम्ककी शिकायतें व अन्य
7078173252
इमरजेन्सी सुविधा 24 घंटे उपलब्ध
सम्पर्क सूत्र – 9690593425, 7078173252
जिओं पेट्रोल पंप के सामने, अलापुर रोड, बदायूं

## काव्य गोष्ठी

वीरेंद्र कुमार सक्सेना की जयंती पर हुई पंचम काव्यगोष्ठी, कलमकारों को मिला सम्मान

# डर नहीं लगता है मुझ को तीर से तलवार से, डर रहा हूं आदमी के दोगले व्यवहार से

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** बदायूं शहर के रेलवे स्टेशन मार्ग पर स्थित देव कैफे के हाल में काव्यदीप हिंदी साहित्यिक संस्थान द्वारा संस्थान के प्रणेता स्व. वीरेंद्र कुमार सक्सेना की जयंती के अवसर पर पंचम काव्यगोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें कलमकारों को सम्मानित किया गया।




काव्य गोष्ठी कार्यक्रम की अध्यक्षता मशहूर शायर उस्ताद अहमद अमजदी एवं मंच संचालन राजवीर सिंह तरंग ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप्ति सक्सेना दीप की सरस्वती वंदना से हुआ। शायर अहमद अमजदी बदायूँनी ने फरमाया। कि ज़माना तंग करेगा तुम्हें मुहब्बत में, अगर है प्यार किसी से तो फिर नज़र से कहो। सलामती से पहुंचना हो तुम को मंज़िल पर तो अपनी बात कभी भी न हमसफ़र से कहो।।

वरिष्ठ एवं सिद्धहस्त छंदकार कामेश पाठक ने एक बेटी की मार्मिक कहानी को छंदबद्ध कर प्रस्तुत किया कि-ईश्वर का अनमोल खजाना दुनिया का उपहार है। बेटी घर की तुलसी है, बेटी घर का श्रृंगार है। बिल्सी से तशरीफ़ लाए प्रसिद्ध कवि ओजस्वी जौहरी ने पढ़ा कि-डर नहीं लगता है मुझ को तीर से तलवार से, डर रहा हूं आदमी के दोगले व्यवहार से। कवि अमन मयंक शर्मा ने कुछ मुक्तक दोहे सुनाकर कार्यक्रम को गति प्रदान की। उन्होंने हिंदी गजल सुनाते हुए सबको भावुक कर दिया कि-भूल सकता नहीं मांझी की कहानी पापा, याद आती है हर इक बात पुरानी पापा। मशहूर ग़ज़लकार शैलेन्द्र मिश्र 'देव' ने अपनी ग़ज़लों से समां बांध दिया। उन्होंने पढ़ा कि-शख्स वो ही महान बनता है,सिर्फ़ अपना जो ध्यान रखता है। धर्म सेवा मगर दिखावे को,काम करने का नाम करता है।

कवि–शायर राजवीर सिंह तरंग ने बेहतरीन पंक्तियां पेश कि-पहले दिल से जरा मशवरा कीजिए, फिर शुरू प्यार का सिलसिला कीजिए। आपके मयकदे की पियेंगे शराब, अपनी आंखों को तुम मयकदा कीजिए।। गोष्ठी की संयोजिका कवयित्री दीप्ति सक्सेना दीप ने ईश्वर वंदना प्रस्तुत कि-अख़ियां हरि दर्शन अभिलाषी, दुनिया आकर्षण आभासी। नीर–क्षीर से प्यास मिटे न, रसना चरणामृत की प्यासी।। इनके अतिरिक्त कार्यक्रम में कवयित्री पल्लवी शर्मा, सुनील शर्मा समर्थ, अचिन मासूम, मंजू सक्सेना, गौरव सक्सेना, अनिका शाक्य, आलोक शाक्य आदि ने भी स्व. वीरेंद्र सक्सेना का भावपूर्ण स्मरण किया।

# ई-रजिस्ट्रीकरण व्यवस्था के विरोध में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने प्रस्तावित ई-रजिस्ट्रीकरण व्यवस्था का विरोध करते हुए सोमवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार सुरेंद्र कुमार को सौंपा। अधिवक्ताओं ने नई व्यवस्था को अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों एवं स्टांप विक्रेताओं के हितों के विरुद्ध बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की।

तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अल्ताफ हुसैन ने कहा कि ई-रजिस्ट्रीकरण लागू होने से दस्तावेज लेखन कार्य से जुड़े हजारों लोगों की आजीविका प्रभावित होगी और बेरोजगारी बढ़ने की आशंका है। इस दौरान अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया। ज्ञापन में पूर्व की भांति रजिस्ट्रीकरण प्रक्रिया संचालित करने की मांग की गई। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष राजेश सक्सेना, वेद प्रकाश सक्सेना, शिवशंकर पाठक, के.पी. सिंह, भेषज शरण शर्मा, राजेश भारद्वाज, गजेन्द्र यादव सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

## अमेरिका व ईरान के बीच बने समझौते मसौदे के वैश्विक मायने



अमेरिका और ईरान के बीच हाल में उभरे समझौता-ढांचे को यदि अंतिम रूप मिल जाता है, तो इसके प्रभाव केवल दोनों देशों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि पूरे पश्चिम एशिया, वैश्विक ऊर्जा बाजार और विश्व राजनीति पर पड़ेंगे। समझौते में युद्धविराम, परमाणु कार्यक्रम पर नियंत्रण, तेल प्रतिबंधों में राहत, ईरान की जमी हुई संपत्तियों की रिहाई तथा होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने जैसे मुद्दे शामिल बताए जा रहे हैं। यदि यह समझौता सफलतापूर्वक लागू होता है, तो इसे 21वीं सदी के सबसे महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक घटनाक्रमों में गिना जा सकता है। आइए इसके वैश्विक मायने को क्रमशः समझते हैं:- पहला, वैश्विक ऊर्जा बाजार को मिलेगी बड़ी राहतः होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के तेल और व्यापार का एक अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है। इस मार्ग पर रणनीति पूर्वक ईरान ने अपना मजबूत कब्जा जमा लिया है। लिहाजा, इसके खुलने और तनाव घटने से कच्चे तेल की आपूर्ति सामान्य हो सकती है, जिससे तेल की कीमतों पर दबाव कम होगा। समझौते की खबर आते ही वैश्विक बाजारों में तेल कीमतों में गिरावट और शेयर बाजारों में तेजी देखी गई। दूसरा, पश्चिम एशिया में घटेगा युद्ध का खतराः यदि अमेरिका-ईरान टकराव कम होता है, तो लेबनान, इराक, सीरिया और खाड़ी क्षेत्र में भी तनाव कम होने की संभावना बढ़ेगी। समझौते के तहत क्षेत्रीय संघर्षों को शांत करने की बात भी सामने आई है। इससे भारत को लाभ यह होगा कि यूरोप, अरब देशों, मध्य एशिया के देशों और रूस के साथ विकसित होने वाले महत्वपूर्ण व्यापारिक परिवहन कॉरिडोर के काम में गति आएगी। तीसरा, परमाणु प्रसार पर नियंत्रणः ईरान द्वारा परमाणु हथियार न बनाने, यूरेनियम संवर्धन को सीमित करने तथा परमाणु गतिविधियों पर नियंत्रण की दिशा में सहमति अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इससे मध्य पूर्व में परमाणु हथियारों की दौड़ पर कुछ हद तक रोक लग सकती है। साथ ही, पाकिस्तान पर भी परमाणु हथियार हटाने का दबाव बढ़ेगा। चौथा, चीन और रूस की रणनीति पर असरः पिछले वर्षों में ईरान, चीन और रूस के बीच रणनीतिक निकटता बढ़ी थी। इससे भारत की भी परेशानी बढ़ रही थी, क्योंकि ईरान-पाकिस्तान-अफगानिस्तान के आतंकवादी कॉरिडोर को नियंत्रित करने में अमेरिका-चीन के षड्यंत्रकारी बाधक बन रहे थे। रूस भी मजबूरी में ईरान को साथ दे रहा है। ऐसे में यदि अमेरिका-ईरान संबंध सुधरते हैं, तो तेहरान को पश्चिमी निवेश और बाजारों तक पहुंच मिल सकती है, जिससे उसकी चीन और रूस के अलावा पाकिस्तान पर रणनीतिक निर्भरता कुछ कम हो सकती है। यह वैश्विक शक्ति-संतुलन में महत्वपूर्ण बदलाव होगा। तेल आयात व अन्य सामान के सस्ता होने की संभावना बढ़ेगी। खाड़ी क्षेत्र में भारतीय प्रवासियों की सुरक्षा बेहतर होगी। चाबहार बंदरगाह और भारत-ईरान व्यापार को नई गति मिल सकती है। पश्चिम एशिया में स्थिरता भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगी। यहां चीनी हस्तक्षेप कम होने से भारत पश्चिमी मोर्चे पर मजबूत होगा। छठा, लेकिन चुनौतियां अभी बाकी हैं: चूंकि समझौते पर अभी भी पूर्ण सहमति नहीं बनी है, क्योंकि चीन-रूस दिल से ऐसा नहीं चाहते। लिहाजा, ईरान के कट्टरपंथी गुट इसका विरोध कर रहे हैं और इजराइल-हिज्बुल्लाह मोर्चे पर तनाव भी बना हुआ है। चूंकि कट्टरपंथियों ने बलिदान देकर ईरान को इतना मजबूत बनाया है। इसलिए उनके खिलाफ कोई भी ईरानी सरकार नहीं जा सकती। यही वजह है कि कई रिपोर्टों में कहा गया है कि अंतिम हस्ताक्षर और कार्यान्वयन अभी अनिश्चित हैं। निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि यदि यह समझौता सफलतापूर्वक लागू होता है, तो इसे 21वीं सदी के सबसे महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक घटनाक्रमों में गिना जा सकता है। इससे तेल बाजार स्थिर होंगे, परमाणु संकट टलेगा, पश्चिम एशिया में शांति की संभावना बढ़ेगी और भारत सहित अनेक देशों को आर्थिक लाभ मिलेगा। लेकिन इसकी स्थिरता इस बात पर निर्भर करेगी कि अमेरिका, ईरान, इजराइल और क्षेत्रीय शक्तियां अपने-अपने वादों का कितना पालन करती हैं। मेरी राय में यह समझौता जितनी जल्दी हो जाए, भारतीय हित उतनी जल्दी ही सधने शुरू जाएंगे।

# मुश्किलों के बीच मोदी की मैराथन



■ राजकुमार सिंह

नरेंद्र मोदी भारत पर सबसे लंबे समय तक शासन करने वाले प्रधानमंत्री बन गये। 2024 में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने मोदी ने देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की बराबरी की थी, तो अब प्रधानमंत्रित्वकाल के मामले में उनका रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जाहिर है, मोदी की इस उपलब्धि का भाजपा और राजग ने जश्न भी मनाया। 1989 के बाद देश जिस राजनीतिक अस्थिरता से गुजरा, उसके मद्देनजर इतना लंबा प्रधानमंत्रित्वकाल महज आंकड़ों की बात नहीं है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए इसके गहरे निहितार्थ हैं। मोदी स्वतंत्र भारत में जन्मे देश के पहले प्रधानमंत्री हैं। केंद्र में गैर कांग्रेसी सरकारों का नेतृत्व तो मोरारजी भाई देसाई, चौधरी चरण सिंह, विश्वनाथ प्रताप सिंह, चंद्रशेखर, एचडी देवगौड़ा और इंद्रकुमार गुजराल ने भी किया, पर वे मूलतः कांग्रेसी ही थे। सही मायने में देश के पहले गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी बने। उनके प्रधानमंत्रित्वकाल में देश ने दूसरा परमाणु परीक्षण भी किया, लेकिन गठबंधन सहयोगियों पर टिकी उनकी सरकारें हिचकोले ज्यादा खाती रहीं। पहली बार तो बहुमत साबित किये बिना ही 13 दिन में विदा हो गयी, जबकि दूसरी बार 13 महीने चल पायी। तीसरी बार वाजपेयी सरकार कुछ अटल नजर आ रही थी तो 'शाईनिंग इंडिया' की आत्ममुग्धता में समय पूर्व चुनाव की शिकार हो गयी। उसके बाद लगातार दस साल कांग्रेसनीत संप्रग शासन और भाजपा के दो बार चुनावी पराभव के मद्देनजर देखें तो नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद का चेहरा बनाने के बाद बदली देश की राजनीतिक तस्वीर का सही महत्व समझा जा सकता है।

देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस 2014 के लोकसभा चुनाव में मात्र 44 सीटों पर सिमट गयी तो चार दशक लंबे अंतराल के बाद किसी एक दल के रूप में भाजपा स्पष्ट बहुमत पाने में सफल हो गयी। दरअसल 2014 का चुनाव परिणाम केंद्र में सत्ता परिवर्तन से ज्यादा देश में राजनीतिक का परिवर्तन था, जो अब लगातार तीसरी बार केंद्र में मोदी सरकार और देश के तीन-चौथाई राज्यों में भाजपा या राजग सरकार के रूप में हमारे सामने है। इसलिए मोदी के प्रधानमंत्रित्वकाल के 12 साल सिर्फ एक आंकड़ा नहीं है, देश के राजनीतिक परिदृश्य में निर्णायक बदलाव भी है। मुख्य शासक दल के रूप में भाजपा ने कांग्रेस की जगह ले ली है, पर सक्रिय और प्रभावशाली विपक्षी दल के रूप में कांग्रेस अभी तक भाजपा की जगह लेती नहीं दिखती। 2014 में 44 सीटों पर सिमटी कांग्रेस विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' बना कर 2024 में अपनी सीटें 99 तक पहुंचाने में तो सफल रही, पर गठबंधन धर्म से ले कर जिम्मेदार विपक्ष तक की भूमिका के निर्वाह में नाकाम ही नजर आती है।



बेशक 2019 के लोकसभा चुनाव में 282 से भी आगे 303 सीटों तक पहुंच गयी भाजपा 2024 में 240 सीटों पर ही ठिठक गयी, लेकिन ऐन चुनाव से पहले चंद्रबाबू नायडू की तेलुगु देशम् पार्टी और नीतीश कुमार के जनता दल यूनाइटेड की राजग में वापसी सत्ता की हैट्रिक के लिए नरेंद्र मोदी और अमित शाह का मास्टर स्ट्रोक साबित हुआ। यह सच है कि यह भाजपा नहीं, राजग सरकार है, पर सरकार की कार्यशैली पर उसका ज्यादा असर नजर नहीं आता। बेशक संसदीय लोकतंत्र में संख्या गणित महत्वपूर्ण होता है। इसीलिए संसद में परिसीमन विधेयक गिर गया, लेकिन उसे भी दोबारा ला कर पारित करवाने को प्रतिबद्ध मोदी सरकार किसी भी मोर्चे पर अपनी रफ्तार मंद करती नजर नहीं आती। चुनौतियां पिछले प्रधानमंत्रित्वकालों में भी पेश आयी थीं, लेकिन मोदी सरकार कई मोर्चों पर ऐतिहासिक दिशा-परिवर्तन में सफल रही है। धारा 370 की समाप्ति, तीन तलाक प्रथा की समाप्ति, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण और समान नागरिक संहिता राजनीतिक मुद्दे तो दशकों से रहे, पर उन्हें मुकाम तक मोदी सरकार ने ही पहुंचाया। राज्यसभा में बहुमत बिना ऐसे दिशा-परिवर्तक निर्णय सरकार के दृढ़ संकल्प के साथ ही कुशल राजनीतिक प्रबंधन का प्रमाण भी हैं। बेशक अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का निर्णय सर्वोच्च न्यायालय से आया, लेकिन उसके लिए जरूरी और अनुकूल पैरवी का श्रेय तो सरकार को जाता ही है। विधायिका में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण 2029 से ही लागू करने के इरादों पर परिसीमन विधेयक गिरने से ब्रेक तो लगा है, पर खासकर पश्चिम बंगाल जीत के बाद तेजी से बदलते राजनीतिक समीकरणों में वह ब्रेक इसी साल हट जाये तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। 'एक देश, एक चुनाव' की दिशा में भी सरकार बढ़ ही रही है।

बात पश्चिम बंगाल की हो रही है तो मोदी राज में भाजपा के राजनीतिक विस्तार पर भी नजर डालना जरूरी है। पूर्ववर्ती जनसंघ के 1977 में जनता पार्टी में विलय के बाद 1980 में नया अवतार लेनेवाली भाजपा अगले लोकसभा चुनाव में मात्र दो सीटों पर सिमट गयी थी। उसी चुनाव में राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस 400 से भी ज्यादा सीटें जीतने में सफल रही थी, जो कभी किसी प्रधानमंत्री और दल को नहीं मिलीं। जाहिर है, वैसी निराशाजनक शुरूआत के बाद केंद्रीय सत्ता तक का सफर आसान तो हरगिज नहीं रहा। कभी 13 दिनों में केंद्रीय सत्ता से विदाई झेली तो कभी 13 महीने में। वही भाजपा आज न सिर्फ केंद्र में लगातार तीसरी बार सत्तारूढ़ है, बल्कि देश के तीन-चौथाई राज्यों में भी उसकी या उसकी अगुवाईवाले राजग की सरकारें हैं। कभी शहरी सवर्ण वर्ग की पार्टी कही गयी भाजपा की सत्ता का कमल आज पूर्वोत्तर से ले कर पश्चिम भारत तक खिल रहा है। गुजरात में वह दशकों से सत्ता में है, तो हरियाणा जैसे राज्य में भी उसने सत्ता की 'हैट्रिक' का करिश्मा कर दिखाया है। उत्तर प्रदेश में भी अगली साल सत्ता की हैट्रिक में शायद ही किसी को संदेह हो। बिहार में पहले भाजपाई मुख्यमंत्री का सपना साकार हो चुका है तो श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म स्थली बंगाल में भी पिछले महीने प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार पदारूढ़ हो चुकी है। हां, दक्षिण भारत में सत्ता का सूनापन अवश्य अखरता होगा, पर वहां की भिन्न जमीनी राजनीतिक जरूरतों को समझे बिना और उसके अनुरूप दीर्घकालीन रणनीति बनाये बिना वहां कमल खिल पाना मुश्किल है। दक्षिण भारत की राजनीति का प्रवेश द्वार कहे जानेवाले कर्नाटक में कमल खिला भी था, पर उसके मुरझा जाने में बागवानों की गलतियां भी कम नहीं रहीं। फिर भी मुश्किलों के बीच मोदी की यह मैराथन भारतीय राजनीति का ऐतिहासिक अध्याय है।

# डिजिटल पंचायतों का नया भारत

*राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2026 के परिणाम इस परिवर्तन के सशक्त प्रमाण हैं। इन पुरस्कारों ने न केवल पंचायतों की उपलब्धियों को राष्ट्रीय पहचान दी है, बल्कि यह भी सिद्ध किया है कि विकसित भारत 2047 का सपना गांवों की भागीदारी के बिना साकार नहीं हो सकता।*

भारत के लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति उसकी पंचायतों में निहित है। संविधान के 73वें संशोधन ने जिस पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक आधार प्रदान किया था, आज वही व्यवस्था डिजिटल तकनीक, डेटा आधारित निर्णय और नागरिक-केंद्रित सेवाओं के माध्यम से विकास की नई इबारत लिख रही है। राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2026 के परिणाम इस परिवर्तन के सशक्त प्रमाण हैं। इन पुरस्कारों ने न केवल पंचायतों की उपलब्धियों को राष्ट्रीय पहचान दी है, बल्कि यह भी सिद्ध किया है कि विकसित भारत 2047 का सपना गांवों की भागीदारी के बिना साकार नहीं हो सकता।



■ डॉ. बलकार सिंह

पंचायती राज मंत्रालय की चार पहलों का राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2026 के लिए चयनित होना अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह केवल तकनीक के उपयोग का सम्मान नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाने के प्रयासों की स्वीकृति है। इस वर्ष 1-2 जुलाई को जयपुर में आयोजित होने वाले 29वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन में इन पुरस्कारों को प्रदान किया जाएगा। सम्मेलन का विषय– 'विकसित भारत 2047: एआई-सक्षम, डेटा-संचालित और सुरक्षित डिजिटल शासन '–भारत के प्रशासनिक भविष्य की दिशा को स्पष्ट करता है।

सबसे उल्लेखनीय उपलब्धि पंचायती राज मंत्रालय के पंचायत उन्नति सूचकांक को प्राप्त स्वर्ण पुरस्कार है। यह पहल देशभर की ग्राम पंचायतों के विकास प्रदर्शन का वैज्ञानिक और डेटा- आधारित मूल्यांकन करती है। स्थानीय सतत विकास लक्ष्यों के नौ विषयों पर आधारित यह सूचकांक पंचायतों को केवल योजनाओं के क्रियान्वयन तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उन्हें परिणामोन्मुख शासन की ओर प्रेरित करता है। यह पहली बार है जब ग्राम पंचायतों के विकास को इतने व्यापक और तथ्यपरक तरीके से मापा जा रहा है। डेटा आधारित शासन की यह संस्कृति आने वाले समय में ग्रामीण प्रशासन की दिशा और दशा दोनों बदल सकती है। राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2026 में महाराष्ट्र के सांगली जिले की कादेपुर ग्राम पंचायत का स्वर्ण पुरस्कार जीतना विशेष रूप से प्रेरणादायक है। यह पंचायत आज डिजिटल भारत की वास्तविक तस्वीर प्रस्तुत करती है। यहां 4,300 से अधिक लाभार्थियों को 1,355 से अधिक सेवाएं पूर्णतः ऑनलाइन उपलब्ध कराई जा रही हैं। पूरी पंचायत कागजरहित ई-ऑफिस प्रणाली पर कार्य कर रही है। आठ एआई-संचालित प्रशासनिक अनुप्रयोग, ब्लॉकचेन आधारित रिकॉर्ड प्रबंधन और जीआईएस आधारित संपत्ति जियो-टैगिंग जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग यह दर्शाता है कि तकनीकी नवाचार केवल महानगरों तक सीमित नहीं है। कादेपुर देश की एकमात्र ग्राम पंचायत है जिसके पास कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ब्लॉकचेन, नैनो तकनीक, जैव प्रौद्योगिकी और रोबोटिक्स पर औपचारिक रूप से स्वीकृत नीतियां हैं। यह उपलब्धि बताती है कि यदि नेतृत्व दूरदर्शी हो तो गांव भी वैश्विक स्तर की तकनीकी प्रयोगशाला बन सकते हैं।



इसी प्रकार त्रिपुरा की बिजॉय नगर ग्राम पंचायत ने रजत पुरस्कार प्राप्त कर यह सिद्ध किया है कि डिजिटल परिवर्तन केवल तकनीक का प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक भागीदारी का भी विषय है। इस पंचायत ने सहभागी शासन, वित्तीय जवाबदेही और डिजिटल समावेशन का उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किया है। पंचायत उन्नति सूचकांक में इसका स्कोर 88.55 तक पहुंच गया है, जो पिछले संस्करण की तुलना में 38 प्रतिशत अधिक है। सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि महिलाओं में 100 प्रतिशत डिजिटल साक्षरता प्राप्त करना है। यहां 100 से अधिक सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं तथा 'ग्राम बार्ता' मंच के माध्यम से प्रत्येक परिवार तक वास्तविक समय में सूचना पहुंचाई जाती है। यह उदाहरण बताता है कि जब तकनीक समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचती है, तभी उसका वास्तविक उद्देश्य पूरा होता है। महाराष्ट्र के नंदुरबार जिला परिषद की 'ई-आरोग्य धामनी' पहल को मिला स्वर्ण पुरस्कार ई- गवर्नेंस की सामाजिक उपयोगिता को रेखांकित करता है। आदिवासी और दूरस्थ क्षेत्रों में डिजिटल माध्यमों से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना आसान कार्य नहीं है। इस पहल ने सिद्ध किया है कि तकनीक का सर्वोत्तम उपयोग तभी है जब वह उन लोगों तक पहुंचे जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। स्वास्थ्य सेवा में यह डिजिटल हस्तक्षेप प्रशासनिक नवाचार के साथ-साथ सामाजिक न्याय का भी उदाहरण है। इन उपलब्धियों का महत्व इसलिए और बढ़ जाता है क्योंकि राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कारों में ग्राम पंचायतों के लिए समर्पित श्रेणी की शुरुआत हाल के वर्षों में ही हुई है। वर्ष 2025 में महाराष्ट्र की रोहिणी ग्राम पंचायत, त्रिपुरा की पश्चिम मजलिशपुर ग्राम पंचायत, गुजरात की पल्साना ग्राम पंचायत और ओडिशा की सुकाटी ग्राम पंचायत को सम्मानित किया गया था।

वहीं 2026 में 30 राज्यों की 1.65 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों ने भागीदारी की। यह संख्या बताती है कि देशभर की पंचायतें डिजिटल शासन को अपनाने के लिए उत्साहित हैं और प्रतिस्पर्धात्मक भावना के साथ नवाचार कर रही हैं।

फिर भी चुनौतियां कम नहीं हैं। देश के अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट कनेक्टिविटी, डिजिटल अवसंरचना, साइबर सुरक्षा और तकनीकी प्रशिक्षण की कमी अब भी महसूस की जाती है। डिजिटल प्लेटफॉर्म तभी प्रभावी होंगे जब पंचायत प्रतिनिधियों, कर्मचारियों और नागरिकों को उनका उपयोग करने के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध हों। डिजिटल विभाजन को समाप्त किए बिना डिजिटल लोकतंत्र की परिकल्पना अधूरी रहेगी।

राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2026 का सबसे बड़ा संदेश यही है कि भारत का भविष्य केवल स्मार्ट शहरों में नहीं, बल्कि स्मार्ट गांवों में भी बसता है। पंचायती राज संस्थाएं अब केवल स्थानीय प्रशासनिक इकाइयां नहीं रहीं; वे नवाचार, सेवा वितरण, सामाजिक समावेशन और डेटा आधारित विकास की अग्रदूत बन रही हैं। पंचायत उन्नति सूचकांक, कादेपुर, बिजॉय नगर और ई-आरोग्य धामनी जैसी पहलें दिखाती हैं कि गांवों में परिवर्तन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

महात्मा गांधी ने ग्राम स्वराज का जो सपना देखा था, वह आत्मनिर्भरता, पारदर्शिता और जनभागीदारी पर आधारित था। आज डिजिटल तकनीक उस स्वप्न को आधुनिक स्वरूप प्रदान कर रही है। यदि देश की पंचायतें इसी प्रकार तकनीक को जनकल्याण का माध्यम बनाती रहीं, तो विकसित भारत 2047 केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि एक साकार होती हुई वास्तविकता बन जाएगा। राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2026 ने यह साबित कर दिया है कि भारत की विकास यात्रा की सबसे मजबूत नींव गांवों में ही रखी जा रही है और डिजिटल पंचायतें ही भविष्य के भारत की नई पहचान बनने जा रही हैं।

**(लेखक इग्नू, नई दिल्ली में सहायक प्राध्यापक हैं।)**

# सांसद, विधायक की सीटों का आरक्षण रोटेट होने की जरूरत

कलम से...



**आनन्द प्रकाश गुप्ता**

**एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि जिन क्षेत्रों को आरक्षित किया जाता है, वहां सामान्यतः अनुसूचित जाति अथवा जनजाति वर्ग की जनसंख्या पहले से ही पर्याप्त होती है।**



भारतीय संविधान निमार्ताओं ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग को राजनीतिक मुख्यधारा में लाने तथा उन्हें उचित प्रतिनिधित्व दिलाने के उद्देश्य से संसद और विधानसभाओं में आरक्षण की व्यवस्था की थी। यह व्यवस्था सामाजिक न्याय की भावना पर आधारित है और देश के लोकतांत्रिक ढांचे का महत्वपूर्ण अंग है।

वर्तमान व्यवस्था में लोकसभा और विधानसभा की अनेक सीटें दशकों से लगातार आरक्षित बनी हुई हैं। परिसीमन होने के बाद भी अधिकांश आरक्षित सीटों में बहुत बड़ा परिवर्तन दिखाई नहीं देता। परिणामस्वरूप आरक्षण का लाभ कुछ निश्चित क्षेत्रों तक सीमित रह जाता है, जबकि अन्य क्षेत्रों के अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लोगों को राजनीतिक नेतृत्व का अवसर नहीं मिल पाता। एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि जिन क्षेत्रों को आरक्षित किया जाता है, वहां सामान्यतः अनुसूचित जाति अथवा जनजाति वर्ग की जनसंख्या पहले से ही पर्याप्त होती है। ऐसी स्थिति में कई स्थानों पर सामान्य सीट होने पर भी आरक्षित वर्ग का प्रत्याशी अपनी सामाजिक स्वीकार्यता, जनाधार और राजनीतिक क्षमता के बल पर चुनाव जीत सकता है। इसलिए यह मान लेना कि केवल आरक्षित सीट होने पर ही उस वर्ग का प्रतिनिधित्व संभव है, हर स्थिति में सही नहीं माना जा सकता। लंबे समय तक एक ही सीट के आरक्षित रहने से एक अन्य समस्या भी उत्पन्न होती है। कई बार कुछ सीमित परिवारों या राजनीतिक समूहों का प्रभाव स्थापित हो जाता है और आरक्षित वर्ग के भीतर भी नए नेतृत्व के उभरने की संभावनाएं कम हो जाती हैं। लोकतंत्र की मजबूती नए नेतृत्व, नई सोच और व्यापक भागीदारी में निहित है। यदि अवसर सीमित लोगों तक सिमट जाएं, तो आरक्षण का मूल उद्देश्य भी प्रभावित होता है। क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से भी यह विषय महत्वपूर्ण है। जब किसी क्षेत्र की सीट वर्षों तक एक ही श्रेणी में आरक्षित रहती है, तो राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का दायरा सीमित हो सकता है। वहीं अन्य वर्गों के लोग भी उस क्षेत्र में राजनीतिक रूप से सक्रिय होने के प्रति कम रुचि दिखाते हैं। इससे लोकतांत्रिक सहभागिता और विकास की गति दोनों प्रभावित होने की आशंका रहती है। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि आरक्षित सीटों का एक पारदर्शी और वैज्ञानिक चक्रानुक्रम निर्धारित किया जाए। यदि प्रत्येक परिसीमन की प्रतीक्षा करने के बजाय निश्चित अवधि के बाद आरक्षित सीटों का रोटेशन हो, तो देश के विभिन्न क्षेत्रों के अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लोगों को जनप्रतिनिधि बनने का अवसर मिलेगा। इससे नए नेतृत्व का विकास होगा और आरक्षण का लाभ अधिक व्यापक रूप से समाज तक पहुंचेगा। लोकतंत्र का आधार समान अवसर और व्यापक भागीदारी है। आरक्षण का उद्देश्य किसी क्षेत्र को स्थायी रूप से आरक्षित बनाए रखना नहीं, बल्कि वंचित वर्गों को नेतृत्व के अवसर उपलब्ध कराना है। इसलिए आरक्षण को बनाए रखते हुए आरक्षित सीटों का नियमित चक्रानुक्रम लागू किया जाना चाहिए। इससे सामाजिक न्याय भी सुरक्षित रहेगा, राजनीतिक अवसरों का समान वितरण भी होगा और देश के सभी क्षेत्रों में संतुलित विकास का मार्ग भी प्रशस्त होगा। आरक्षण बना रहे, लेकिन आरक्षित सीटों का लाभ भी पूरे समाज और पूरे देश में समान रूप से पहुंचे–यही लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की वास्तविक भावना है।

# भतीजे के मोह में टूटी टीएमसी

सुख के सब साथी, दुः दुःख में ना कोई। ममता बनर्जी जब तक सत्ता में रहीं तब तक सब उनके साथ थे लेकिन आज ना केवल विधायक और सांसद बल्कि कभी उनके बेहद खास रहे लोग भी साथ छोड़ रहे हैं। ममता का अपने भतीजे के प्रति मोह के कारण पार्टी टूट रही है। पश्चिम बंगाल में सरकार बदलते ही वहां जो हो रहा है उसने ममता बनर्जी की नींद उड़ा दी है। लोकसभा सांसद कल्याण बनर्जी ने चेतावनी दी है कि ममता अपने भतीजे अभिषेक और उनमें से किसी एक को चुनें। अगर पार्टी में भतीजा रहेगा तो वह पार्टी छोड़ देंगे। यह सब उन कल्याण बनर्जी ने कहा जो हमेशा कदम-कदम पर ममता के साथ खड़े रहे। केवल कल्याण बनर्जी ही नहीं, शत्रुघ्न सिन्हा, सौगत रॉय, महुआ मोइत्रा, सागरिका घोष सहित अन्य नेता ममता बनर्जी के प्रति तो विश्वास दिखा रहे हैं लेकिन वे अभिषेक का नाम लेने से बच रहे हैं। बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बाद से अभिषेक लगातार निशाने पर हैं। बागी ही नहीं, ममता समर्थकों का गुस्सा भी अभिषेक पर फूट रहा है। लोकसभा में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सबसे वरिष्ठ नेता 80 साल के सौगत रॉय ने कहा कि वो भारी दुखी है क्योंकि उनका ममता से मिलना तो दूर, अब बात होना भी मुश्किल है। ऐसे में पार्टी कैसे चलेगी? अब गेंद ममता बनर्जी के पाले में है कि वे तृणमूल कांग्रेस को टूटते हुए देखती रहेंगी या अभिषेक को लेकर कोई फैसला करेंगी? विधानसभा चुनाव बाद पश्चिम बंगाल से जो तस्वीरें आईं वो ममता के लिए किसी सदमे से कम नहीं हैं। ये तो साफ है कि तृणमूल कांग्रेस पर लोगों को डराने धमकाने, जबरन वसूली, तोलाबाजी टैक्स, कट मनी, भ्रष्टाचार के जो आरोप लगते थे वो निराधार नहीं थे। अब इन सबके प्रमाण भी सामने आ रहे हैं और तृणमूल कांग्रेस के जो नेता पकड़े जा रहे हैं उनके खिलाफ आम जनता का गुस्सा भी साफ दिख रहा है लेकिन सवाल ये है कि ये स्थिति बनी कैसे?

# लखनऊ में रेलवे से बड़ा होगा 'मेट्रो का नेटवर्क', बिछेगा 150 किमी रेल ट्रैक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** लखनऊ में मेट्रो नेटवर्क के बड़े विस्तार की तैयारी चल रही है। प्रस्तावित योजना के तहत नए कॉरिडोर विकसित किए जाएंगे और आसपास के उपनगरीय क्षेत्रों को जोड़ा जाएगा। परियोजना पूरी होने पर परिवहन व्यवस्था और कनेक्टिविटी में बड़ा बदलाव आने की उम्मीद है। यात्रियों को बेहतर सुविधाएं और सुगम आवागमन मिलेगा।

एक ओर लखनऊ मेट्रो के सेकेंड फेज के तेजी से टेंडर हो रहे हैं। जुलाई से निर्माण कार्य शुरू करने की योजना है। दूसरी तरफ लखनऊ के चप्पे-चप्पे तक मेट्रो पहुंचाने की तैयारी हो रही है। 150 किमी रेलवे ट्रैक बिछाया जाएगा। दस नए कॉरिडोर बनेंगे।

इससे लखनऊ में रेलवे से बड़ा मेट्रो का नेटवर्क हो जाएगा। सूत्र बताते हैं कि बाराबंकी, संडीला, उन्नाव, इटौंजा, मोहनलालगंज तक कनेक्टिविटी बढ़ जाएगी। प्रोजेक्ट दस साल में पूरा होगा और इस पर करीब 30 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

इसके लिए उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की ओर से विस्तृत कार्ययोजना(डीपीआर) बनाई जा रही है। इससे पूर्व हुए सर्वे की रिपोर्ट सरकार को भेजी जा चुकी है, जिस पर मेट्रो सेवा विस्तार को मंजूरी दे दी है।



दरअसल, लखनऊ के पहले फेज के तहत मुंशीपुलिया से अमौसी एयरपोर्ट तक मेट्रो का संचालन हो रहा है। सेकेंड फेज में चारबाग से बसंतकुंज के बीच मेट्रो का संचालन होना है। इसमें एलिवेटेड व अंडरग्राउंड स्टेशनों सहित डिपो के टेंडर हो गए हैं। निर्माण कार्य जुलाई से शुरू होने की उम्मीद है। इसी क्रम में मेट्रो की टीम दायरे को और बढ़ाने में लगा हुआ है। यह विस्तार 150 किलोमीटर तक किया जाएगा। मेट्रो सेवा का विस्तार होने से लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। आगामी वर्षों में लखनऊ मेट्रो शहर की सीमाओं को पार करके आसपास के उपनगरीय इलाकों तक पहुंच जाएगी। मेट्रो द्वारा कराए गए सर्वे के आधार पर नेटवर्क विस्तार का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

इस योजना के तहत शहर में तकरीबन दस नए मेट्रो कॉरिडोर विकसित किए जाएंगे। इसकी रिपोर्ट को शासन को भेज दिया है। सरकार ने मेट्रो कॉरिडोर के विस्तार को मंजूरी भी दे दी है। अगले 10 वर्षों में लखनऊ मेट्रो शहर की सीमाओं को पार करके आसपास के उपनगरीय इलाकों तक पहुंच जाएगी। इस पर 30 हजार करोड़ से अधिक खर्च आने की उम्मीद जताई जा रही है। लखनऊ मेट्रो सेवा का विस्तार चप्पे-चप्पे तक हो जाएगा। लखनऊ की सीमाओं को पूरी तरह टच करेगी। सूत्र बताते हैं कि अयोध्या रोड पर मेट्रो बाराबंकी तक, सीतापुर रोड पर इटौंजा, कानपुर रोड पर उन्नाव, हरदोई पर संडीला के अतिरिक्त पीजीआई व मोहनलालगंज को भी विस्तार किया जाएगा। एयरपोर्ट से मुंशी पुलिया वाली मेट्रो लाइन को आगे तक बढ़ाकर या जाएगा। मेट्रो विस्तार होने से लखनऊ की अनुमान के मुताबिक 35 से 40 लाख की आबादी तक मेट्रो की पहुंच हो सकेगी। मेट्रो प्रशासन की ओर से तैयार कराए जा रहे डीपीआर में सभी मेट्रो स्टेशनों पर पर्याप्त पार्किंग सुविधाओं को विकसित किया जाएगा। यहां ई-साइकिल, ई-बाइक जैसी ई-व्हीकल सेवाएं भी यात्रियों को मिलेंगी।

# सीएम योगी से मिले जेवर एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले किसान

## मुख्यमंत्री योगी बोले- पहली बार मुझे भी मना कर दिया था

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** जेवर एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए संचालित पहली उड़ान सोमवार को सुबह करीब 9:55 बजे चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंची। इस उड़ान की सबसे खास बात यह रही कि इसमें जेवर एयरपोर्ट परियोजना के लिए भूमि देने वाले 172 किसान शामिल थे, जिन्होंने पहली बार हवाई यात्रा का अनुभव किया।

लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचने के बाद किसानों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। पहली बार विमान में सफर करने का सपना पूरा होने पर किसानों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर संवाद किया। 172 किसानों के दल में 20 महिला किसान भी शामिल थीं। सभी किसान जेवर क्षेत्र से लखनऊ पहुंचे और मुख्यमंत्री से मुलाकात



कर विभिन्न विकास कार्यों, विशेषकर क्षेत्र में हुए बुनियादी ढांचे के विकास को लेकर आभार व्यक्त किया।

बताया गया कि किसान प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र में चल रही विकास परियोजनाओं और उनसे मिले लाभों को लेकर मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। संवाद के दौरान किसानों ने अपने अनुभव साझा किए तथा कृषि और ग्रामीण विकास से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की।

सीएम योगी ने कहा, मुझे याद है कि जब हमारी कैबिनेट ने जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए प्रस्ताव पारित किया, तो हमने अधिकारियों को समय-सीमा दी थी कि 100 दिन में जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई शुरू हो जाए, लेकिन यह शुरू नहीं हो पाई। मैं वहां गया तो किसानों के साथ बैठक की। करीब 100 किसानों से हमने कहा कि हमें एयरपोर्ट बनाना है, लेकिन वाकई में मुझे यही सुनने को मिला कि हम जमीन नहीं देंगे।

मैंने कहा कि आपको एक घंटे का समय दे रहा हूं। यह एयरपोर्ट आपकी तस्वीर बदल देगा, क्योंकि समय सबका आता है,कुछ बन जाते हैं, कुछ बिखर जाते हैं। जो मौके को गंवा देता है, वह बिखर जाता है। आपने मुझ पर विश्वास किया। इसके बाद कार्रवाई युद्धस्तर पर आगे बढ़ी। इसका परिणाम यह है कि 13 हजार एकड़ से अधिक जमीन पर पहले फेज का काम पूरा होकर नया इतिहास रच दिया गया है।

किसान योगेश कुमार ने बताया कि मात्र 25 मिनट में नोएडा से लखनऊ पहुंचना अविश्वसनीय अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट परियोजना से क्षेत्र का तेजी से विकास होगा, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और प्रदेश के दो बड़े शहरों के बीच आवागमन आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से मिलकर इस ऐतिहासिक पहल के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं। वहीं योगेंद्र पाल सिंह ने कहा कि पहली बार विमान यात्रा कर बेहद अच्छा महसूस हो रहा है।



शॉर्ट सर्किट से लगी आग में शुक्ला क्राकरी एंड टेंट हाउस का नकदी सहित सामान जलकर राख।

# शॉर्ट सर्किट से भड़की आग बिजली, काकरी एवं टेंट का सारा सामान जलकर राख

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** शॉर्ट सर्किट से अचानक लगी आग से शुक्ला क्राकरी एंड टेंट हाउस की नकदी सहित लगभग साढ़े 12 लाख का सामान जलकर राख हो गया। टेंट हाउस स्वामी राकेश शुक्ला ने बताया कि आगजनी की घटना की जानकारी उन्हें सुबह 6 बजे मिली। तब वह गहरी नींद में सोए थे। विधायक भुवन कापड़ी ने स्थलीय निरीक्षण कर आगजनी की घटना पर दुख व्यक्त करते हुए हाउस स्वामी को हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया।

मेलाघाट रोड़ पिटकुल के सामने शुक्ला क्राकरी एंड टेंट हाउस की दुकान थी। सुबह के समय अचानक शार्ट सर्किट से लगी आग से टेंट हाउस क्राकरी एवं इलेक्ट्रॉनिक का सारा सामान जलकर राख में तब्दील हो गया। फायर ब्रिगेड की सहायता से वमुश्किल आग पर काबू पाया गया। दुकान स्वामी राकेश शुक्ला ने बताया कि दुकान में 40 हजार की नकदी पड़ी थी। आग से नकदी, इलेक्ट्रॉनिक्स, टेंट हाउस आदि सामान जलकर राख में तब्दील हो गया। पीड़ित ने इस घटना की सूचना नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चन्द्र जोशी एवं सभासद को दी हैं।

## सार संक्षेप



सुंदरकांड पाठ के आयोजन में सम्मिलित महिलाएं। -जागरण मोर्चा

### कैंची धाम स्थापना दिवस पर हुआ सुंदरकांड पाठ

**खटीमा।** कैंची धाम स्थापना दिवस के पावन अवसर पर खटीमा में सुंदरकांड पाठ एवं प्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बाबा नीम करोरी महाराज के पावन आशीर्वाद से किया गया। आयोजकों द्वारा सुंदरकांड पाठ के बाद बाबा नीम करोरी महाराज एवं हनुमान जी की पूजा-अर्चना की गई। पूजा अर्चना कार्यक्रम सेना के सेवानिवृत्त पुरोहित पं. विष्णु दत्त भट्ट द्वारा संपन्न कराया गया। उसके उपरांत श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद भंडारे के रूप में वितरित किया गया। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमी को धार्मिक आयोजन में सहभागिता करने तथा प्रसाद ग्रहण करने के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु ने बाबा नीम करोरी महाराज एवं श्री हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त कर धर्म लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजन में रमेश चन्द्र भट्ट, भुवन चन्द्र भट्ट, कमलेश भट्ट, नमन भट्ट, लोकेश भट्ट, जय भट्ट, रमेश चन्द्र जोशी, किशन सिंह किन्ना, जीवन धामी, हिमांशु बिष्ट, गोविंद मेहता, गौरव नेगी, अमर चंद, बबली प्रजापति, पप्पू प्रजापति, दीपक जोशी आदि का सहयोग रहा।

### वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या और सूने होते घर चिंताजनक : मुख्यमंत्री योगी ने जताई चिंता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुजुर्गों के सामने आने वाली कठिनाइयों पर चिंता व्यक्त करते हुए सोमवार को कहा कि एक ओर घर सूने होते जा रहे है, वहीं दूसरी ओर वृद्धाश्रमों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों की सेवा और सहायता करना सनातन संस्कृति का प्रमुख मूल्य है। विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों के नाम लिखे एक पत्र में मुख्यमंत्री ने कहा, ' 'यह तथ्य मन को विचलित करता है। आखिर ऐसी स्थिति क्यों उत्पन्न हुई? एक संवेदनशील नागरिक के रूप में हमें इस पर विचार करना चाहिए।' ' संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, 15 जून को विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा, ' 'जिन लोगों ने अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया, वे जीवन के चौथे चरण में अकेले पड़ जाते हैं। उन्हें दूसरों पर निर्भर होना पड़ता है।' ' उन्होंने कहा कि आज के समय में युवा रोजगार और अन्य कारणों से घरों से दूर रहते हैं, जिसके कारण वृद्ध माता-पिता की देखभाल करने वाला कोई नहीं होता। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को सबसे अधिक अपनत्व की आवश्यकता होती है, लेकिन दुर्भाग्यवश उन्हें अपने ही लोगों के दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ता है। आदित्यनाथ ने कहा कि उच्चतम न्यायालय को भी एक आदेश में लोगों को अपने वृद्ध माता-पिता के प्रति जिम्मेदारियों की याद दिलानी पड़ी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन संस्कृति में माता-पिता और गुरु को ईश्वर के समान माना गया है। इस संदर्भ में उन्होंने भगवान गणेश की अपने माता-पिता भगवान शिव और माता पार्वती के प्रति भक्ति का भी उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन धर्म की धार्मिक और सामाजिक परंपराएं पारिवारिक संबंधों और मूल्यों पर आधारित हैं। उन्होंने कहा, ' 'सनातन परंपरा में बड़ों के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद लेने की परंपरा है, क्योंकि ये हमारे अनुभव, संस्कृति और जीवन मूल्यों की सच्ची धरोहर हैं।' ' आदित्यनाथ ने इस दौरान केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न वृद्धजन कल्याण योजनाओं का भी उल्लेख किया।

# आशा कार्यकर्ताओं ने मानदेय कटौती और अतिरिक्त ड्यूटी का किया विरोध

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** आशा कार्यकर्ताओं ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को संबोधित ज्ञापन डॉ. बी.पी. सिंह को सौंपकर मानदेय में कटौती और अतिरिक्त ड्यूटी लगाए जाने का विरोध जताया है। आशा कार्यकर्ताओं का कहना है कि पहले पल्स पोलियो अभियान में उन्हें प्रतिदिन 100 रुपये मानदेय दिया जाता था, जिसे घटाकर 75 रुपये कर दिया गया है। इससे जिले की आशा कार्यकर्ताओं में नाराजगी व्याप्त है। ज्ञापन में आशा कार्यकर्ताओं ने कहा कि उन्हें गांवों में टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच, प्रसव संबंधी कार्यों सहित अनेक जिम्मेदारियां निभानी पड़ती हैं। इसके बावजूद बिना पूर्व सूचना और बिना सहमति



सीएमओ को संबोधित ज्ञापन डॉ. बीपी सिंह को सौंपती आशा कार्यकर्ता।

के अतिरिक्त ड्यूटी लगाई जा रही है, जो उचित नहीं है। उनका कहना है कि कम मानदेय में बढ़ते कार्यभार के कारण आर्थिक और मानसिक दबाव बढ़ रहा है। आशा कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि पल्स पोलियो अभियान सहित अन्य कार्यक्रमों में पूर्व निर्धारित मानदेय को बहाल किया जाए तथा किसी भी अतिरिक्त कार्य के लिए उचित पारिश्रमिक दिया जाए। साथ ही निर्वाचन आयोग के कार्यों में बीएलओ के साथ ड्यूटी लगाए जाने पर भी आपत्ति जताते हुए कहा कि पहले से ही स्वास्थ्य विभाग के कार्यों में व्यस्त आशा कार्यकर्ताओं पर अतिरिक्त बोझ न डाला जाए। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द विचार नहीं किया गया तो जिले की आशा कार्यकर्ता 75 रुपये प्रतिदिन के मानदेय पर कार्य करने से इंकार कर सकती हैं। ज्ञापन देने वालों में लक्ष्मी जोशी, ललिता देवी, आशा देवी, नीमा भट्ट, पार्वती चंद, कांति देवी, पुष्पा उप्रेती, चंपा शर्मा, मीरा, केसवी, अनीता बिष्ट, सुनीता देवी, पुनीता राणा, अनीता, दीपा अधिकारी आदि आशा कार्यकर्ता मौजूद थी।

# परिषदीय स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियां खत्म मंगलवार से खुलेंगे प्रदेश भर के स्कूल



जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** ग्रीष्मावकाश समाप्त होने के बाद 16 जून से सभी परिषदीय विद्यालय खुल जाएंगे। सुबह आठ से दोपहर 12:30 बजे तक इनका संचालन होगा। बीएसए विपिन कुमार ने सभी प्रधानाध्यापकों को समय से विद्यालय खोलने का आदेश जारी कर दिया है। बच्चों के बैठने व भोजन की व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए प्रधानाध्यापकों से कहा गया है।

बता दें कि 20 मई से गर्मियों की छुट्टियां हुई थीं। इनकी अवधि 15 जून तक थी। हालांकि, शिक्षकों का कहना है कि अभी गर्मी ज्यादा है, इसलिए 20 जून तक छुट्टियों का समय बढ़ाया जाए। बीएसए ने कहा कि जिन शिक्षकों को ड्यूटी जनगणना में लगी है, उन्हें स्वतः रिलीव माना जाएगा। अभी जिन बच्चों को निशुल्क किताबें नहीं मिली हैं, उनकी संख्या प्रधानाध्यापकों से मांगी गई है। उसी संख्या के आधार पर किताबों का वितरण होगा। खंड शिक्षा अधिकारियों को भी समय से कार्य पुस्तिकाएं वितरित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राध्यापकों का विदाई एवं स्वागत समारोह संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय से स्थानांतरित होकर जाने वाले प्राध्यापकों को भावभीनी विदाई दी गई और नए कार्यभार संभालने वाले प्राध्यापकों का स्वागत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में नवागत प्राध्यापकों का पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया। वहीं, इस महाविद्यालय से अन्यत्र स्थानांतरित हुए प्राध्यापकों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। अपने संबोधन में प्राचार्य प्रो. पाण्डेय ने विदा ले रहे सभी प्राध्यापकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके कार्यकाल की सराहना





नवागत प्राध्यापकों का पुष्प भेंट कर स्वागत करते महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज कुमार पाण्डेय। -जागरण मोर्चा

की। साथ ही उन्होंने नए आए प्राध्यापकों से अपेक्षा जताई कि वे पूरी तन्मयता और सामंजस्य के साथ महाविद्यालय की शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों को और गति प्रदान करेंगे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. प्रवीण कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय से स्थानांतरित हुए प्राध्यापकों में डॉ. अंजना भट्ट, डॉ. भगीरथ भट्ट बेलवाल, डॉ. धीरज महतौली, डॉ. अविनाश मिश्र, डॉ. रवीन्द्र नन्द जोशी, डॉ. रेखा यादव, डॉ. के.एस. नेगी और डॉ. सुरेंद्र सिंह शामिल रहे। वहीं, नवागत प्राध्यापकों के रूप में प्रो. सुनील कुमार कटियार, डॉ. संजय कुमार दिनकर, डॉ. संजय गंगवार, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. जगजीत सिंह, डॉ. संजय कुमार, डॉ. आदेश कुमार, डॉ. अर्चना त्रिपाठी और डॉ. मनोज कुमार ने कार्यभार ग्रहण किया।

**बैठक** तय किया कैसे फतेह होगा मिशन 2027

# लखनऊ में बनी बदायूं की रणनीति : अखिलेश यादव ने नेता-कार्यकर्ताओं में भरा जोश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश में जब-जब चुनाव आता है चाहे वह विधानसभा चुनाव हो या फिर लोकसभा चुनाव हो। तब तब चुनावी रणनीति की स्क्रिप्ट लखनऊ और सफाई में लिखी जाती है। समाजवादी पार्टी के लिए उत्तर प्रदेश की राजनीति में चुनाव के दौरान जीत दिलाने में मैनपुरी, सैफई, इटावा के अलावा फिरोजाबाद, कन्नौज, आजमगढ़ के साथ बदायूं जनपद भी अहम भूमिका निभाता है। इसीलिए मिशन 2027 से पहले समाजवादी पार्टी और सपा के मुखिया अखिलेश यादव ने चुनावी रणनीति बनाना शुरू कर दी है। जिसको लेकर लखनऊ में बैठक आयोजित कर बदायूं की राजनीति और रणनीति को समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने तय कर दिया है और जनप्रतिनिधियों से लेकर पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को



दिशा निर्देश दिए हैं।

सोमवार को लखनऊ स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मिशन 2027 को लेकर पार्टी की ओर से एक विशेष बैठक की गई। यह विशेष बैठक बदायूं की राजनीति को लेकर हुई है। जिसकी अध्यक्षता सपा मुखिया अखिलेश यादव के नेतृत्व में की गई और बदायूं जनपद के सभी जनप्रतिनिधि पदाधिकारी संगठन कार्यकर्ता आदि बुलाए गए। बैठक में सपा मुखिया अखिलेश यादव के अलावा आजमगढ़ से सांसद धर्मेंद्र यादव और बदायूं से सांसद आदित्य यादव सहित सपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल रहे। बदायूं के जिला अध्यक्ष आशीष यादव और शेखूपुर विधायक हिमांशु यादव पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेमपाल सिंह सहित तमाम पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल रहे। इस दौरान सपा मुखिया अखिलेश यादव ने मिशन 2027 को लेकर विधानसभा वार समीक्षा की और चर्चा की। इस दौरान हर विधानसभा में जातिगत आंकड़ों पर विचार किया गया और विधानसभा चुनाव 2017 एवं 2022 इसके अलावा लोकसभा चुनाव 2019 एवं 2024 के आंकड़ों पर विचार किया गया। इसके अलावा विधानसभाओं पर तमाम अलग-अलग बिंदुओं पर चर्चा कर प्रत्याशियों की तुलनात्मक चर्चा भी की गई।

समाजवादी पार्टी की ओर से लखनऊ पार्टी कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई है बैठक केवल बदायूं जनपद की राजनीति के गतिविधियों को लेकर आयोजित। सपा मुखिया अखिलेश यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिले भर से तमाम पदाधिकारी कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि पहुंचे थे। नए पुराने चेहरे भी थे लेकिन बैठक के दौरान पुराने चेहरे साइड में नजर आए और नए चेहरे को तवज्जो मिलता दिखा है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव की ओर से लखनऊ पार्टी कार्यालय पर बदायूं के जनप्रतिनिधियों पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की बैठक की गई। जिसमें बदायूं जनपद से संगठन पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि के साथ-साथ तमाम ऐसे चेहरा पहुंचे जिन्हें अलग-अलग विधानसभाओं से टिकट चाहिए है।

# गृह क्षेत्र के तीन दिवसीय भ्रमण एवं जन मिलन के दौरान अनेक कार्यक्रम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने गृह क्षेत्र में तीन दिवसीय भ्रमण एवं जनसंपर्क के बाद आज सोमवार सुबह वापस लौट गए। मुख्यमंत्री धामी ने लोहियाहेड स्थित हेलीपैड पर क्षेत्र की जनता जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से बातचीत की। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने कैंप कार्यालय में आम लोगों की समस्याएं सुनीं। इसके समाधान के लिए संबंधित विभागाधिकारियों को निर्देशित किया।

तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान सीएम धामी जहां क्षेत्र में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर क्षेत्र की जनता से मिले वहीं उनके द्वारा निज आवास नगर तराई में खेती किसानी का भी लुफ्त उठाया गया। उन्होंने अपनी माता बिशना देवी के साथ अपने खेत में गोबर की खाद डाली तथा क्षेत्र के किसानों को जैविक खाद



अपनी माता के साथ खेत में काम करते सीएम पुष्कर सिंह धामी।



खेत में गोबर की खाद डालते सीएम पुष्कर सिंह धामी। -जागरण मोर्चा



खेत में हाथ ट्रैक्टर चलते सीएम पुष्कर सिंह धामी। -जागरण मोर्चा

के प्रति प्रेरित किया। छोटे हाथ के ट्रैक्टर से खेत की जुताई भी की। मुख्यमंत्री धामी ने अपने गांव के पूर्णागिरी मंदिर पहुंचकर शीश नवाया तथा मंदिर परिसर पर साफ-सफाई की। स्वच्छता एवं संरक्षण का संकेत देते हुए उन्होंने मंदिर परिसर पर रुद्राक्ष के पौधे का रोपण किया। मुख्यमंत्री धामी ने रविवार को शानदार प्रगति पदयात्रा में प्रतिभाग किया। लोहिया हेड रोड से निकली प्रगति पदयात्रा नगर के मुख्य चौराहे पर आयोजित इस यात्रा में बड़ी संख्या में नगर एवं आसपास के लोगों ने प्रतिभा किया। कार्यक्रम में लोग राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर सम्मिलित हुए। प्रगति पथ यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में लोग देशभक्ति, विकास, जन समर्थन बतौर सम्मलित हुए। प्रगति पथ यात्रा पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क तक पहुंची जहां कम धामी ने उपाध्याय की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा के लिए महान विभूतियों एवं शहीद की शहादत को सदैव प्रेरणा स्रोत बताया।

इस दौरान आम जनता ने सीएम धामी का गर्म जोशी से स्वागत किया। इस दौरान दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, रंजीत सिंह नामधारी, किशन सिंह बिष्ट किन्ना, दर्जा मंत्री मोहिनी पोखरिया, हुकुम सिंह कुंवर, मोहन पाठक, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश जोशी, सागर सिंह धामी, पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा, प्रेम सिंह टूरना, रविंद्र सिंह राणा, दीपक मेहरा, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजयुमो सतीश भट्ट, महामंत्री रमेश जोशी, विवेक सक्सेना, अमित पांडे, रंदीप पोखरिया, नवीन पांडे, अशोक बत्रा, भुवन भट्ट, नवीन पांडे, नवीन भट्ट, भवानी भंडारी, विमला मुड़ेला, बिमला बिष्ट, निता सक्सेना, महेन्द्र ठाकुर, सावित्री कन्याल, किशन सिंह आदि सम्मिलित थे।

## कैंची धाम स्थापना दिवस पर सरबत-चना प्रसाद वितरण


लोगों को बितरण किया गया चना शरबत। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** परम पूज्य बाबा नीम करोली महाराज के पावन आश्रम कैंची धाम स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर हरीदेव दीक्षित, धनवती मार्केट, नई बाजार, कुर्रेया खुर्द कला में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ सरबत एवं चना प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया तथा बाबा नीम करोली महाराज के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने बाबा के आदर्शों एवं मानव सेवा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान आने-जाने वाले राहगीरों, श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को सरबत और चना प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना रहा तथा लोगों ने बाबा नीम करोली महाराज की जयकारों के साथ स्थापना दिवस मनाया।

इस अवसर पर अनुज दीक्षित, अचलेन्द्र मिश्र 'अचल', राहुल देवल, संतोष देवल, प्रसून दीक्षित, अनमोल दीक्षित, शशांक दीक्षित, हिमांशु मिश्रा एवं गौरव पाण्डेय राहुल बुकस्टोर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सोमवती अमावस्या पर कछला घाट पर उमड़ी की भीड़, श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** कछला घाट पर सोमवती अमावस्या पर सोमवार सुबह हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और पुण्य कमाया। इस मौके पर कुछ संस्थाओं की ओर से लोगों के लिए गर्मी में शरबत का वितरण किया गया। कोई अनहोनी न हो, इसके लिए पुलिस फोर्स और प्रशासनिक अधिकारी तैनात किये गए हैं, स्टीमर से पुलिस लगातार लोगों को हिदायत देती नजर आई।

सोमवती अमावस्या पर गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला सोमवार तड़के से ही शुरू हो गया। सुबह नौ बजे के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा हुआ तो घाट हर-हर गंगे से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाने के बाद पहले सूर्यदेव को अर्घ्य दिया, फिर मंत्रोच्चार कर पूजन किया। कई श्रद्धालुओं ने पुरोहितों से भी पूजन कराया। गंगा स्नान का दौर दोपहर बाद तक चला।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नगर पंचायत प्रशासन की ओर से साफ सफाई की व्यवस्था की गई थी। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने चाट-पकौड़ी समेत खानपान की अन्य वस्तुओं का भी लुत्फ उठाया। महिलाओं ने मीना बाजार में श्रृंगार के सामान की खरीदारी की। गंगा किनारे के आश्रमों में दोपहर बाद तक संकीर्तन चला। इसके अलावा दोनों कुष्ठ आश्रम में श्रद्धालुओं ने लोगों को भोजन कराया।

सोमवती अमावस्या पर गंगा स्नान करने का राजस्थान के लोगों में भी खास महत्व है। राजस्थान के भरतपुर, धौलपुर समेत कई और जिलों से श्रद्धालु एक दिन पहले ही गंगाघाट पर आना शुरू हो जाते हैं। वह शूकर क्षेत्र सोरों में भी पूजन करते हैं, लेकिन गंगा स्नान को ज्यादा वरीयता देते हैं। राजस्थान के श्रद्धालुओं में राजेश ने बताया कि वह अपने परिवार के लोगों को भी स्नान कराने लाए हैं।

## सार संक्षेप

### दरांती दिखाकर घास काट रही युवती से दुष्कर्म पुलिस ने तहरीर के आधार पर दर्ज किया केस

**पूरनपुर।** खेत पर घास लेने गई युवती को गलत नीयत से दबोच लिया। दरांती दिखाकर दुष्कर्म किया। युवक ने समझौता न करने पर घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती ने बताया उसके साथ एक युवक ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। जिसका मामला कोर्ट में विचाराधीन है। आरोप है कि वह आठ जून को खेत पर घास लेने गई थी। वहां पर युवक वहां पहुंच गया। उसको खेत पर गलत तरीके से दवोच लिया। विरोध करने पर युवक ने दरांती को दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर पड़ोस की एक महिला मौके पर पहुंच गई। तब तक युवक मौके से फरार हो गया। घर पहुंची युवती ने घटना की जानकारी परिवार को दी। युवती ने बताया कि युवक ने इससे पहले भी उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे चुका है। जिसका मामला कोर्ट में चल रहा है। इस मामले में उस पर समझौता करने का दबाव बनाया जा रहा है। समझौते से मना करने पर युवक ने दोबारा दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। मामले की तहरीर मिलने पर कोतवाली पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने बताया मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। युवक की तलाश की जा रही है।

### महंगाई, बेरोजगारी और किसान समस्याओं को लेकर सपा का प्रदर्शन



महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ प्रदर्शन में भाग लेते सपाई।

**पूरनपुर।** समाजवादी पार्टी ने सोमवार को बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ता जुलूस के रूप में तहसील पहुंचे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। ज्ञापन में पेट्रोल–डीजल व रसोई गैस की कीमतों पर नियंत्रण, किसानों को समय पर यूरिया उपलब्ध कराने, खाद की कालाबाजारी रोकने, आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा तथा गन्ना किसानों के बकाया भुगतान की मांग उठाई गई। सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह "जग्गा" ने कहा कि महंगाई से किसान, मजदूर और मध्यम वर्ग परेशान हैं। वहीं युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार "राजू" ने बेरोजगारी और पेपर लीक की घटनाओं पर चिंता जताई। ज्ञापन में स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल सुविधाओं के विकास, जर्जर सड़कों के निर्माण, बेहतर पेयजल व्यवस्था और निर्बाध बिजली आपूर्ति की मांग भी शामिल रही। कार्यक्रम में सपा के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

### फरार दलित युवती हुई बरामद, बयान के लिए भेजा

**पूरनपुर।** घुंघचाई क्षेत्र के एक गांव की निवासी युवती को विशेष समुदाय के एक युवक द्वारा बहला–फुसलाकर ले गया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर युवती को बरामद कर बयान दर्ज के लिए भेजा है। क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने वताया कि उसकी पुत्री को 12 जून को गांव निवासी विशेष समुदाय का युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया था। घर में रखा माल जेवर और नकदी भी साथ ले गई थी। आरोप था कि जब वह युवक के घर जानकारी लेने पहुंची तो वहां मौजूद लोगों ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। जातिसूचक शब्द कहकर घर से भगा दिया गया था। पुलिस ने शादाब, सदीक व शादाब की मां, उजमा व मुस्कान के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने युवती को बरामद कर लिया। पुलिस ने युवती को बयान दर्ज कराने के लिए भेजा है। युवक को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने वताया कि युवती को बरामद कर लिया गया है।

# महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं को लेकर सपा का प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** समाजवादी पार्टी और युवजन सभा ने सोमवार को बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, डीजल-पेट्रोल की लगातार बढ़ रही कीमतों, किसानों की विभिन्न समस्याओं तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया।

सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने सपा कार्यालय से जुलूस निकालकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और तहसील पहुंचकर तहसीलदार आशुतोष गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में आम जनता बढ़ती महंगाई की मार झेल रही है। खाद्य पदार्थों, रसोई गैस, बिजली,


तहसीलदार को ज्ञापन देते सपाई। –जागरण मोर्चा

डीजल और पेट्रोल की कीमतों में लगातार वृद्धि होने से लोगों का घरेलू बजट पूरी तरह बिगड़ गया है।

उन्होंने कहा कि महंगाई पर नियंत्रण करने में सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है, जिसका खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि प्रदेश और देश में बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। लाखों शिक्षित युवा रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं, लेकिन उन्हें रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी भर्तियों में देरी और बार-बार पेपर लीक होने की घटनाओं से युवाओं का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को मानसिक, आर्थिक और सामाजिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खाद, बीज, कीटनाशक और सिंचाई पर बढ़ते खर्च के कारण किसान आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। कई क्षेत्रों में आवारा पशुओं से फसलों को नुकसान पहुंच रहा है, जिससे किसानों की परेशानियां और बढ़ गई हैं। सरकार को किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए। इस दौरान सपा नेता राजकुमार राजू, नौमान अली बारसी, संजय खान, मुन्ने मियां अंजाना सहित कई मौजूद रहे।

# विशेष अभियान में 137 वाहनों का चालान, 5.12 लाख जुर्माना


नियमों के विरुद्ध वाहन चलाने की चेकिंग करते अधिकारी। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जनपद के टोल प्लाजाओं पर 13 व 14 जून को यातायात नियमों के उल्लंघन के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान में पुलिस ने 137 वाहनों का चालान कर 5.12 लाख का शमन शुल्क वसूला। अभियान के दौरान नशे में वाहन चलाने पर 23, प्रेशर हॉर्न पर 56, हूटर/सायरन पर 24, फाल्टी नंबर प्लेट पर 28, मॉडिफाइड साइलेंसर पर 3 तथा नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर 3 चालान किए गए। कार्रवाई बीसलपुर, गजरौला और यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से की गई।

# सोमवती अमावस्या पर इकोत्तरनाथ मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** सोमवार को सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर क्षेत्र के प्रसिद्ध इकोत्तरनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही भक्तों का मंदिर पहुंचना शुरू हो गया था। दिनभर मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र श्रद्धालुओं की आवाजाही से गुलजार रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की।

सोमवती अमावस्या के अवसर पर आयोजित मेले में आसपास के गांवों के अलावा दूर-दराज क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने के बाद श्रद्धालुओं ने मन्नतें मांगी और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। मंदिर परिसर में भक्ति और आस्था का वातावरण देखने को मिला।


इकोत्तरनाथ मंदिर पर पूजा अर्चना करते श्रदालु। –जागरण मोर्चा

श्रद्धालुओं द्वारा जयकारों के उद्घोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

इस अवसर पर मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे की व्यवस्था में क्षेत्र के समाजसेवियों और श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न स्थानों पर शरबत और शीतल पेयजल के प्याऊ भी लगाए गए। भीषण गर्मी के बीच इन प्याऊओं पर लोगों की अच्छी खासी भीड़ देखी गई। देर शाम तक श्रद्धालुओं का मंदिर में आना-जाना जारी रहा और पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह एवं श्रद्धा का माहौल बना रहा।

## ससुराल आया पुवायां का युवक लापता, गुमशुदगी दर्ज

**पूरनपुर।** ससुराल आया शाहजहांपुर का युवक लापता हो गया। काफी तलाश करने के बाद भी कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने सास की ओर से गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

शाहजहांपुर जिले के पुवायां थाना क्षेत्र के गांव गंगासरा निवासी आकाश पुत्र ओमप्रकाश की घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव जितौरिया टांडा निवासी सोमवती के यहां ससुराल है। कुछ दिन पहले वह अपनी ससुराल आया था। 14 जून को आकाश घर से रहस्य में तरीके से लापता हो गया। देर शाम तक वापस नहीं आया तो परिजनों में हड़कंप मच गया।

परिवार के लोगों ने नाते रिश्तेदारों के अलावा पास पड़ोस के गांव में भी युवक के बारे में जानकारी जुटाई। लेकिन कोई पता नहीं चल सका। गायब हुए युवक की सास सोमवती ने थाने पहुंच कर पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने सास की ओर से आकाश की गुमशुदगी दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया मामले में गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। युवक की तलाश के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं।

## जिला कृषि अधिकारी ने किया निरीक्षण, किसानों से किया संवाद

जागरण मोर्चा कार्यालय

- खाद वितरण को लेकर मिल रहीं थी लगातार शिकायतें

**पूरनपुर।** इफको केंद्र पूरनपुर पर किसानों द्वारा खाद वितरण संबंधी शिकायत मिलने पर जिला कृषि अधिकारी विनीत कुमार ने सोमवार को केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खाद वितरण व्यवस्था का जायजा लिया और किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।

जिला कृषि अधिकारी ने केंद्र पर मौजूद किसानों से खाद वितरण, रेट एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने किसानों से यह भी पूछा कि कहीं खाद की कालाबाजारी, ओवररेटिंग या जबरन टैगिंग जैसी कोई शिकायत तो नहीं है। किसानों से की गई पूछताछ में किसी भी किसान ने किसी प्रकार की अनियमितता या परेशानी की शिकायत नहीं की। निरीक्षण के दौरान जिला कृषि अधिकारी ने केंद्र प्रभारी को खाद वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराई जाए तथा वितरण के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए केंद्र पर पेयजल और पंखों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

जिला कृषि अधिकारी विनीत कुमार ने बताया कि केंद्र की शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान खाद वितरण कार्य सामान्य रूप से संचालित पाया गया। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है और केंद्र पर पानी तथा पंखों की बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। यदि भविष्य में किसी किसान को खाद वितरण या अन्य कृषि संबंधी कार्यों में कोई समस्या आती है तो प्रशासन तत्काल कार्रवाई करेगा। निरीक्षण के दौरान केंद्र के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचा विवाहिता का शव, मचा कोहराम

**पूरनपुर।** गांव सिकरहना में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में विषाक्त पदार्थ के सेवन से मौत हो थी। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। उर्मिला देवी पुत्री श्रीकृष्ण निवासी ग्राम पसिगनपुर, थाना सिंधौली, जनपद शाहजहांपुर की शादी करीब आठ वर्ष पूर्व घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव सिकरहना निवासी छोटेलाल के साथ हुई थी।

शनिवार को उर्मिला देवी ने अपने घर पर ही संदिग्ध परिस्थितियों में कोई विषाक्त पदार्थ खा लिया था। रविवार सुबह उपचार के दौरान उर्मिला देवी ने दम तोड़ दिया था। पुलिस मौके पर गई। शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद विवाहिता का शव घर आया तो परिवार में कोहराम मच गया। गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## पीलीभीत टाइगर रिजर्व: चूका की सैर कर रहे सैलानियों पर दौड़ा बाघ

**पीलीभीत।** टाइगर रिजर्व के चूका पर्यटन स्थल पर रविवार को बोटिंग के दौरान एक बाघ सैलानियों की ओर दौड़ पड़ा। इससे बोट में सवार पर्यटक दहशत में आ गए और बोट चालक से दूर जाने को कहने लगे। घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। वन विभाग को घटना की जानकारी दी गई। इसके बाद चूका के आसपास निगरानी बढ़ा दी गई है।




समस्या | तहसील पहुंच कर विरोध प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू टिकैत गुट का प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को जोरदार ढंग से उठाया और तहसील पहुंचकर प्रशासन के माध्यम से शासन को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन का नेतृत्व संगठन के पदाधिकारियों ने किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि किसान लंबे समय से विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। किसानों को फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है, जबकि खेती की लागत लगातार बढ़ती जा रही है। खाद, बीज, कीटनाशक


ज्ञापन देते भाकियू टिकैत गुट। –जागरण मोर्चा

और सिंचाई पर होने वाले खर्च ने किसानों की आर्थिक स्थिति को प्रभावित किया है। किसानों ने आवारा पशुओं से फसलों को हो रहे नुकसान, विद्युत आपूर्ति की समस्याओं, सिंचाई व्यवस्था में सुधार तथा गन्ना किसानों के बकाया भुगतान समेत अन्य मुद्दों को भी उठाया।

उन्होंने कहा कि समय पर समस्याओं का समाधान नहीं होने से किसानों में रोष व्याप्त है। भाकियू टिकैत गुट के कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर में प्रदर्शन करते हुए सरकार और प्रशासन से किसानों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार करने की मांग की। इसके बाद उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर किसानों के हित में आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र ध्यान नहीं दिया गया तो संगठन आंदोलन को और तेज करने के लिए बाध्य होगा। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में किसान और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## योग सप्ताह का शुभारंभ, सीडीओ ने बताया योग का महत्व


योग सप्ताह की शुरूआत पर मौजूद मुख्य विकास अधिकारी। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के तहत ललित हरि राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज में योग सप्ताह का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्रा ने किया। प्राचार्य डॉ. संदीप सहाय बेदार ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि डॉ. अजय पाल ने योग एवं आध्यात्मिकता पर विचार रखे।

सीडीओ ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन का प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम में चिकित्सक, योग प्रशिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. भारत ज्योति ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# कोर्ट के आदेश के बाद भी नहीं हटा ग्राम समाज की जमीन से कब्जा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** प्रदेश सरकार लगातार प्रदेश में भू-माफिया अवैध कब्जे को लेकर लगातार बुलडोजर की कारवाई कर रही है। इसके बावजूद दातागंज क्षेत्र ग्राम अन्दरऊ का एक मामला सामने आया है जिसमें पीड़ित लगभग एक साल से तहसील के चक्कर काटने के बाद तहसीलदार न्यायालय के स्पष्ट आदेश के बावजूद ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा हटाया नहीं गया है।

डीएम से की गई शिकायत के अनुसार आरोप है कि दबंग प्रवृत्ति के लोग आदेश को दरकिनार कर अब भी जमीन पर काबिज हैं, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया जाता है कि तहसीलदार न्यायालय ने उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा 67 के अंतर्गत सुनवाई करते हुए संबंधित भूमि को ग्राम समाज की संपत्ति मानते हुए अवैध कब्जा हटाने और जुर्माना लगाने के निर्देश दिए थे। आदेश में स्पष्ट कहा गया था कि निर्धारित समय सीमा में कब्जा नहीं हटाया गया तो प्रशासन स्वयं कार्रवाई कर भूमि को खाली कराएगा। इसके बावजूद मौके की हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। शिकायतकर्ता के अनुसार, दबंगों ने न तो कब्जा हटाया और न ही न्यायालय के आदेश का पालन किया। उल्टा, मौके पर निर्माण और गतिविधियां जारी हैं, जिससे गांव के आम रास्ते और सार्वजनिक उपयोग की जमीन प्रभावित हो रही है। पीड़ित ने इस पूरे मामले को लेकर थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि आदेश के बावजूद कब्जा न हटाना कानून की अवहेलना है और इससे गांव में तनाव की स्थिति बन रही है। उन्होंने पुलिस से तत्काल हस्तक्षेप कर कब्जा हटवाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर ऐसे ही आदेशों की अनदेखी होती रही तो कानून का डर खत्म हो जाएगा। अब सभी की निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं कि वह कब तक इस मामले में सख्ती दिखाता है और ग्राम समाज की भूमि को कब्जा मुक्त कराता है।

## सार संक्षेप

### सड़क पर अचानक कुत्ता आने से टकराईं तीन बाइकें, पांच पुलिसकर्मी घायल

बदायूं। अलापुर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह सड़क हादसे में पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। ये सभी कछला में गंगा स्नान ड्यूटी के लिए जा रहे थे। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। यह हादसा अलापुर थाना क्षेत्र के ककराला कस्बे के पास एक पेट्रोल पंप के सामने हुआ। बिनावर थाने में तैनात पुलिसकर्मी तीन बाइकों से अटैना गंगा घाट जा रहे थे। अचानक एक कुत्ता सड़क पर आ गया। उसे बचाने के प्रयास में आगे चल रही बाइक अनियंत्रित हो गई। इससे पीछे आ रही दोनों बाइकों का संतुलन बिगड़ गया। तीनों बाइक आपस में टकराकर सड़क पर गिर गईं। हादसे में सिपाही सावन दांगी, रोशन कुमार, अंकुर, आरती और हिमांशी चौधरी घायल हुए। पुलिस ने सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार, सभी पुलिसकर्मियों को सामान्य चोटें आई हैं। उनकी हालत स्थिर है। घायलों ने बताया कि हेलमेट पहनने से उन्हें गंभीर चोटों से बचाव हो गया।

### सोमवती अमावस्या पर जायंट्स ग्रुप ने बांटा शरबत




**बिसौली।** सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर जायंट्स ग्रुप ऑफ बिसौली रॉयल्स द्वारा शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय लोगों, श्रद्धालुओं और राहगीरों को शरबत वितरित किया गया, जिसे सभी ने प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सेवा भाव से लोगों को शरबत पिलाया। इस दौरान अध्यक्ष क्षमा वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष पूनम वार्ष्णेय, सेक्रेटरी साक्षी गुप्ता, पिंकी वार्ष्णेय, राहुल वार्ष्णेय, आदित्य गुप्ता, मुनीश गुप्ता, शेखर वार्ष्णेय, शशांक वार्ष्णेय, अंजली, रेनू अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, सुप्रीत गुप्ता, हिमानी गुप्ता, रजनीश शर्मा, श्रुति शर्मा, तरुण गुप्ता, कनक गुप्ता, डॉ. गौरव, गर्व, मनीष वार्ष्णेय, निशा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सेवा और सहयोग का भाव देखने को मिला, वहीं गर्मी के बीच शरबत वितरण से लोगों को राहत भी मिली।

### अमेरिकी हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत पर कांग्रेस ने जताई नाराज़गी

**बदायूं।** ईरान के स्ट्रेट ऑफ हॉर्मयूज के निकट भारतीय मालवाहक जहाजों पर अमेरिकी सेना द्वारा किए गए हमलों में तीन भारतीय नाविकों की मौत पर बदायूँ जिला कांग्रेस कमेटी ने कड़ी निंदा की है। कांग्रेस ने मृतक नाविकों को श्रद्धांजलि देने के लिए 16 जून को कैंडल मार्च आयोजित करने की घोषणा की है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजीत यादव ने जारी बयान में कहा कि ओमान के तट के पास अमेरिकी सेना द्वारा भारतीय कमर्शियल जहाजों पर हमला किया जाना बेहद निंदनीय और चिंताजनक है। उन्होंने इसे अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में शक्ति प्रदर्शन और दबदबा कायम करने की कोशिश बताया। उन्होंने बताया कि 9 जून को कमर्शियल जहाज एमटी 'सेटेबेलो' पर हुए हमले में कुल 24 भारतीय क्रू मेंबर सवार थे, जिनमें से 21 को सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि तीन नाविकों—आदित्य शर्मा (डेक कैडेट), शिवंद चौरसिया (इंजन फिटर) और पटनाला सुरेश (चीफ इंजीनियर)—की मौत हो गई। अजीत यादव ने कहा कि यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले 8 जून और 11 जून को भी खाड़ी क्षेत्र में भारतीय क्रू मेंबर्स वाले अन्य जहाजों पर हमले किए गए थे, हालांकि उन घटनाओं में सभी नाविक सुरक्षित बचा लिए गए थे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री द्वारा इस घटना की निंदा न किए जाने पर भी सवाल उठाते हुए इसे देश की संप्रभुता और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की साख के लिए नुकसानदायक बताया। उन्होंने बताया कि 16 जून को शाम 6 :30 बजे जिला अस्पताल के सामने स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पार्क में कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय लोग एकत्र होकर मृतक नाविकों को श्रद्धांजलि देंगे और अमेरिकी हमलों के विरोध में कैंडल मार्च निकालेंगे।

# तेज आंधी में टेंपो पर गिरा पेड़ युवती की मौत, एक घायल





जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** बदायूं शहर के गद्दी चौक पर सोमवार शाम आई तेज आंधी और बरसात के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। यहां एक पुराना पाखड़ का पेड़ अचानक सड़क पर चल रहे टेंपो के ऊपर गिर गया। हादसे में टेंपो सवार एक युवती की दबकर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

पेड़ गिरते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई और अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत दौड़कर भारी मशक्कत के बाद टेंपो में फंसी युवती को बाहर निकाला। आनन-फानन में उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक युवती की पहचान 23 वर्षीय शबा अलीम खान पुत्री अहमद अलीम खान, निवासी मोहल्ला जलंधरी सराय के रूप में हुई है। वहीं, इस हादसे में उसहैत के वार्ड नंबर 9 निवासी संतोष पुत्र राजेश गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू कराया और पेड़ को रास्ते से हटवाया। इस घटना से मृतका के परिवार में कोहराम मच गया है।




ग्राम पंचायत भूड़ बिसौली के पंचायत भवन में आयोजित ग्राम सभा की बैठक में आवास प्लस सर्वेक्षण-2024 सूची का अनुमोदन करते अधिकारी एवं ग्रामीण।

## आवास प्लस सर्वेक्षण-2024 सूची का हुआ अनुमोदन, ग्राम सभा की बैठक संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर।** विकास खंड आसफपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत भूड़ बिसौली में सोमवार को जिलाधिकारी बदायूं के निर्देशन में ग्राम सभा की खुली बैठक आयोजित की गई। पंचायत भवन में दोपहर 12 बजे आयोजित बैठक की अध्यक्षता ग्राम सभा प्रशासक श्रीमती अफसाना ने की।

बैठक में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी आवास योजना के तहत तैयार की गई आवास प्लस सर्वेक्षण-2024 की सूची पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके बाद ग्राम सभा के समक्ष सूची प्रस्तुत कर उसका अनुमोदन किया गया। बैठक में ग्रामीणों को सर्वेक्षण प्रक्रिया एवं पात्रता संबंधी जानकारी भी दी गई।

ग्राम सभा प्रशासक श्रीमती अफसाना ने कहा कि पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों को योजना का लाभ दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रामीणों से पारदर्शिता बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की आपत्ति या सुझाव समय रहते प्रस्तुत करने की अपील की। बैठक में ग्राम पंचायत सचिव गजेन्द्र पाल सिंह, सहायक विकास कृषि सोनू कुमार सहित ग्राम पंचायत के कर्मचारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## बिसौली में सब स्टेशन पर मेंटेनेंस निर्बाध बिजली आपूर्ति की तैयारी तेज

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बिसौली।** सोमवार को विद्युत उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय सब स्टेशन पर व्यापक मेंटेनेंस कार्य कराया गया। इस दौरान स्विच यार्ड में साफ-सफाई के साथ पावर उपकरणों की मरम्मत और तकनीकी जांच की गई।

नवागत उपखंड अधिकारी विकास राजपूत ने बताया कि गर्मी के मौसम में बिजली की मांग बढ़ने से तकनीकी खराबियों की आशंका रहती है। इसे देखते हुए सभी फीडरों की गहन जांच कराई जा रही है, ताकि ओवरलोडिंग और फॉल्ट जैसी समस्याओं से बचा जा सके और लाइन ब्रेकडाउन की स्थिति न बने। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों तेज गर्मी, आंधी और बारिश के कारण ट्रिपिंग, तार टूटने और ट्रांसफार्मर खराब होने की घटनाओं से सबक लेते हुए इस बार विशेष सतर्कता बरती जा रही है। मेंटेनेंस कार्य के दौरान जेई दिनेश कुमार, हर्ष सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### गर्मी में बढ़े लोड को देखते हुए फीडरों की जांच, सब स्टेशन पर हुआ मेंटेनेंस

**बिसौली।** क्षेत्र में सुचारू विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के उद्देश्य से सोमवार को सब स्टेशन पर मेंटेनेंस कार्य कराया गया। कार्य के अंतर्गत स्विच यार्ड की साफ-सफाई के साथ विद्युत उपकरणों की मरम्मत की गई। उपखंड अधिकारी विकास राजपूत ने बताया कि बढ़ती गर्मी के कारण बिजली की खपत में इजाफा होता है, जिससे ओवरलोडिंग और फॉल्ट की समस्या बढ़ सकती है। इसे ध्यान में रखते हुए फीडरों की नियमित जांच की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या से पहले ही निपटा जा सके। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में आंधी-बारिश के चलते तार टूटने और ट्रांसफार्मर खराब होने की घटनाएं सामने आई थीं, जिनसे सीख लेकर इस बार विभाग पूरी तरह सतर्क है। इस मौके पर जेई दिनेश कुमार, हर्ष समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## कल नजर आएगा मुहर्रम का चांद 1448 हिजरी का होगा आगाज़

जागरण मोर्चा कार्यालय


**बरेली।** इस्लामी कैलेंडर के पहले महीने मुहर्रम का चांद मंगलवार शाम को देखा जाएगा। चांद के दीदार के साथ 17 या 18 जून से नए इस्लामी वर्ष 1448 हिजरी की शुरुआत होगी। यौमे आशूरा (10 मुहर्रम) 26 या 27 जून को मनाया जाएगा। मुहर्रम का महीना इस्लामी इतिहास में कुर्बानी, सब्र, सच्चाई और इंसाफ की मिसाल माना जाता है।

दरगाह आला हज़रत के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि मुहर्रम इस्लामी कैलेंडर का पहला महीना है। माहे मुहर्रम का चांद 16 जून की शाम को देखा जाएगा। चांद नजर आने के बाद 1448 हिजरी का आगाज़ होगा। उन्होंने बताया कि इसी हिसाब से यौमे आशूरा 26 या 27 जून को पड़ेगा। दरगाह आला हज़रत के सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रज़ा कादरी (अहसन मियां) ने कहा कि मुहर्रम मुसलमानों को सब्र, हक्कानियत और इंसानियत की सीख देता है। उन्होंने कहा कि हक के रास्ते पर चलते हुए चाहे कितनी भी मुश्किलें आएं, इंसान को सब्र का दामन नहीं छोड़ना चाहिए। अमन, मोहब्बत और इंसानियत ही हुसैनियत की असली पहचान है।

अहसन मियां ने कहा कि सन 680 ईस्वी में हज़रत इमाम हुसैन और उनके साथियों ने जालिम हुकूमत के सामने सिर झुकाने के बजाय शहादत को चुना और इस्लाम की बुनियादी शिक्षाओं की रक्षा की। कर्बला का मैदान आज भी बुराई और अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करने का संदेश देता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि मुहर्रम के दौरान नमाज की पाबंदी करें, कुरान की तिलावत करें, रोजे रखें और शहीद-ए-कर्बला को खिराज-ए-अकीदत पेश करें।

## चौकी से 150 मीटर दूर हनुमान मंदिर में फिर चोरी, पुलिस पर उठे सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**आसफपुर।** पुलिस चौकी आसफपुर से महज 150 मीटर की दूरी पर स्थित हनुमान मंदिर एक बार फिर चोरों के निशाने पर आ गया। अज्ञात चोर मंदिर परिसर में लगे घंटे चोरी कर ले गए। उल्लेखनीय है कि इसी मंदिर में अप्रैल माह में भी चोरी की वारदात हुई थी, जिसका अब तक खुलासा नहीं हो सका है। लगातार दूसरी घटना के बाद क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होने लगे हैं।

मंदिर प्रबंधन के अनुसार, चोर रात के अंधेरे में मंदिर में घुसे और घंटे चुराकर फरार हो गए। सुबह जब श्रद्धालु पूजा के लिए पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई। सूचना मिलते ही क्षेत्र में चर्चा का माहौल बन गया और लोगों ने पुलिस से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अप्रैल 2026 में भी इसी मंदिर को चोरों ने निशाना बनाया था, लेकिन करीब दो माह बीतने के बाद भी पुलिस न तो चोरों की पहचान कर सकी और न ही चोरी गया सामान बरामद हुआ। लोगों का आरोप है कि पहली घटना में कार्रवाई न होने के कारण ही चोरों ने दोबारा उसी मंदिर को निशाना बनाने का दुस्साहस किया।

क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि आसफपुर और आसपास के मंदिरों में पूर्व में भी दानपात्र, घंटे और अन्य धार्मिक सामान चोरी होने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन किसी भी मामले का संतोषजनक खुलासा नहीं हुआ। इससे लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है।

लोगों का कहना है कि जब चौकी के पास स्थित मंदिर ही सुरक्षित नहीं है, तो दूरदराज के धार्मिक स्थलों की सुरक्षा पर सवाल उठना स्वाभाविक है। आशंका जताई जा रही है कि मंदिरों को निशाना बनाने वाला कोई सक्रिय गिरोह क्षेत्र में काम कर रहा है।

हनुमान मंदिर में दूसरी बार हुई चोरी पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। अब देखना होगा कि इस बार पुलिस चोरों तक पहुंच पाती है या यह मामला भी पुराने मामलों की तरह अधूरा रह जाएगा।

## पूर्व सैनिक ने उपजिलाधिकारी एवं नायब तहसीलदार की भूमिका की जांच की उठाई मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फैजगंज बेहटा (बदायूं)।** नगर पंचायत फैजगंज बेहटा के निवासी एवं पूर्व सैनिक प्रदीप कुमार ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी बदायूं तथा मंडलायुक्त बरेली को प्रार्थना-पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि अवैध निर्माणों के विरुद्ध की गई जांच में चिन्हित सभी मामलों पर समान कार्रवाई नहीं की गई।

शिकायत में पूर्व सैनिक का कहना है कि उनकी लगभग 40 वर्ष पुरानी दुकान पर कार्रवाई कर उसे नगर पंचायत के हवाले कर दिया गया, जबकि जांच में शामिल अन्य निर्माणों पर समान कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया है कि इस मामले में पक्षपात बरता गया। प्रार्थना-पत्र में पूर्व सैनिक ने यह भी आरोप लगाया है कि नायब तहसीलदार अनेकराज तथा अन्य संबंधित अधिकारियों की भूमिका की निष्पक्ष एवं गोपनीय जांच कराई जाए। शिकायतकर्ता ने दावा किया है कि उन्हें आशंका है कि कुछ मामलों में कथित लेन-देन के कारण कार्रवाई प्रभावित हुई है। उन्होंने इन आरोपों की स्वतंत्र जांच कराने की मांग की है। पूर्व सैनिक ने प्रधानमंत्री कार्यालय, मुख्यमंत्री कार्यालय, जिलाधिकारी बदायूं तथा मंडलायुक्त बरेली को भेजी गई शिकायत में पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच, दोषी पाए जाने पर कार्रवाई तथा सभी अवैध निर्माणों पर बिना भेदभाव समान कार्रवाई की मांग की है।

तहसीलदार सुरेंद्र कुमार से जब पूछा गया कि पूर्व सैनिक के खिलाफ दो दिन कार्यवाही अमल लाई गई थी तो प्रशांत गुप्ता ओर अनमोल गुप्ता पर अभी तक कार्यवाही क्यों नहीं की गई ओर पूछा गया कि पूर्व सैनिक ने नायब तहसीलदार ओर भू माफिया के बीच साठगांठ होने की बात की है तहसीलदार सुरेंद्र कुमार ने बताया अगर ऐसा हुआ है तो जांच की जाएगी

**अनियमितता** 17 किमी लंबी अंडरग्राउंड लाइन में फॉल्ट, बिजली विभाग ने गुणवत्ता पर उठाए सवाल

## 12 करोड़ की 11 केवी यूजी लाइन बनी मुसीबत, घटिया केबल बॉक्स से बार-बार ब्रेकडाउन

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** रामगंगा नगर से हरुनगला तक करीब 12 करोड़ रुपये की लागत से डाली गई 17 किलोमीटर लंबी 11 केवी अंडरग्राउंड बिजली लाइन भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण का शिकार होती नजर आ रही है। खराब गुणवत्ता के केबल बॉक्स लगाए जाने के कारण आए दिन फीडर ब्रेकडाउन हो रहा है, जिससे उपभोक्ताओं को घंटों बिजली कटौती झेलनी पड़ रही है।

बताया गया है कि यह अंडरग्राउंड केबल हाल ही में बरेली विकास प्राधिकरण द्वारा रामगंगा नगर और आसपास के इलाकों में डलवाई गई थी। लेकिन केबल में लगाए गए बॉक्स मानक के अनुरूप न होने के कारण बार-बार फुंक रहे हैं। 11 केवी और एलटी वर्टिकल के सहायक अभियंता ने अधिशासी अभियंता को पत्र लिखकर केबल बॉक्स डैमेज होने की जानकारी दी है।

रामगंगा नगर फीडर हरुनगला सब स्टेशन से जुड़ा है। लोड सामान्य होने के बावजूद फीडर लगातार फॉल्ट कर रहा है। लाइन लंबी होने के कारण फॉल्ट तलाशने और ठीक करने में कर्मचारियों का काफी समय लग रहा है, जिससे शहर के अन्य इलाकों की बिजली व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि कई स्थानों पर अस्थायी तरीके से केबल जोड़कर सप्लाई चालू की गई है, जिससे कभी भी बड़ा ब्रेकडाउन हो सकता है। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि तकनीकी खामियों की जानकारी बीडीए सचिव को दे दी गई है और संबंधित एजेंसी को व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

## अब जीईएम पोर्टल पर होगी ई-नीलामी, सब्जी मंडी और पार्किंग के ठेकों में आएगी पूरी पारदर्शिता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** नगर निगम ने सब्जी मंडी और पार्किंग ठेकों के आवंटन में पारदर्शिता लाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। अब तक मैन्युअल तरीके से होने वाली नीलामी प्रक्रिया को समाप्त कर पहली बार जीईएम (गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस) पोर्टल के माध्यम से ई-नीलामी कराई जाएगी। निगम प्रशासन का मानना है कि इस व्यवस्था से ठेकों के आवंटन में पारदर्शिता बढ़ेगी और प्रतिस्पर्धी बोली के जरिए राजस्व में भी वृद्धि होगी।

नगर निगम के सब्जी मंडी और पार्किंग ठेकों की नीलामी अब पूरी तरह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर होगी। इसके लिए इच्छुक व्यक्ति, फर्म या संस्थाओं को जीईएम पोर्टल पर पंजीकरण कर निर्धारित प्रक्रिया पूरी करनी होगी। अधिकारियों का कहना है कि ऑनलाइन नीलामी से मानवीय हस्तक्षेप कम होगा और प्रक्रिया अधिक निष्पक्ष बनेगी।

अधिशासी अभियंता राजीव कुमार राठी ने बताया कि नीलामी में भाग लेने वाले आवेदकों को पैन कार्ड, आधार कार्ड की छायाप्रति, जिलाधिकारी द्वारा जारी चरित्र प्रमाण-पत्र, नगर निगम के राजस्व विभाग से जारी अदेयता प्रमाण-पत्र तथा जमानत राशि एफडीआर के रूप में नगर निगम के पक्ष में जमा करनी होगी। सभी दस्तावेज जीईएम पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे और सत्यापन के बाद ही आवेदक बोली प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार स्वीकृत ठेके की अवधि अनुमोदन की तिथि से एक वर्ष निर्धारित की गई है। ठेका धारकों को स्वीकृत राशि के अतिरिक्त 18 प्रतिशत जीएसटी भी अलग से जमा करना होगा। इसके लिए सभी शर्तें निविदा दस्तावेजों में स्पष्ट रूप से दर्ज की जाएंगी।

### इरंकुंडा ऑस्ट्रेलिया के सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर बने

# ऑस्ट्रेलिया ने तुर्किए को 2-0 से हराकर किया उलटफेर

**वैंकूवर**

नेस्टोरी इरंकुंडा और कॉनर मेटकाफ के गोल की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने 2-0 से जीत दर्ज करके तुर्किए की 24 साल बाद विश्व कप फुटबॉल में वापसी के जश्न में रंग में भंग डाल दिया। इस मैच को देखने के लिए फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो भी स्टेडियम में पहुंचे थे। ऑस्ट्रेलिया की जीत का श्रेय उसके गोलकीपर पैट्रिक बीच को भी जाता है जिन्होंने ग्रुप डी के इस मैच में आठ शानदार बचाव किए।

ऑस्ट्रेलिया लगातार छठी बार और कुल मिलाकर सातवीं बार विश्व कप में खेल रहा था। तुर्किए 2002 में विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा था। उसने इस साल प्लेऑफ में कोसोवो को हराकर क्वालीफाई किया। इरंकुंडा ने तीन डिफेंडरों से घिरे होने के बावजूद 27वें मिनट में निचले शॉट से गोल करके ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिला दी। इरंकुंडा ने ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल के दिग्गज टिम कहिल के इस खेल में योगदान को याद करने के लिए कॉर्नर फ्लैग पर मुक्का मारकर जश्न मनाया।




वाटफोर्ड के लिए खेलने वाले 20 वर्षीय इरंकुंडा ऑस्ट्रेलिया की तरफ से विश्व कप में सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर बन गए हैं। इसके कुछ मिनट बाद बीच ने अब्दुलकरीम बरदाकसी के जोरदार शॉट को रोककर शानदार बचाव किया। ऑस्ट्रेलिया के कोच टोनी पोपोविच ने अनुभवी गोलकीपर मैथ्यू रयान की जगह बीच को शुरुआती एकादश में रखने का चौंकाने वाला फैसला किया जो सही साबित हुआ। तुर्किए को 57वें मिनट में फ्री किक मिली, लेकिन बीच ने बड़ी खूबसूरती से अर्दा गुलेर के शॉट को बचा दिया।



## ब्राजील को मोरक्को ने ड्रॉ पर रोका

5 बार की चैंपियन ब्राजील ने फीफा विश्व कप 2026 में अपना पहला मैच ड्रॉ खेला है। ग्रुप सी में ब्राजील का सामना मोरक्को से हुआ। यह रोमांचक मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा। दोनों ही टीमों ने मुकाबले में शानदार खेल दिखाया और अंत तक जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। ब्राजील के स्टार खिलाड़ी नेमार जूनियर पूरी तरह फिट नहीं होने की वजह से इस मैच में नहीं खेले। दोनों टीमों को ड्रॉ की वजह से एक-एक पॉइंट मिला है। मैच जीतने वाली टीम को तीन पॉइंट मिलते हैं।मैच के 21वें मिनट में मोरक्को के हाथ पहली सफलता लगी। ब्राहिम डियाज के शानदार थ्रू बॉल ने ब्राजील के डिफेंस को भेदने में अहम भूमिका निभाई। मैच के 32वें मिनट में ब्राजील ने स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया। ब्रूनो गिमारेस के बेहतरीन पास पर ब्राजील के स्टार खिलाड़ी विनीसियस जूनियर ने अपनी स्किल का शानदार इस्तेमाल करते हुए गोल किया।




# टी20 वर्ल्ड कप में दीप्ति के पंजे और मंधाना की फिफ्टी से भारत ने पाकिस्तान को 64 रन से रौंदा

### 106 रनों पर ऑलआउट हुई पाकिस्तानी टीम, भारत ने किया विजयी आगाज

**बर्मिंगम**

आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 के ग्रुप-ए मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 64 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की। महिला टी20 विश्व कप में इस तरह से भारत की बेटियों ने एक और मिशन का सफलता से अंजाम दिया और पाकिस्तान को उसकी औकात दिखा दी।

पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 170 रन बनाए थे, जिसके जवाब में पाकिस्तान की पूरी टीम 17 ओवर में 106 रन पर सिमट गई। 171 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत सकारात्मक रही। विकेटकीपर बल्लेबाज मुनीबा अली ने जिम्मेदारी भरी पारी खेलते हुए 35 गेंदों में 41 रन बनाए, जिसमें पांच चौके शामिल थे। उन्होंने गुल फिरोजा (12) के साथ पहले विकेट के लिए 38 रन जोड़कर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। दीप्ति शर्मा ने अपनी शानदार स्पिन गेंदबाजी से पाकिस्तान की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। उन्होंने चार ओवर में सिर्फ 10 रन देकर 5 विकेट झटके और मैच की सबसे सफल गेंदबाज रहीं। दीप्ति ने गुल फिरोजा, आयशा जफर, आलिया रियाज, नशरा संधू और तस्मिया रुबाब को आउट कर पाकिस्तान की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। युवा स्पिनर श्री चरणी ने चार ओवर में 21 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना की शानदार अर्धशतकीय पारी सबसे बड़ी आकर्षण रही। मंधाना ने 44 गेंदों पर 68 रन बनाए, जिसमें 9 चौके और 2 छक्के शामिल रहे।



**दीप्ति शर्मा**

| ओवर | रन | विकेट |
|---|---|---|
| 04 | 10 | 05 |

### हरमनप्रीत कौर ने बनाया बड़ा रिकॉर्ड

इस मुकाबले में कप्तान हरमनप्रीत कौर ने महिला टी20 विश्व कप इतिहास में भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज बनने का गौरव हासिल किया। हरमनप्रीत ने 36 रन की पारी के दौरान अपना कुल रन आंकड़ा 762 तक पहुंचाया और पूर्व कप्तान मिताली राज (726 रन) को पीछे छोड़ दिया। भारतीय खिलाड़ियों में टी20 विश्व कप इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की सूची में अब हरमनप्रीत पहले, मिताली दूसरे और स्मृति मंधाना तीसरे स्थान पर हैं। हरमनप्रीत कौर ने साल 2009 से लेकर अब तक महिला टी20 वर्ल्ड कप के सभी 10 सीजन में भाग लिया है।

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| हरमनप्रीत कौर | 762 रन |
| मिताली राज | 726 रन |
| स्मृति मंधाना | 592 रन |

# फीफा वर्ल्ड कप के दौरान 15 करोड़ जर्सी बिकने का अनुमान

**नई दिल्ली**

फीफा वर्ल्ड कप 2026 का आगाज रोमांचक तरीके से हो चुका है। मैदान में खिलाड़ियों के पैरों से निकल रही गेंद गोलपोस्ट में जब जा रही है, तो स्टैंड्स में बैठे फैंस का शोर पूरे स्टेडिम में गूंज रहा हैं, लेकिन इस विश्व कप की एक और कहानी है, जो मैदान से बाहर लिखी जा रही है।

ये कहानी है फुटबॉल प्लेयर्स की जर्सियों की, जिनके जरिए फैंस अपने पसंदीदा टीम को दुनिया के सामने सपोर्ट करत नजर आते हैं। फुटबॉल की जर्सी, सिर्फ टीम या खेल तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि नए स्तर पर पहुंच गई है, जहां पहचान, फैशन और भावनाओं का ये प्रतीक बन चुकी है। यह ही वजह से फीफा विश्व कप के साथ जर्सी कारोबार भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच जाता है।इंटरनेशनल रिसर्च एजेंसियों वेरिफाइड मार्केट



रिपोर्ट्स और बिजनेस रिसर्च के मुताबिक, 2026 में फुटबॉल जर्सी का कारोबार करीब 82 हजार 600 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। खेलों की दुनिया में ये किसी एक स्पोर्ट्सवियर कैटेगरी के लिए सबसे बड़ा बाजार माना जा रहा है। फीफा के आंकड़े बताते हैं कि फुटबॉल जर्सियां जो हमेशा बिकती हैं उनका करीब 55 प्रतिशत हिस्सा केवल विश्व कप के समय में बिकता है।

### तीन कंपनियों ने बनाई है 37 टीमों की जर्सियां

फीफा वर्ल्ड कप सिर्फ टीमों के बीच मुकाबला नहीं है। मैदान के बाहर खेल जर्सियां बनाने वाली कंपनियों के बीच भी बड़ी जंग चल रही है। टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली 48 टीमों में से 37 की आधिकारिक जर्सियां नाइकी, एडिडास और प्यूमा ने तैयार की हैं। यानी लगभग 77 प्रतिशत टीमें इन्हीं तीन ब्रांड्स की किट पहनकर मैदान में उतर रही हैं। जर्सियों और बाकी मर्चेंडाइज की बिक्री से इन कंपनियों को अरबों डॉलर की कमाई की उम्मीद है। जर्सियों को लेकर दुनिया की तीन बड़ी स्पोर्ट्सवियर कंपनियों की बात करें तो नाइकी, एडिडास, प्यूमा के बीच जंग जारी है।

### 5.5 करोड़ जर्सियां हो सकती हैं नकली

बता दें कि फुटबॉल मर्चेंडाइज का सबसे बड़ा बाजार अभी यूरोप और उत्तरी अमेरिका हैं, लेकिन सबसे तेज रफ्तार एशिया में दिखाई दे रही है। भारत में डिजिटल स्ट्रीमिंग और क्लब फुटबॉल की बढ़ती लोकप्रियता ने मेसी, रोनाल्डो, एमबापे जैसे खिलाड़ियों की जर्सियों को काफी लोकप्रिय बना दिया है। कुछ एक्सपर्ट्स का मानना है कि वर्ल्ड कप के दौरान बिकने वाली हर तीसरी जर्सी में से एक नकली हो सकती है। कुल 13 से 15 करोड़ जर्सियों की संभावित बिक्री मेंल गभग 5 से 5.5 करोड़ जर्सियां फर्जी हो सकती हैं। इसकी बड़ी वजह आधिकारिक जर्सियों की ऊंची कीमते हैं, जबकि नकली जर्सियां लोकल बाजारों या ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बेहद सस्ते दामों पर मिल जाती हैं।

# रॉयल निमाड़ ईगल्स ने दर्ज की धमाकेदार जीत




**इंदौर**

मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग (एमपीएल) 2026 में रॉयल निमाड़ ईगल्स ने शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी के दम पर उज्जैन फाल्कन्स को 27 रन से पराजित किया । रॉयल निमाड़ ईगल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 252 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में उज्जैन फाल्कन्स की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 225 रन ही बना सकी।

**संक्षिप्त स्कोर**

रॉयल निमाड़ ईगल्स
**252/3 (20 ओवर)**
उज्जैन फाल्कन्स
**225/8 (20 ओवर)**

### चंबल घड़ियाल्स की जीत का सिलसिला बरकरार

एमपीएल टी-20 सिंधिया कप 2026 में चंबल घड़ियाल्स ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए डेली कॉलेज में इंदौर पिंक पैंथर्स को चार विकेट से हराकर टूर्नामेंट में अपना अजेय अभियान बरकरार रखा। यह उनकी लगातार छठी जीत रही और टीम ने 100 प्रतिशत जीत का रिकॉर्ड कायम रखा। चंबल घड़ियाल्स के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन करते हुए इंदौर पिंक पैंथर्स को 20 ओवर में 120 रन पर समेट दिया।

### दानिश ने क्लासिक इंटरनेशनल चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

**भोपाल।** बॉडीबिल्डर दानिश खान ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित शेरू क्लासिक चैंपियनशिप 2026 में क्लासिक फिजीक कैटेगरी में कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। आईएफबीबी प्रोफेशनल लीग को दुनिया का सबसे प्रतिष्ठित प्रोफेशनल बॉडीबिल्डिंग मंच माना जाता है, जिसके अंतर्गत मिस्टर ओलंपिया जैसे विश्व के सबसे बड़े बॉडीबिल्डिंग मुकाबले आयोजित किए जाते हैं। दुनिया भर के खिलाड़ी इसी मंच पर प्रो कार्ड हासिल करने का सपना देखते हैं। दानिश खान वर्ष 2023 में टॉप-10 में रहे, 2024 में टॉप-5 तक पहुंचे, 2025 में चौथा स्थान प्राप्त किया और अब 2026 में कांस्य पदक जीतकर विजेताओं के मंच तक पहुंच गए हैं। दानिश की इस उपलब्धि के पीछे वर्षों का त्याग, अनुशासन और कठोर मेहनत छिपी हुई है।

### सीनियर एक्वाटिक चैंपियनशिप के लिए मध्यप्रदेश की टीम हुई घोषित

**भोपाल।** एक्वाटिक कॉम्प्लेक्स, वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, अहमदाबाद (गुजरात) में 16 से 21 जून तक आयोजित होने वाली 79वीं सीनियर नेशनल एक्वाटिक चैंपियनशिप में 12 सदस्यीय मप्र टीम भाग लेगी। मप्र स्विमिंग एसोसिएशन के महासचिव जय कुमार वर्मा ने टीम की घोषणा की। जय कुमार वर्मा ने बताया कि मप्र टीम में कुल 12 खिलाडी हैं। जिसमें 7 पुरुष और 5 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। टीम के कोच और मैनेजर आकाश होंगे। मप्र स्विमिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष पियूष शर्मा, कोषाध्यक्ष योगेंद्र सिंह राठौर व भोपाल स्विमिंग एसोसिएशन के सचिव रामकुमार खिलरानी ने टीम को नेशनल चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## श्रीलंका ने वेस्टइंडीज को उसके घर पर धोया

**नई दिल्ली**



श्रीलंकाई टीम ने दूसरे टी20आई मैच में शानदार वापसी करते हुए वेस्टइंडीज को 37 रनों से मात दी। इस मैच में जीत के साथ तीन मैचों की टी20 सीरीज 1-1 की बराबरी पर पहुंच गई है। दूसरे टी20 मैच में श्रीलंका की जीत के हीरो दासुन शनाका रहे, जिन्होंने 58 रन बनाए और 5वें विकेट के लिए कामिल के साथ मिलकर 103 रन की साझेदारी की। इस तरह वेस्टइंडीज को 195 रन का लक्ष्य मिला, जिसका पीछा करने में वह 20 ओवर भी पूरे नहीं खेल पाई।

# कॉनली के शतक से जीता ऑस्ट्रेलिया

### कंगारुओं ने बांग्लादेश को आखिरी ओवर में दी मात

**मीरपुर**

ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज खेली जा रही थी। आज यानि 14 जून को तीसरा मुकाबला मीरपुर में खेला गया। जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने बाजी मारी है। पहले 2 मैच हारने के बाद कंगारू अपनी लाज बचाने के लिए मैदान पर उतरे थे। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 275 रन का लक्ष्य निर्धारित किया था। कूपर कॉनली की शतकीय पारी के दमपर मेहमानों ने 1 विकेट शेष रहते आखिरी ओवर में जीत अपने नाम कर ली है। हालांकि 2-1 से सीरीज बांग्लादेश के पक्ष में खत्म हुई है। ऑस्ट्रेलिया को वनडे सीरीज में एक जीत



दर्ज करने के लिए एडी चोटी को जोर लगाना पड़ा है। कूपर कॉनली की 149 रन की पारी के बावजूद कंगारूयों को आखिरी ओवर में जीत नसीब हुई।













जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।